■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 307
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
11 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1919 : अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना की गई।
1924 : पहली मैन्स कॉलेज स्विमिंग चैंपियनशिप शुरू हुई।
1930 : ऋषिकेश में स्टील के तारों से बना लक्ष्मण झूला जनता के लिये खोला गया।
1968 : अमेरिका के राष्ट्रपति जॉनसन ने सिविल राइट एक्ट पर साइन किए।
1977 : प्रसिद्द साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु का निधन हुआ था।

अपने मिशन में सफल होने के लिए आपको अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए।

सीएम नीतीश ने दीघा से दीदारगंज जेपी गंगा पथ का किया लोकार्पण

परियोजना निर्माण पर 3831 करोड़ रुपये की आयी लागत | 20.5 किमी की दूरी अब 20 मिनट में होगी तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को पटना में गंगा नदी के किनारे जेपी गंगा पथ पर कंगन घाट से लेकर दीदारगंज तक एलिवेटेड रोड का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दीघा से दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ पर करीब 20 किलोमीटर का सफर 20 मिनट में बड़ी ही आसानी से तय किया जा सकता है। अभी बाईपास होकर दीघा से दीदारगंज जाने में दो घंटे से अधिक समय लगता है। इस परियोजना का निर्माण करीब 3831 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। पटना शहर के दो महत्वपूर्ण छोरों को जोड़ने वाली इस अतिमहत्वपूर्ण सड़क की लंबाई 20.5 किलोमीटर है। दीघा से दीदारगंज तक बने इस गंगा पथ को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जाता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर का शिलान्यास 11 अक्टूबर 2013 को किया था। इस पथ के पांचवें चरण के उद्घाटन को काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मरीन ड्राइव के इस फेज का उद्घाटन कर पटनावासियों को बड़ी सौगात दी है। इस पथ के बनने से दीदारगंज से पीएमसीएच और एम्स तक एंबुलेंस अब बिना ट्रैफिक जाम सीधे पहुंच सकेगी। वहीं गायघाट-बाइपास-जीरो माइल मार्ग पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था सुगम होगी और समय की बचत होगी। गंगा पथ के बन जाने के बाद से अटल पथ, एलसीटी घाट, गांधी मैदान, पीएमसीएच, पटना विश्वविद्यालय, एनआईटी, गायघाट, कंगन घाट, कृष्णा घाट और पटना-बख्तियारपुर फोरलेन बाइपास पहुंचाना आसान हो जाएगा। खास बात यह है कि जेपी गंगा पथ का अभी पूर्व और पश्चिम दिशा में और विस्तार होना है। उल्लेखनीय है कि जेपी गंगा पथ पर बड़े व्यावसायिक वाहनों के परिचालन की अनुमति नहीं होगी। इस पर सिर्फ छोटे वाहन ही चलेंगे। इससे जाम से निजात मिलेगी।

आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, मंदिर पर पेड़ गिरने से सात लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार में बारिश और आंधी-तूफान के कारण भारी तबाही मची है। इस बीच नालंदा में दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां विशाल पीपल का पेड़ उखड़कर देवी स्थान (मंदिर) पर गिर गया। जिससे मंदिर में छिपे 12 से 15 लोग दब गए। अब तक 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं अन्य दबे लोगों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से निकालने का प्रयास जारी है।

मंदिर पर गिरा पीपल का पेड़ :

मामला जिले के सदर प्रखंड के मानपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव का है। जहां बारिश और तूफान से बचने के लिए 12-15 लोग गांव में स्थित देवी स्थान (मंदिर) में शरण लिए हुए थे। इसी बीच तेज आंधी-तूफान के कारण पीपल का पेड़ उखड़कर उस मंदिर पर गिर पड़ा। जिस वजह से सभी लोग उसकी चपेट में आ गए। अब तक 7 लोगों के शवों को बाहर निकाला जा चुका है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और वरीय अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। इस घटना में कई मवेशियों के भी मरने की खबर है। फिलहाल स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी को निकालने की कोशिश जारी है। बिहारशरीफ एसडीओ नितिन वैभव काजले ने सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। नितिन वैभव काजले, बिहारशरीफ एसडीओ, सदर ''नगवां गांव में आंधी-तूफान के कारण एक विशाल पेड़ देवी स्थान मंदिर पर गिर गया। जहां कुछ लोग बारिश से बचने के लिए छिपे हुए थे। इस घटना में सात लोगों की मौत हुई है। कई लोग घायल हुए हैं। सभी को बाहर निकालने की प्रक्रिया चल रही है।''

- **आंधी-तूफान के कारण पीपल का पेड़ उखड़कर मंदिर पर जा गिरा**
- **12 से 15 लोगों के दबने की खबर**

संक्षिप्त समाचार

गड्ढे से मिला एक साथ दो युवकों का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। जिले के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में एक गड्ढे से दो युवकों का शव बरामद किया गया है। सड़क निर्माण के लिए बनाए गए गड्ढे से दोनों युवकों का शव बरामद किया गया है। मामला हत्या का है या हादसे का, फिलहाल अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों ही बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मामला संदेहास्पद मौत का इसलिए भी है क्योंकि मौके से एक हथियार भी बरामद किया गया है। दोनों मृतक झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले हैं। पुलिस को सूचना मिली कि सड़क निर्माण के लिए बनाए गए एक गड्ढे में बाइक सहित दो युवक मृत पड़े हुए हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों को गड्ढे से बाहर निकाला गया। इसी दौरान एक मृतक के पास से एक रिवॉल्वर बरामद किया गया।

विमान लैंडिंग के बाद पायलट की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होनी शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान (28 वर्ष) है।

दामाद ने की ससुर की हत्या

मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)। मुजफ्फरपुर में दामाद ने लोहे की रॉड से मारकर ससुर की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित दामाद मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया है। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के गिजास की है। मृतक की पहचान रामचंद्र सहनी उर्फ डोमन सहनी (70) के रूप में की गई है। आरोपित दामाद मुजफ्फरपुर शहर के अहियापुर थाना क्षेत्र के दादर का रहने वाला अजय कुमार सहनी है। परिजनों का कहना है कि मृतक रामचंद्र सहनी उर्फ डोमन सहनी की बेटी दिल्ली में रहती है और वह अपने पति अजय कुमार सहनी के साथ नहीं रहती है। इसी बात को लेकर आरोपित दामाद अपने ससुर से नाराज रहता था। इस बात को पूर्व में कई बार ससुर दामाद की बीच विवाद हो चुका है। आज सुबह में वह अपने ससुराल पहुंचा तो फिर ससुर से उसकी कहासुनी होने लगी थी।

भारत लाया गया आतंकी तहव्वुर राणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत पहुंचने के बाद पहली तस्वीर सामने आई है, जिसमें नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के अधिकारी उसे पकड़े नजर आ रहे हैं। राणा को शाम करीब 6:30 बजे अमेरिकी गल्फस्ट्रीम विमान से भारत लाया गया। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से उसे सीधे एनआइए हेडक्वार्टर ले जाया गया। राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआइए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक जॉइंट टीम राणा को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

दक्षिण बिहार में खुलेगा एक और होम्योपैथिक कॉलेज एवं अस्पताल : मंगल पांडेय

विश्व होम्योपैथिक दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने की घोषणा | यूनानी चिकित्सा पद्धति को भी सशक्त करने की योजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य आयुष समिति के तत्वावधान में गुरुवार को विश्व होम्योपैथी दिवस 2025 के अवसर पर पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में डॉ. सैमुअल हैनीमैन जयंती समारोह सह वैज्ञानिक सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि उत्तर बिहार की तरह दक्षिण बिहार में भी एक होम्योपैथिक कॉलेज एवं अस्पताल राज्य सरकार इसी वित्तीय वर्ष में बनाने जा रही है। इस हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति को बढावा देने की दिशा में सूबे की सरकार 64 वर्षों के बाद एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाने जा रही है। मंगल पाण्डेय ने कहा कि बिहार सरकार नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रही है। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए एलोपैथी, होम्योपैथी, यूनानी और आयुर्वेद जैसी विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन सभी पद्धतियों के समन्वय से राज्य की जनता को बेहतर एवं सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह चिकित्सा पद्धति न केवल किफायती और सुलभ है, बल्कि इसके प्रभावी परिणाम भी लोगों के जीवन को बेहतर बना रहे हैं। उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे इस पद्धति को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करें और प्रयास करें। श्री पांडेय ने मुजफ्फरपुर में 121 करोड़ की लागत से बनाए गए 200 बेड के होम्योपैथी अस्पताल का जल्द ही उद्घाटन करने की घोषणा करते हुए कहा कि कॉलेज का भी निर्माण अतिशीघ्र कर लिया जाएगा। राज्य में 28 राजकीय होमियोपैथिक औषधालय तथा 38 जिला में जिला संयुक्त औषधालय में एक-एक होमियोपैथिक ईकाई तथा पटना के कदमकुआं स्थित 10 बेड वाले होमियोपैथिक अस्पताल मौजूद हैं। जिसमें रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा तथा होमियोपैथिक दवाएं मिल रही है। राज्य में विगत वर्ष 2901 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है, जिसमें से 951 होम्योपैथिक चिकित्सको का चयन किया गया है। राज्य में 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं। जिसमें से 86 होमियोपैथी प्रक्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इस अवसर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्री पांडेय ने होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन के अलावे बाबू राजेंद्र लाल दत्त एवं बिहार के डॉ. बी. भट्टाचार्य को भी याद किया। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव सह विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने कहा कि कोविड-19 के समय पूरे आयुष पद्धति का अहम योगदान रहा। इस कार्यक्रम के दौरान आयुष प्रक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 होम्योपैथी चिकित्सा पदाधिकारियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, मनोज कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, डॉ आदित्य प्रकाश, अपर सचिव सह कार्यपालक निदेशक, राज्य आयुष समिति, बिहार, सहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, गुंजन सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, सुरेंद राय, महानिदेशक, आयुष, बिहार के साथ स्वास्थ्य विभाग और राज्य आयुष समिति के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

- **मुजफ्फरपुर में 121 करोड़ की लागत से बनाए गए 200 बेड के होम्योपैथी अस्पताल का जल्द होगा उद्घाटन**

सबसे लंबे समय तक झारखंड के सीएम बने रहने वाले नेता बने हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। झारखंड में बतौर मुख्यमंत्री चार बार सत्ता की बागडोर संभाल चुके हेमंत सोरेन अब राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने वाले नेता बन गए हैं। 10 अगस्त 1975 को जन्मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीति विरासत में मिली है। बेहद मृदुभाषी स्वभाव के कारण सबका दिल जीतने वाले हेमंत सोरेन राज्यसभा सदस्य भी रहे, अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में बनी सरकार में उपमुख्यमंत्री की भूमिका भी निभाई और फिर कुल चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर राज्य की सत्ता की बागडोर संभाली। 2019 में रघुवर दास के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को हराकर वे महागठबंधन के निर्विवाद नेता के रूप में उभरे और फिर 2024 में ईडी की कार्रवाई के दौरान भाजपा के खिलाफ जमकर लड़े, जेल गए, जमानत पर बाहर आए और फिर से मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली और विधानसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को फिर से हराकर उन्होंने खुद को अजेय नेता के रूप में स्थापित किया। फिलहाल हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री के तौर पर यह चौथा कार्यकाल है और वे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज रहने वाले नेता बन गए हैं। हेमंत सोरेन पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस और राजद के समर्थन से झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे, उनका पहला कार्यकाल 28 दिसंबर 2014 तक चला था। चुनाव हारने के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने भारी जीत दर्ज की और दूसरी बार हेमंत सोरेन ने 29 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनका कार्यकाल 31 जनवरी 2024 तक रहा क्योंकि ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। करीब 06 महीने जेल में रहने के बाद जब हेमंत सोरेन झारखंड हाईकोर्ट से जमानत पाकर दोबारा जेल से बाहर आए तो उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से इस्तीफा दिलवाकर 04 जुलाई को फिर से मुख्यमंत्री पद की कमान संभाल ली। 04 जुलाई 2024 से 28 नवंबर 2024 तक हेमंत सोरेन ने 147 दिनों का कार्यकाल पूरा किया। विधानसभा चुनाव 2024 में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा- कांग्रेस- राजद और भाकपा-माले के महागठबंधन जिसे इंडिया ब्लॉक नाम दिया गया था, को भारी जीत मिली जिसके बाद 28 नवंबर 2024 को हेमंत सोरेन ने चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनका यह कार्यकाल अभी भी जारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड में अब तक किसी का कार्यकाल याद रखने लायक नहीं है। उन्होंने अर्जुन मुंडा का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा के एक नेता भी तीन बार मुख्यमंत्री बने, लेकिन उनका कोई भी काम ऐसा नहीं था कि उसे याद किया जाए। लेकिन हेमंत सोरेन चौथी बार मुख्यमंत्री हैं और उनके सभी कार्यकाल सफल रहे हैं। राज्य की जनता ने 2029 तक का जनादेश दिया है और ऐसा लग रहा है कि हेमंत सोरेन अगले 20 साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 19 से 27 अप्रैल तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने शीर्ष अधिकारियों के साथ स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के प्रयासों का स्वागत करते हुए झामुमो ने कहा कि खनिजों से भरपूर राज्य झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और हमारी उद्योग नीति स्पष्ट है। हमारे नेता पिछली रघुवर दास सरकार की तरह ढोल पीटने वाले नहीं बल्कि राज्य की समृद्धि के लिए विदेश जा रहे हैं।

बंगाल में नए वक्फ कानून पर हिंसा में 22 गिरफ्तार

- **वक्फ संशोधन बिल के विरोध में अब तक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपितों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक, आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। बेंच में सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और केवी विश्वनाथन शामिल होंगे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। बिहार में दरभंगा-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 27 पर एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मब्बी थाना क्षेत्र के शोभन बायपास मोड़ के पास ट्रक ने बाइक को धक्का मार दिया जिससे बाइक पर सवार पिता और पुत्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसका इलाज दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। मृतक बहेड़ी थाना क्षेत्र के अटही गांव के रहने वाले थे, सभी एक बाइक से भरहुल्ली गांव से अपने गांव अटही लौट रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय मब्बी थाना की पुलिस ने घायल तीनों व्यक्तियों को गंभीर अवस्था में उठाकर इलाज के लिए डीएमसीएच पहूंचाया। जहां पिता और पुत्र को मृत घोषित किया गया। वही एक युवक का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। मृतक पिता पुत्र की पहचान जिला के बहेड़ी थाना क्षेत्र के अटही गांव के 50 वर्षीय लाल बच्चन मंडल और उसके 22 वर्षीय पुत्र लाल कुमार मंडल के रूप में हुई है। वही घायल युवक की पहचान उसी गांव के रामदास मंडल के 25 वर्षीय पुत्र भजन कुमार मंडल के तौर पर की गई है।

ट्रैक्टर से दबकर दो लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मधुबनी। मधुबनी के कलुआही थाना क्षेत्र के मलमल गांव में हादसा हुआ। बुधवार देर रात बंगला पोखरा के पास पीसीसी सड़क धंसने से ईंट लदा ट्रैक्टर पलट गया। ईंटों में दबने से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक 10 साल का बच्चा भी है। मृतकों की पहचान मोहम्मद आलम (45) और उनके भतीजे शकीर (10) के रूप में हुई। मोहम्मद आलम रहिका थाना के लखसारि गांव के रहने वाले थे। दो दिन पहले ही ससुराल मलमल गांव आए थे। उनके साथ भतीजा शकीर भी था। घटना उस समय हुई, जब गांव के ही मोहम्मद रजी अहमद के घर के पास ट्रैक्टर पर ईंट लोड की जा रही थी। इस दौरान अचानक पीसीसी सड़क धंस गई और ट्रैक्टर करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। इस दौरान ईंट में मोहम्मद आलम और शकीर दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग फौरन मदद के लिए आगे आए और ईंट हटाकर दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। दोनों की ईंट में दबकर मौत हो गई थी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने फौरन घटना की सूचना कलुआही थाना पुलिस को दी।

आवश्यकता
सुधा आइसक्रीम सेल्स टीम के एरिया मैनेजर के पद पर युवकों की आवश्यकता है
कौस्तुभ इंटरप्राइजेज
(जिला डिस्ट्रीब्यूटर- सुधा आइसक्रीम)
सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार)
मो.- 6206165107
नोटः आइसक्रीम कुल्फी के विभिन्न प्रोडक्ट के लिए दुकानदार बंधु भी संपर्क करें।
सुधा
करें सुधा आइसक्रीम के Season का स्वागत

धूमधाम से निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा

जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु पीली साड़ी और सफेद वस्त्रों में हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। अहिंसा के अग्रदूत और जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को पटना में भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। यह शोभायात्रा प्रातः 8 बजे श्री दिगम्बर जैन मंदिर, मीठापुर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु पीली साड़ी और सफ़ेद वस्त्रों में शामिल हुए। पूरे देश में बिहार ही एकमात्र ऐसी भूमि है, जो भगवान महावीर की जन्मभूमि, कर्मभूमि एवं निर्वाण भूमि रही है। भगवान महावीर के पांचों कल्याणक बिहार में ही सम्पन्न हुए हैं। इस कारण यहां भगवान महावीर जयंती का विशेष महत्व है।

शोभायात्रा मीठापुर जैन मंदिर से निकलकर मीठापुर पुल, बुधमार्ग पेट्रोल पंप, इस्कॉन मंदिर, इनकम टैक्स गोलंबर, मौर्यालोक, डाकबंगला चौराहा, एक्जीबिशन रोड, भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी होते हुए कदमकुआं स्थित जैन मंदिर पहुंची। यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा आरती, पुष्पवर्षा और भक्तिमय गीतों के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में वर्तमान में वर्धमान (महावीर) की आवश्यकता है। प्राणी मात्र से प्रेम करो - जियो और जीने दो, मत करो जीव संहार जैसे संदेशों के साथ नृत्य-संगीत से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाएं पूरे रास्ते भक्ति गीतों पर नृत्य करती रहीं और भक्तगण सफाई का संदेश देते हुए आगे-आगे चल रहे थे।

झांकियों के माध्यम से दिए गए संदेश

शोभायात्रा में अनेक आकर्षक झांकियां भी शामिल थीं। महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत णमोकार मंत्र की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें महिलाएं डांडिया नृत्य करती नजर आईं। बच्चों ने माता त्रिशला के 16 सपनों की झांकी और भगवान महावीर के पांच नामों पर आधारित झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में श्रीमती सरला छाबड़ा के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं व बच्चे सम्मिलित हुए।

पूजन, अभिषेक और सामूहिक वात्सल्य भोज

शोभायात्रा की समाप्ति श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में हुई। यहां भगवान महावीर का स्वर्ण कलश से शांतिधारा, 108 कलशों से अभिषेक, पूजन एवं आरती श्रद्धाभाव से संपन्न हुआ। इसके पश्चात सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ।

बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर की जन्मस्थली कुंडलपुर में भी जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहां पटना से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन का नेतृत्व जगदीश जैन एवं संयोजन राकेश जैन द्वारा किया गया।

सफल आयोजन के लिए समिति की सराहना

कार्यक्रम का संचालन जैन संघ के अध्यक्ष प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार जैन व रमेश कामदार, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन तथा अन्य पदाधिकारियों ऽ तनसुख जैन, विजय जैन कासलीवाल (मीठापुर), विनोद कुमार जैन (पाटलिपुत्र), पूनमचंद सिंघवी (ओसवाल तेरापंथ संघ) आदि के सहयोग से किया गया।

निरामिष दिवस की घोषणा का स्वागत

महावीर जयंती के अवसर पर बिहार सरकार द्वारा घोषित निरामिष दिवस का जैन संघ सहित सभी समुदायों ने स्वागत किया और महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर इसके कठोर अनुपालन की मांग की।

अपने करीबी दो मंत्रियों के घर अचानक पहुंचे सीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार की सुबह अचानक अपने करीबी मंत्रियों के घर पहुंच गए। पहले वह ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी के घर गए। मुख्यमंत्री वहां से जल संसाधन व संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के घर पर पहुंचे। नीतीश कुमार अपने मंत्रिमंडल के दोनों निकट सहयोगियों से मिलने के बाद प्रधान सचिव दीपक कुमार के आवास पर पहुंच गए।

महावीर जयंती की छुट्टी के दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अचानक मंत्रियों से मुलाकात की वजह तो पता नहीं चल सका है। लेकिन इससे सियासी हलचल तेज हो गई है। बताया जाता है कि

सियासी हलचल तेज

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री अशोक चौधरी और विजय चौधरी से मुलाकात के बाद प्रधान सचिव दीपक कुमार के भी आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने अपने प्रधान सचिव से कुछ देर तक बात चीत की। दरअसल बिहार में विधानसभा चुनाव होने में अब कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में सभी पार्टियां एक्टिव मोड में आ गई हैं और तैयारी में जुट गई हैं। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार अपने सहयोगियों से मिलकर चुनावी रणनीति बना रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वक्फ बिल को लेकर जदयू में उथल पुथल देखने को मिल रहा है। जदयू ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया है। इसके बाद से ही कई मुस्लिम नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से नाराज हैं। उधर संसद के दोनों सदनों से पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद वक्फ संशोधन बिल अब कानून बन गया है। जिसके बाद से ही देश भर में सियासत गर्मायी हुई है। जदयू के कई मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुस्लिम वोट नहीं मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अल्पसंख्यकों को साधने के लिए रणनीति बना रहे हैं।

कोई माई का लाल वक्फ कानून को लागू होने से नहीं रोक सकता : नित्यानंद राय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। वक्फ बिल को लेकर गर्माई सियासत के बीच केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कोई माई का लाल वक्फ कानून को लागू होने से नहीं रोक सकता है। गुरूवार को नई दिल्ली से पटना पहुंचे नित्यानंद राय ने पटना एयरपोर्ट पर वक्फ कानून को लेकर तेजस्वी यादव के बयान पर कहा कि कोई माई का लाल वक्फ कानून को लागू होने से नहीं रोक सकता। यह कानून संसद से पारित हुआ है, किसी की औकात नहीं कि इसे रोके। बता दें कि तेजस्वी यादव ने हाल ही में कहा था कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे वक्फ बिल को फाड़कर कूड़े में फेंक देंगे और उसे लागू नहीं होने देंगे। इस पर पलटवार करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि जनता ने तेजस्वी यादव की राजनीति के पन्नों को फाड़कर फेंक दिया है। बिहार की राजनीति से उनका सफाया तय है।

वहीं 26/11 के मुख्य आरोपी को भारत लाए जाने के सवाल पर नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में कोई भी आतंकवादी या देशद्रोही बच नहीं सकता। ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई है और सख्त कार्रवाई की जा रही है। पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर उन्होंने कहा कि कुछ लोग वक्फ कानून को लेकर भ्रम फैला रहे हैं और लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। यह कानून किसी मुसलमान के खिलाफ नहीं, बल्कि गरीब मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए है। वक्फ संपत्तियों पर वर्षों से मुट्ठी भर लोग कब्जा किए बैठे थे यह कानून उनके खिलाफ है। तेजस्वी यादव द्वारा खुद को मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताए जाने पर नित्यानंद राय ने कटाक्ष करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। मुख्यमंत्री जनता बनाती है और जब जनता उन्हें नकार चुकी है तो वे मुख्यमंत्री कैसे बनेंगे?

वीर कुंवर सिंह स्मृति संस्कृत व्याकरण शिविर का भव्य समापन, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए चलाए जा रहे 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत आयोजित वीर कुंवर सिंह स्मृति अन्तर्जलीय दशदिवसीय संस्कृत व्याकरण शिविर का समापन समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

इस शिविर का आयोजन सर्वत्र संस्कृतम् एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। समापन समारोह की अध्यक्षता एवं उद्घाटन डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज) ने की। उन्होंने अपने संबोधन में संस्कृत भाषा की आधुनिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. लीना चौहान (राष्ट्रीय उपाध्यक्षा, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान) रहीं। उन्होंने शिविर की उपलब्धियों की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सदानंद प्रसाद (वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं शिक्षक) उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों के समर्पण की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को संस्कृत के पुनरुत्थान में सहायक बताया। शिविर के दौरान आयोजित 'वीर कुंवर सिंह स्मृति संस्कृत व्याकरण ज्ञान प्रतियोगिता' का परिणाम भी इसी समारोह में घोषित किया गया। देशभर से आए प्रतिभागियों में से विजेता निम्नलिखित रहे–

प्रथम पुरस्कार दयानी शारदेय, आसनसोल (पश्चिम बंगाल)

द्वितीय पुरस्कार नेहा भारती, मगध महिला कॉलेज, पटना

तृतीय पुरस्कार सुजाता घोष, संस्कृत शोध छात्रा, असम

विशेष पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में डॉ. रम्भा कुमारी, संस्कृत शिक्षिका, पटना

शिवानी मिश्रा, रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक पिंटू कुमार ने बताया कि 11 अप्रैल 2025 से वीर कुंवर सिंह स्मृति अन्तर्जलीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण संभाषण शिविर का शुभारंभ किया जा रहा है। यह शिविर भी 10 दिवसीय होगा और 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए यह विश्वास जताया कि ऐसे प्रयासों से संस्कृत भाषा को एक नई दिशा मिलेगी और यह अभियान निरंतर आगे बढ़ेगा।

राज्य के किसानों को मिलेगी शीघ्र बाजार समिति प्रांगणों की सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री द्वारा जिलावार बाजार समिति प्रांगणों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इस समीक्षात्मक बैठक में सचिव कृषि संजय कुमार अग्रवाल सहित वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि चंदौती (गया) तथा वैशाली में कार्य पूर्ण हो गया है। पूर्वी और पश्चिम चंपारण के बाजार समिति का कार्य 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'एक राष्ट्र, एक बाजार' की व्यवस्था की घोषणा की गई है, जिसका सबसे ज्यादा लाभ बिहार को मिलेगा। बिहार के किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए अधिकतम मूल्य मिल पायेगा। इस प्रकार किसानों की आय में अपेक्षित वृद्धि हो पायेगी एवं किसान समृद्ध होगा। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2021) के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित राजकीय समारोह में घोषणा की गयी कि राज्य के किसानों को कृषि उत्पाद हेतु बाजार की सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से सभी कृषि उत्पादन बाजार समितियों का जीर्णोद्धार एवं चरणबद्ध तरीके से विकास कराया जाय। कहा कि बाजार समिति प्रांगणों में अनाज, फल-सब्जी एवं मछली का अलग-अलग बाजार की व्यवस्था, स्टोरेज की सुविधा आदि कार्य किया जा रहा है।

जदयू का पोस्टर वार, लालू परिवार को बताया सनातन का दुश्मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पोस्टर राजनीति तेज हो गई है। जदयू ने राजद के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पटना की सड़कों और राजद कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाए हैं। पोस्टर में लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी और तेज प्रताप की तस्वीरें हैं, जिन पर लिखा गया है- 'सनातन के दुश्मनों को भूलेगा नहीं बिहार।' पोस्टर में आरोप लगाया गया है कि लालू यादव ने श्रीराम रथ यात्रा को रोका था और तेजस्वी यादव ने राम मंदिर का मजाक उड़ाया था। पोस्टर में एक क्यूआर कोड भी है जिसे स्कैन करने पर 'भूलेगा नहीं बिहार' नामक पेज खुलता है, जिसमें राजद शासनकाल के कथित जंगलराज की घटनाओं का विवरण दिया गया है। यह पोस्टर वार नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने के बाद सामने आया है।

मामूली विवाद को लेकर मारपीट

बाढ़। बांध रोड स्थित मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस मारपीट की घटना में मोहम्मद आशिक, मोहम्मद मुख्तार, मोहम्मद अलाउद्दीन और नसीमा खातून घायल हो गई। जिसका इलाज बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। पीड़ित न्याय की गुहार लगाने के लिए बाढ़ थाना पहुंचकर शिकायत की है।

इंडी गठबंधन ने पिछड़ों और वंचितों से किया विश्वासघात, डॉ. अम्बेडकर के खिलाफ रचा षड्यंत्र : तरूण चुग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने गुरुवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान कार्यशाला को संबोधित करते हुए कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के दलों ने वर्षों तक पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों को कुचला है और डॉ. अम्बेडकर के विचारों के खिलाफ षड्यंत्र किया है।

तरूण चुग ने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसे दल जो स्वयं को दलितों-पिछड़ों का हितैषी बताते हैं, असल में उन्हीं के सबसे बड़े धोखेबाज़ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि काका कालेलकर आयोग (1956) और मंडल आयोग (1980) की रिपोर्टों को लंबे समय तक टालने और संसद में विरोध करने का काम इन्हीं दलों ने किया।

उन्होंने कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर मंडल आयोग के खिलाफ संसद में भाषण देने और राहुल गांधी पर विदेशी धरती से आरक्षण खत्म करने की वकालत करने का आरोप लगाया। चुग ने कहा कि यह कांग्रेस की पिछड़े वर्गों के प्रति मानसिकता को दिखाता है। चुग ने कांग्रेस पर डॉ. अम्बेडकर, संविधान और सामाजिक न्याय की भावना का अपमान करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि राजद जैसे दल कांग्रेस की चापलूसी करके उसी के पापों में सहभागी बन गए हैं और तुच्छ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने तीखे लहजे में सवाल किया कि क्या ये वही लालू प्रसाद यादव हैं जिन्होंने इमरजेंसी के खिलाफ जेपी आंदोलन में भाग लिया था अगर हां, तो आज वही कांग्रेस के साथ क्यों खड़े हैं जिसने लोकतंत्र की हत्या की। चुग ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अकेले 50 निर्वाचित सरकारों को गिराया और कांग्रेस के शासन में कुल 90 सरकारें बर्खास्त की गईं। यही कांग्रेस और राजद के रिश्ते की असलियत है। उन्होंने कहा कि 1952 और 1954 के चुनावों में कांग्रेस ने षड्यंत्रपूर्वक डॉ. अम्बेडकर को हराने का प्रयास किया। यही नहीं, कांग्रेस ने 1955 में नेहरू और 1971 में इंदिरा गांधी को स्वयं भारत रत्न दिया, लेकिन बाबा साहब को यह सम्मान देने से इंकार किया। भाजपा समर्थित सरकार ने 1990 में उन्हें यह सम्मान दिया। चुग ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने बाबा साहब की 100वीं जयंती तक नहीं मनाने दी और उनके नाम पर कोई स्मारक नहीं बनाया। जबकि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब की स्मृति में पंचतीर्थ का निर्माण कर उनके विचारों को सहेजने और सम्मानित करने का कार्य किया।

एक नजर

मगध आयुक्त जायेंगे अवकाश पर, डीएम त्यागराजन एस.एम. को सौंपा जायेगा अतिरिक्त प्रभार

पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रेम सिंह मीणा, भा.प्र.से., आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया (अतिरिक्त प्रभार - अपर महानिदेशक, बिपार्ड, गया) को दिनांक 20 अप्रैल 2025 से 2 मई 2025 तक कुल 13 दिनों की उपार्जित छुट्टी की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त अवधि के अंतर्गत 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक श्री मीणा व्यक्तिगत व्यय पर सिंगापुर की निजी विदेश यात्रा पर रहेंगे, जिसके लिए उन्हें एक्स-इंडिया लीव की अनुमति भी राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, श्री मीणा की अनुपस्थिति की अवधि में उनके द्वारा धारित समस्त पदों व दायित्वों का अतिरिक्त प्रभार गया के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. को सौंपा गया है। गौरतलब है कि प्रेम सिंह मीणा मगध प्रमंडल में प्रशासनिक स्तर पर सक्रिय और प्रभावी अधिकारी माने जाते हैं। उनके अवकाश के दौरान प्रशासनिक सुचारूता बनाए रखने के उद्देश्य से यह अंतरिम व्यवस्था की गई है।

बेमौसम बरसात में किसानों की फसल बर्बाद

बाढ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। गुरुवार की संध्या करीब एक घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने किसानों के मेहनत पर पानी फ़ेर दिया। मूसलाधार बारिश के चलते किसानों के खेत में कटाई की गई फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया। वहीं खेत में लगे फसल पानी और तेज हवा के चलते जमीन पर सो गया। जिसके चलते किसानों को काफी बर्बादी का सामना करना पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि अधिकांशत फसल अभी खेत में लगे हुए हैं। साथ ही खलिहान में भी रखे हुए फसल पानी पड़ने से काला हो जाएगा और बर्बादी भी बहुत ज्यादा है।

बुजुर्ग दंपत्ति को मारपीट कर किया अधमरा

बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। 60 वर्षीय वीर कुमार सिंह और उनकी धर्मपत्नी जोशना देवी को परिवार के ही सदस्यों ने मारपीट कर अधमरा कर दिया । घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बुजुर्ग दंपति को उठाकर बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज कराया जाने के बाद पुलिस मामले की छान बिन में जुड़ गई है। अभी तक मामले की प्राथमिक की दर्ज नहीं हो पाई है।

ट्रेन का चेन खींचकर रोका

बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। गुरुवार की सुबह टाटा के ऊपर एक्सप्रेस ट्रेन को असामाजिक तत्व के लोगों ने सिकंदरपुर गांव के पास चेन खींचकर रोक दिया और बाढ़ से खुलने के बाद भटगांव गांव के पास भी ट्रेन का जंजीर खींचकर ट्रेन को बाधित किया। ट्रेन पर सवार यात्रियों ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व के लोग बड़े-बड़े थैली में अवैध शराब की खेप उतार कर ले गए। इस दौरान रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवान मुख्य दर्शक बने रहे यात्रियों ने बताया कि अक्सर इस ट्रेन में शराब की अवैध कारोबार की जाती है और रेल पुलिस उसे रोकने में नकारा साबित हो रही है।

एक देसी कट्टा और 14 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भदौर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी राम श्लोक यादव पिता केदार यादव को भदौर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए बुधवार की रात्रि गिरफ्तार कर लिया। पुलिस में गिरफ्तार युवक को न्यायिक विरासत के तहत जेल भेज दिया है साथ ही आर्म्स एक्ट मामले में मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दी है।

20 सूत्री अध्यक्ष बनने पर हर्ष

बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नगर परिषद के दाल कारोबारी संजय कुमार साहू को हाल के दिनों में भाजपा ने बाढ़ प्रखंड मंडल अध्यक्ष बनाया था उनके बेहतर कार्य और पार्टी के मजबूती में बेहतर योगदान को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग पटना के द्वारा बनाए गए सूची में 14 सदस्य के साथ संजय को 20 सूत्री बाढ़ का अध्यक्ष बनाया गया है। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। संजय साहू ने बताया कि वह भाजपा के मजबूती के लिए हर संभव अपनी ताकत झोकते आए हैं और आगे भी पार्टी को बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए तैयार हैं।

तेज आंधी से तीन घंटे तक बिजली गुल

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मसौढ़ी में गुरुवार की शाम तेज आए आंधी पानी में शहर के कई हिस्सों में न केवल तबाही का मंजर देखने को मिला है बल्कि बिजली के तार पर भी कई जगहों पर पेड़ गिर गए हैं जिसके कारण पूरे शहर में 3 घंटे तक बिजी गुल रही है। बिजली एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि दमड़ीचक, सरवां, कोर्ट परिसर, कैलूचक और मेंन रोड के आसपास में बिजली के तार पर पेड़ की डाली टूटकर गिर गई थी, कैलूचक में ट्रांसफार्मर पर पेड़ की डाली टूटकर गिरी है इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली के तार पर पेड़ गिर गया है। सभी जगहों पर युद्धस्तर पर बिजली को काटकर गिरे हुए पेड की टहनी को हटाया जा रहा है। बहरहाल आंधी पानी से गिरे हुए बिजली के तार पर पेड़ से 3 घंटे तक पूरे शहर में बिजली बाधित रही है, जिस शहरवासियों को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गेहूं की फसल में लगी आग

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मसौढ़ी एवं धनरूआ थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर पांच जगहों पर खेत में लगे हुए गेहूं के फसल में अचानक आग लग गई जहां पर कई किसानों के फसल जलकर कर बर्बाद हो गये, अगलगी की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुटी रही। अग्निशमन पदाधिकारी जयंत शर्मा ने बताया की मसौढ़ी में बेदौली और धनिचक, धनरूआ में सेवती, मधुबन और भगवानगंज के खरोज गांव में गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिली थी।

हनुमान जन्मोत्सव का चतुर्थ भव्य आयोजन कल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। हिंदू सेवा समिति, बिहार के तत्वावधान में राजधानी पटना के कंकड़बाग टेम्पू स्टैंड चौराहा पर आगामी 12 अप्रैल 2025 को चतुर्थ हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस विशाल आयोजन की तैयारियां पूरे जोशोखरोश के साथ अंतिम चरण में हैं। समिति ने आयोजन को यादगार बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर सघन कार्य योजना बनाई है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, संतोष सिंह सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार गाड़ियों को रवाना किया गया है। साथ ही समिति के पदाधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर हनुमान पताका लगाई गई तथा स्थानीय नागरिकों को आयोजन में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया। इस वर्ष की विशेषता यह है कि 1501 किलोग्राम लड्डू का भोग बजरंगबली को अर्पित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों की प्रस्तुतियां आयोजन की शोभा को और भी बढ़ाएंगी। कार्यक्रम की भजन संध्या में विशेष आकर्षण के रूप में 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही काशी (वाराणसी) की तर्ज पर विशेष टीम द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर भव्य आरती का आयोजन भी किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि हिंदू सेवा समिति का यह प्रयास न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को भी उजागर करता है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा पटना पहुंची, आज सीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना।'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा गुरूवार को अपने 26वें दिन राजधानी पटना पहुँची। यह यात्रा भीतिहरवा गांधी आश्रम से शुरू होकर पूरे बिहार में भ्रमण करती हुई यहाँ तक पहुँची है। पदयात्रा का नेतृत्व एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास तथा एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव कर रहे हैं। पटना पहुँचने पर सैकड़ों की संख्या में पेंडिंग सेना भर्ती के अभ्यर्थियों ने हाथों में प्रतीकात्मक हथकड़ी पहन कर पदयात्रा में हिस्सा लिया और आम नागरिकों को संविधान की प्रस्तावना की प्रतियाँ वितरित कीं। पदयात्रा की शुरुआत पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेक कर की गई, जहाँ सभी प्रमुख नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात यात्रा गुरुका बाग, अंबेडकर छात्रावास, पत्थर की मस्जिद, दरगाह चौराहा, साईं मंदिर, मुसल्लाहपुर हाट होते हुए पटना विश्वविद्यालय गेट पर समाप्त हुई। दोपहर में पदयात्रा विश्राम के लिए सदाकत आश्रम में रुकी, जहाँ एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। बीपीएससी अभ्यर्थी ख़ुशी चौधरी ने कहा कि सरकार पहले हमें बेरोजगार बनाती है और फिर अपराधी। बिहार के छात्रों को बिहार की नौकरियों में मौका नहीं दिया जा रहा, जबकि बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी सरकारी पदों पर भर्ती हो रहे हैं।

डोमिसाइल नीति तुरंत लागू की जानी चाहिए। प्रेस वार्ता में पटना के फुटकर दुकानदारों उमा देवी और कपिल कुमार ने भी नगर निगम और पुलिस की प्रताड़ना की शिकायत की। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा, ''यह यात्रा बिहार के आम जनमानस में गहरी छाप छोड़ रही है। सरकार अब जनता की आवाज को दबा नहीं सकती।'' उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी माँगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएँगी। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह कांग्रेस की नहीं, बिहार के छात्रों और युवाओं की यात्रा है, जो अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोज़गार चाहते हैं। 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर माँग पत्र सौंपा जाएगा। डबल इंजन सरकार पर हमला करते हुए कन्हैया ने कहा, ''सरकार वक़्फ़ बोर्ड जैसे इमोशनल मुद्दों पर जनता को उलझा रही है ताकि बेरोज़गारी और महंगाई जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटका सके। एक ओर किसान के बच्चे लाठी खा रहे हैं, दूसरी ओर अमित शाह के बेटे को आईसीसी का चेयरमैन बनाया जा रहा है। प्रेस वार्ता में एआईसीसी के सचिव सह बिहार प्रभारी सुशील पासी, शाहनवाज आलम, बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौर, ज्ञान रंजन, तथा जिला अध्यक्ष सुमित कुमार सन्नी भी उपस्थित रहे। डॉ. पीयूष रंजन झा, मीडिया इंचार्ज 'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा ने बताया कि पदयात्रा का उद्देश्य केवल रोजगार की माँग नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं को उनका हक दिलाना है।

फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज के मामले में कम्प्यूटर सेंटर सील

कई फर्जी दस्तावेज व मुहर बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डिहरी ऑन सोन। अनुमंडल कार्यालय के पास एक कम्प्यूटर सेंटर को फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज के मामले में सील कर दिया गया है। कम्प्यूटर केंद्र का मालिक फरार हो गया है। अपर निबंधक पदाधिकारी योगेश त्रिपाठी के अनुसार एक अधिवक्ता मनीषा दुबे ने बुधवार को शिकायत किया था कि कम्प्यूटर सेंटर का मालिक बनारसी नाथ मिश्र भूमि निबंधन का फर्जी दस्तावेज तैयार करता है। अधिवक्ता के अनुसार डेहरी प्रखंड के भेड़िया गांव की एक महिला के जमीन के बिक्री के गत 21 मार्च को स्लाट बुक करने के लिए 15 हजार रुपए बनारसी नाथ मिश्र को दिया गया। इस बीच उस महिला की असामयिक मौत हो गई। बनारसी ने कोई स्लॉट बुक नहीं किया और पिछले सप्ताह जमीन निबंधन का दस्तावेज उन्हें दे गया। जो देखने में फर्जी प्रतीत हो रहा था। अधिवक्ता ने जब बनारसी से फर्जी दस्तावेज देने की शिकयत करते राशि की मांग की तो वे वकील को हत्या तक की धमकी दे दिया। उन्होंने इसकी शिकायत अपर निबंधक पदाधिकारी से बुधवार को किया तो उन्होंने इसकी जांच कराई तो वह फर्जी था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह को दिया। एसडीएम के निर्देश पर प्रभारी सीओ संजय कुमार महतो व नगर थाना की पुलिस पहुंची। अपर निबंधक पदाधिकारी की मौजूदगी में जब कम्प्यूटर केंद्र में छापेमारी की गई तो कई अन्य फर्जी दस्तावेज मुहर बरामद हुआ है। जिसकी जांच की जा रही है। मौके से कम्प्यूटर सेंटर का मालिक बनारसी नाथ मिश्र फरार हो गया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि बरामद दस्तावेजों की जांच कर प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है। दुकान को सील कर दिया गया है।

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में हड्डी संबंधी समस्याओं पर केंद्रित कार्यशाला 13 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बढ़ती उम्र के साथ वरिष्ठ नागरिकों को हड्डियों से जुड़ी समस्याओं से निजात दिलाने के उद्देश्य से बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में एकदिवसीय सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 अप्रैल 2025 को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह होंगे। इस आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजन सचिव एवं जिला समन्वयक प्रो. डॉ. कुमार अंशुमान, विभागाध्यक्ष, अस्थि रोग विभाग, नारायण मेडिकल कॉलेज ने बताया कि इस कार्यशाला में बिहार के सभी जिलों के अस्थि रोग विशेषज्ञ, साथ ही भारतीय चिकित्सा संघ औरंगाबाद, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं बिक्रमगंज के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे। डॉ. अंशुमान ने बताया कि इस कार्यशाला में लगभग 350 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है और इसके लिए निबंधन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों की हड्डी संबंधी समस्याओं पर केंद्रित होगा और उन्हें सही जानकारी एवं इलाज की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र प्रसाद, सचिव डॉ. प्रवीण साहू एवं समन्वयक डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अस्थि रोग विभाग में हो रहे अद्यतन शोध कार्यों की जानकारी साझा की जाएगी, जिससे लक्षित वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। डॉ. अंशुमान ने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करने एवं उनके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे, और यह कार्यशाला हड्डी रोग चिकित्सा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बनेगी।

एक नजर

राजपुर जिला पार्षद रेशमा कुमारी ने दो पक्षों के विवाद को सुलझाया

सासाराम (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिला के दिनारा प्रखंड अंतर्गत सहिनाव गांव में नाली विवाद में दोनो पक्षों की समस्या को राजपुर की जिला पार्षद रेशमा कुमारी ने सुन समझ कर निष्पादन किया। उन्होंने जिलाधिकारी से बात कर समाधान के बाद ग्रामीणों ने जिला पार्षद का भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता विकास है। विकास के कार्य में बाधा डालने वाले को बक्सा नही जायेगा। ग्रामीण लोग कई विगत महीने से जिले के आला अधिकारियों से गुहार लगा रहे थे। मौके पर अक्षय लाल चौधरी, वाजिद अंसारी, नमाजुदीन अंसारी, संजय, मनोज कुशवाहा, धर्मेंद्र पटेल, चंदन कुमार सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

नौ हजार की ठगी

डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नगर थाना के पाली रोड स्थित पीएनबी के पास एक महिला को झांसा देकर अपराधी बैग में रखा नौ हजार रुपए व सोने का चेन ले उड़े। पुलिस के अनुसार डेहरी मुफस्सिल थाना के नवागढ़ गांव निवासी सुनीता देवी ने पीएनबी से 29 हजार रुपए की निकासी किया।निकासी की गई राशि को दो बैग में रखा।जैसे ही वह बैंक से निकली गेट के पास तीन युवक मिले और रुमाल में बंधा किसी का रुपया गिरने की बात बताया।रुमाल को उसके बैग में जबरन डाल दिया। झांसा देकर एक बैग जिसमें सोने का चेन और नौ हजार रुपए ले उड़े।

छह आरोपित गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अपराधियो व शराब तस्करों के के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडो के छह आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में पक्सो एक्ट,हत्या के प्रयास ,शराब तस्कर ,वारंटी शामिल है।142लीटर देशी शराब,बाइक जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 47 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई ।

वेलनेस एवं मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन

पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। रोटरी क्लब ऑफ पटना एवं इंदिरा आईवीएफ, पटना द्वारा संयुक्त रूप से रोटरी भवन में महिलाओं के लिए वेलनेस सह मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 50 महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. दयानिधि ने बताया कि ऐसे शिविर महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत सहायक होते हैं। रोटेरियन अनूप कुमार पलित ने इंदिरा आईवीएफ की टीम का स्वागत करते हुए उनके सहयोग की सराहना की।

चरित्र बल से गांधी जी ने अंग्रेजों को झुकाया : अवधेश नारायण

डीएवी स्कूल में चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डिहरी ऑन सोन। डीएवी पब्लिक स्कूल कटार में चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया गया है जो 13 अप्रैल तक चलेगा। इसका शुभारंभ ओम ध्वज के ध्वजारोहण से हुआ। आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा बिहार के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का उद्घाटन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अवधेश नारायण सिंह बिहार विधान परिषद (सभापति) थे। सर्वप्रथम अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके वैदिक परंपरा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चरित्र बल से ही गांधी जी ने अंग्रेजों को झुकाया था। उन्होंने कहा कि नागरिकों का चरित्र निर्माण ही देश को प्रगति की ओर ले जाता है। शिक्षा में ही प्रशिक्षण है चरित्र निर्माण। उन्होंने डीएवी प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि चरित्र निर्माण का प्रशिक्षण देश के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। स्कूल की छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसका उद्घाटन डीएवी पब्लिक स्कूल के एच जॉन के क्षेत्रीय निदेशक रामाशीष राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आर्य वक्ता संजीव रूप जी, आर्य विदुषी प्रीति विमर्शिनी, ब्रह्मचारिणी महोदया, भजनोपदेशक प्रदीप शास्त्री, संजीव रूप तथा बिहार प्रक्षेत्र ई, एफ एवं एच के एआरओ, अंजलि, रामशीष राय, शशिकांत झा तथा बिहार के अन्य जोन से आए ए.आर.ओ. तथा सभी विद्यालयों से आए प्राचार्यगण और 23 विद्यालय से आए 1000 विद्यार्थी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पटना प्रक्षेत्र के निदेशक एसके झा, डीएवी कटार के प्राचार्य एसके घोष, प्राचार्य सासाराम वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य औरंगाबाद विनय कुमार गुप्ता, संतोष कुमार सहित अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। इस अवसर पर औरंगाबाद, गया, अरवल, जहानाबाद, मसौढ़ी, पाली, सासाराम के शिक्षकों विद्यार्थियों ने हवन यज्ञ में भाग लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया ।

दिनारा पंजरी में होगा राष्ट्र रत्न स्मारक का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डिहरी ऑन सोन। भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर के पूर्व संध्या पर दिनारा विधानसभा क्षेत्र के पंजरी ग्राम में होगा राष्ट्र रत्न स्मारक का शिलान्यास इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्र रत्न सेवा समिति के अध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश कुमार ने नव बिहार टाइम्स को बताया कि 13 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल, की प्रतिमा भारत रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, की प्रतिमा, बीर बांकुड़ा बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा, भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का शिलान्यास अपने पूर्वजों की भूमि पर किया जाएगा। जो मेरे द्वारा इसे दान किया है, जिसमें भारत रत्न पाने वाले महापुरुषों का प्रतिमा लगेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गन्ना उद्योग मंत्री श्री कृष्णा नंदन पासवान बिहार सरकार तथा पूर्व विधायक सह प्रदेश महामंत्री भाजपा मिथिलेश तिवारी, के कर कमलों द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल रोहतास, शिक्षा विदं आनंद सिंह, सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में संपन्न होगा, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के अवतार हैं : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भभुआ। रामगढ़ विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन सीता स्वयंवर वाटिका में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास का प्रतीक बताते हुए कहा कि 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। सम्मेलन में रामगढ़ विधायक अशोक कुमार सिंह, भभुआ विधायक भारत बिंद, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय समेत कई नेताओं ने भाग लिया। मंत्री ने कार्यकर्ताओं के जोश की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं। विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने उपचुनाव में किए वादों को पूरा किया है और आगे भी बेरोजगारी के मुद्दे पर ठोस काम करेंगे। सम्मेलन में कई नए सदस्य शामिल हुए, जिसमें बहुजन समाज पार्टी छोड़कर चार लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

शपथ-पत्र

मैं, रामनंदन यादव पिता निरधन यादव उम्र करीब 66 वर्ष, ग्राम-बड़ी बलिया, पो0+थाना+ अंचल+ अनुमंडल-बलिया, जिला-बेगुसराय (बिहार) पिनकोड 851211 शपथ पूर्वक बयान करता हूं

1. यह कि मैं उपर्युक्त नाम वो पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरा पुत्र शिव शंकर कुमार रैंक लेस- हवलदार - सर्विस नं0-4288 692 एच है।
3. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में लिपिकीय भूलवश मेरी जन्म तिथि - 01/01/1964 अंकित हो गया है, जो कि गलत है।
4. यह कि मेरी वास्तविक जन्म तिथि 31/01/1959 है जो कि मेरे आधार कार्ड नं0 41 63 8722 5532 पर भी अंकित है।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पुत्र के सर्विस अभिलेख पर अंकित 01/01/1964 को विलोपित करते हुए वास्तविक जन्म तिथि 31/01/1959 सुधार कर अंकित किये जाने हेतु निष्पादन कर रहा हूँ।

उपर्युक्त कथन सत्य एवं वास्तविक है न कोई बात छिपाया हूँ ना ही कोई बात असत्य ही बयान किया हूं।

रामनंदन यादव,
शपथकर्ता

गुरु कृपा से ही संभव हो पाया ज्ञान यज्ञ : श्रीकांत तिवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डिहरी ऑन सोन। श्री पाद रामानुजाचार्य जी महाराज जी की कृपा से डेहरी प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ ? में कथावाचक जगतगुरु बद्रीनाथ वनमाली जी महाराज ,जगन्नाथ मंदिर द्वारिका गुजरात ,से आंकू श्रीमद् भागवत कथा से ग्रामीणों को भाव विभोर कर दिया , सब गुरु की कृपा से ही संभव हो पाया है, युक्त बातें जनसुराग के प्रदेश कार्य समिति श्रीकांत तिवारी ने भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर कहा। कथावाचक स्वामी बद्रीनाथ बनमाली जी महाराज ने कहा कि प्रभु की लीला अपरम्पार है, भक्त के बस में रहते हैं भगवान , उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा की जानकारी भक्त जनों को दी। आयोजनकर्ता कामेश्वर तिवारी ने बताया कि ज्ञान यज्ञ पूर्णाहुति पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, साथ में इस मौके पर चैत गायन का आयोजन किया गया। जिसमें औरंगाबाद के वीरेंद्र बैरागी तथा रोहतास के ब्यास राजेंद्र यादव के बीच मुकाबला हुआ। यज्ञ के पूर्णाहुति में परमहंस तिवारी, कृष्णकांत त्रिपाठी अजय कुमार तिवारी प्रभुनाथ तिवारी मुकेश तिवारी शशिकांत तिवारी धीरेंद्र तिवारी कमलाकांत तिवारी, सुधांशु तिवारी हिमांशु तिवारी तथा आयुष तिवारी ने आए भक्त जनों का भक्त जनों का सेवा की। इस मौके पर डेहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ,जन सुराज के नगर अध्यक्ष आर के ,सिंह, भाजपा नेता अजय सिंह, प्यारेलाल ओझा, निर्मल पांडे अधिवक्ता प्रवीणदुबे , वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी सुधीर तिवारी, चुनमुन दुबे, मुखिया विजय भगवान तिवारी, घनश्याम दुबे, मुन्ना दुबे, आलोक सिंह, दिलीप तिवारी, जनसुराज के जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी सहित काफी संख्या में विभिन्न दलों के नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

आंधी-पानी में मसौढ़ी के दिघवां में एक महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दीघवां गांव में गुरुवार की शाम तेज आये आंधी पानी में एक महिला की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सविता देवी उम्र 40 वर्ष पति हंसलाल प्रसाद यादव बताया जाता है। दरअसल बताया जाता है कि जब तेज आंधी पानी आई तब सविता देवी अपने घर के छत के ऊपर पसारे हुए चना को जल्दीबाजी में उसे उठाने लगी इस दौरान कहीं से ढेर सारा करकट उड़कर उसके सिर पर लग गया, जिससे गंभीर चोटें आई और मौके पर ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है, इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है, मृतक सविता देवी के पति हंसलाल प्रसाद यादव किसान है उनके सिर्फ दो बेटियां हैं इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

मसौढी। धनरूआ थाना क्षेत्र के बरनी के पास धनरूआ पुलिस ने गुरुवार की दोपहर एक चोरी की बाइक के साथ एक बाइक चोर को पकड़ा है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि बरनी बाजार स्थित रॉयल इनफील्ड शोरूम के सामने से एक मोटरसाइकिल की चोरी होने की घटना की सूचना मिली थी,अविलंब पुलिस गश्ती द्वारा छापेमारी की गई जहाँ चोरी हुई मोटर साइकिल के साथ चोर चंदन कुमार पिता सकलदीप प्रसाद सा0 रानीपुर थाना मेंहदीगंज को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है।

कैमूर में कांग्रेस ने दो सीटों पर ठोका दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कंग्रेस पार्टी ने कैमूर जिले में सक्रियता बढ़ा दी है। गुरुवार को कुदरा में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में प्रदेश पर्यवेक्षक मेराज खान पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भभुआ व मोहनियां विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का जनाधार सबसे अधिक बताते हुए इन दोनों सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारने की मांग की। जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा एवं वरिष्ठ नेता उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इन क्षेत्रों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है और जीत की प्रबल संभावना है। पर्यवेक्षक मेराज खान ने नेताओं की बात को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि मांगों पर पार्टी गंभीरता से विचार करेगी। बैठक में संगठन विस्तार, बीएलओ की नियुक्ति, वोटर लिस्ट पहुंचाने, जन आक्रोश चौपाल, सोशल मीडिया अभियान आदि मुद्दों पर चर्चा हुई।

ट्रेन परिचालन बाधित

मसौढ़ी। पटना गया रेलखंड के कई जगहों पर गुरुवार की शाम तेज आए आंधी पानी में आप एवं डाउन लाइन में ट्रेन परिचालन बाधित रही, दरअसल तेज आए आंधी पानी में कई जगहों पर पेड़ की डालियां टूट कर रेलवे ट्रैक पर और तार पर गिर गई है, जिसे बिजली बाधित हो जाने के कारण ट्रेन परिचालन बाधित रही, तारेगना रेलवे स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट हॉल्ट, छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट और नदवां रेलवे स्टेशन के पास में पेड़ की डालियां रेलवे ट्रैक पर आ गई थी और कोर्ट हाल्ट पर बहुत सारे करकट टूट कर गिर गये थे।

149 कार्टून शराब के साथ चालक और उपचालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने ट्रक में रखे घरेलू सामान और रद्दी के बीच अलमारी में छिपाकर लाई गई 149 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस मामले में ट्रक को जब्त करते हुए चालक और उपचालक को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों शराब तस्कर उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए जाते हैं। मामला नगर थाना क्षेत्र के भागीरथ बिगहा गांव के समीप एनएच-22 की है। दरअसल, मद्यनिषेध विभाग पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में शराब की खेप दूसरे राज्य से जहानाबाद के रास्ते बिहार में लाई जा रही है। सूचना के आधार पर नगर थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। इसके पश्चात भागीरथ बिगहा गांव के पास एनएच-22 पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान गया की ओर से आ रही एक ट्रक को पुलिस ने रोकने का इशारा किया, तो चालक ने गाड़ी को और तेज रफ्तार में भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने उस वाहन को पीछा कर उसे पकड़ लिया। जब ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक में कई अलमीरा, वाशिंग मशीन और रद्दी सामान थे। जब अलमीरा खोलकर चेक किया, तो पुलिस के होश उड़ गए। सभी अलमीरा शराब की कार्टून से भरे हुए थे।

बरामद शराब के प्रत्येक कार्टन में 180 एमएल की 48 बोतल यानी कुल 7152 बोतल थे। इधर इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक से 149 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। साथ ही ट्रक चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चालक ने पुलिस के समक्ष बताया कि वह शराब की खेप बंगाल से बिहार के समस्तीपुर ले जा रहा था। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 21 लाख 45 हजार रुपये बताया जा रहा है। पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

शपथ-पत्र

मैं, दुला देवी पति रामनंदन यादव, उम्र करीब 66 वर्ष, ग्राम- बड़ी बलिया, पो0+ थाना+अंचल+ अनुमंडल- बलिया, जिला- बेगूसराय (बिहार) पिनकोड 851211 शपथ पूर्वक बयान करता हूं

1. यह कि मैं उपर्युक्त नाम वो पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरा पुत्र शिव शंकर कुमार रैंक लेस- हवलदार - सर्विस नं0-4288 692 एच है।
3. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस अभिलेख रिकार्ड पर लिपिकीय भूलवश मेरा नाम सुनीता देवी एवं जन्म तिथि -01/01 /1971 दर्ज हो गया है, जो कि गलत है।
4. यह कि मेरा सही व वास्तविक नाम दुला देवी है और जन्म तिथि 01/01/1964 है जो कि मेरे आधार कार्ड नं0 9920 2962 6045 में भी अंकित है।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पुत्र रैंक-लेस-हवलदार शिव शंकर कुमार सर्विस नंबर 4288 692 में अंकित मेरा गलत नाम सुनीता देवी जन्मतिथि 01/01/1971 को विलोपित कर वास्तविक नाम दुला देवी और जन्मतिथि- 01/01/1964 किया जाए।

उपर्युक्त कथन सत्य एवं वास्तविक है न कोई बात छिपाया हूँ ना ही कोई बात असत्य ही बयान किया हूँ।

दुला देवी
शपथकर्ता

आंधी-बारिश का कहर, मवेशियों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। इस्लामपुर प्रखंड में गुरुवार को आई भीषण आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस्लामपुर के बरडीह मठ, वार्ड नंबर 5 में एक पेड़ गिरने से तीन मवेशियों की मौत हो गई। आंधी-बारिश के कारण नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक नुकसान हुआ। कई जगह मुख्य सड़कों पर पेड़ गिरने से जाम लग गया, घरों की छतों पर लगे करकट उड़ गए और खेतों में फसलों को क्षति पहुंची। बरडीह मठ गांव में पेड़ के नीचे दबकर सुरेश यादव के दो मवेशी और विजय यादव के एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। मृत मवेशियों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है।

भूमि विवाद में गोलीबारी, दो गिरफ्तार

बिहारशरीफ। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना सामने आई। इस घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों, लालू प्रसाद और जयकरन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि घटनास्थल से गोली के खोखे बरामद किए गए हैं। दोनों पक्षों के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

पुल धंसने से एक ही परिवार के तीन की मौत, दो घायल

बिहारशरीफ। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बालमत बिगहा गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। तेज हवा और बारिश के बीच एक पुल धंस गया, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल हो गईं। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि बाजार से लौट रहे पांच लोग बारिश से बचने के लिए पुल के नीचे रुके थे। इसी दौरान पुल ढह गया। हादसे में बाचो देवी, उनके दो वर्षीय पोते रोहित कुमार और 10 माह की पोती ज्योति कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। घायल मुखिया की पत्नी और विनय यादव की पत्नी का इलाज निजी चिकित्सक के पास चल रहा है। मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और राहत कार्यों की तैयारी कर रहा है।

विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर गूंजा 'णमोकार मंत्र' का जाप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के आह्वान पर आज विश्व नवकार महामंत्र दिवस के रूप में मनाया गया। इस पावन अवसर पर दुनिया भर के जैन समुदाय ने एक साथ मिलकर णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया। पटना में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कदमकुआं, मीठापुर दिगंबर जैन मंदिर, गुरारा जैन मंदिर समेत कई जैन मंदिरों में प्रातः 8:01 बजे से 9:35 बजे तक यह मंत्रोच्चार सम्पन्न हुआ। कदमकुआं मंदिर और मीठापुर मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु, पुरुष एवं महिलाएं, भक्ति भाव से इस अनुष्ठान में शामिल हुए। कदमकुआं दिगंबर जैन मंदिर में पटना की महापौर सीता साहू, विधायक अरुण सिन्हा, पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य सुषमा साहू, बिनोद पहाड़िया जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य एम. पी. जैन ने बताया कि णमोकार महामंत्र को जैन धर्म का सबसे पवित्र और मूल मंत्र माना जाता है। इसे नवकार मंत्र, नमस्कार मंत्र या पंच परमेष्ठी नमस्कार भी कहा जाता है। इस मंत्र में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ऽ इन पाँच परमेष्ठियों को नमस्कार किया जाता है। एम. पी. जैन ने कहा, ह्यह मंत्र किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि विशुद्ध आत्मस्वरूप का चिंतन और स्मरण है। यह लौकिक ही नहीं, बल्कि अलौकिक कार्यों की सिद्धि में भी सहायक माना जाता है। णमोकार महामंत्र को सभी पापों का नाश करने वाला और संसार का सर्वोत्तम मंगल कहा गया है।

श्रद्धालुओं का मानना है कि इस मंत्र का जाप जीवन में आध्यात्मिक शांति, मानसिक संतुलन और पापों से मुक्ति दिलाता है। विश्व नवकार महामंत्र दिवस के इस आयोजन ने लोगों को सामूहिक साधना और आत्मचिंतन का एक सुंदर अवसर प्रदान किया।

महावीर स्वामी की जयंती पर जैन परिवार ने निकाली शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। विश्व को अहिंसा का पाठ पढाने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर गुरुवार को नवादा में जैन परिवार से जुड़े लोगों ने शोभायात्रा निकाली। नवादा के अस्पताल रोड स्थित जैन मंदिर से शोभा यात्रा निकालकर शहर में पांच दर्जन से अधिक बैटरी चलित रिक्शा के साथ बैंड बाजे को लेकर घूमते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थल तक पहुंच गए। महिलाएं लाल साड़ी और पुरुष सफेद वस्त्र में झूमते, नाचते महावीर स्वामी के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का काम किया। इस शोभा यात्रा में सभी से अहिंसा परमो धर्म अपनाने की अपील कर रहे थे। इस दौरान जैन धर्म से जुड़े लोगों ने कहा कि अहिंसा का पाठ पढाने वाले भगवान महावीर के उपदेशों को हम सबों को आत्मसात करना चाहिए। भगवान महावीर स्वामी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही सभ्य, शांतिपूर्ण एवं समता मूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है। इससे पूर्व गोनावां स्थित जैन मंदिर से क्षेत्रीय मंत्री संजय जैन की नेतृत्व में प्रभात फ़ेरी निकालकर जियो और जीने दो का संदेश लोगों को दिया गया। जैन धर्म का यह शोभायात्रा काफी शांतिपूर्ण माहौल में नाचते गाते हुए शहर में निकाला गया। लोगों को जयंती समारोह के मौके पर प्रसाद रूपी बुंदिया का भी वितरण किया गया । इससे पहले बुधवार को जैन समाज से जुड़े महिला पुरुषों ने जैन मंदिर में तीर्थंकर स्वामी की पूजा अर्चना और णमोकार महामंत्र का जाप किया । शोभायात्रा में संजय जैन, ज्ञानचंद जैन, मनोज जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन, विजय जैन, राजेश जैन, संदीप जैन, अभिषेक जैन, उदय जैन, निर्भय जैन, ऋषभ जैन, लड्डू जैन, मोहित, नीरज, रौनक, उत्सव, आयुष, ध्यानचंद्र जैन, ममता जैन, रीता जैन, सरोज जैन, लकी जैन, स्वीटी जैन, संतोष जैन, मंजू जैन, आशा जैन और नवादा में जैन परिवार से जुड़े सभी सदस्य शामिल हुए।

कुंडलपुर महोत्सव में नवादा जैन समाज की शिरकत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अहिंसा और शांति के विश्व उद्घोषक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। नवादा जैन समाज के कुछ सदस्यों ने गुरुवार को भगवान महावीर की जन्मस्थली नालंदा जिलान्तर्गत कुंडलपुर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान व कुंडलपुर महोत्सव में शिरकत किया। आज प्रातः नवादा जैन समाज का एक जत्था गुणावां स्थित भगवान महावीर की निर्वाण स्थली श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर दर्शन-पूजन के बाद भगवान महावीर की जन्मस्थली नालंदा जिलान्तर्गत कुंडलपुर के लिए रवाना हुआ। ये जैन धर्मावलंबी कुंडलपुर में आयोजित भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। गाजे-बाजे व जैन ध्वज-पताकों के साथ निकले आकर्षक शोभयात्रा में देश भर के जैन धर्मावलंबी भगवान महावीर का जयकारा लगा रहे थे, जिसके आलोक में सम्पूर्ण कुंडलपुर क्षेत्र भगवान महावीर के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात नंद्यावर्त महल स्थित मंदिर में भगवान महावीर का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। संध्या समय में राज्य सरकार के सौजन्य से आयोजित कुंडलपुर महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के जैन धर्मावलंबियों ने भक्ति गंगा में खूब डुबकी लगाई। कुंडलपुर महोत्सव में शिरकत करनर वालों में नवादा जैन समाज के प्रतिनिधियों में दीपक जैन, अशोक कुमार जैन, सुषमा जैन, लक्ष्मी जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन, पारस जैन, संगीता जैन, तान्या जैन, आका जैन व मिंकू जैन आदि प्रतिनिधिगण शामिल थे।

गिरियक में तेज आंधी-तूफान और बारिश का कहर: भारी नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गिरियक। गुरुवार को गिरियक प्रखंड में अचानक आई तेज आंधी, तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा से लोगों को व्यापक नुकसान हुआ, बिजली व्यवस्था ठप हो गई और एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत की दुखद खबर सामने आई है। तेज आंधी के कारण कई घरों की छतों के किरकट उड़ गए और दूर-दराज तक चले गए, जिससे लोगों को अपने नुकसान का पता भी नहीं चल सका। आंधी और बारिश इतनी प्रचंड थी कि सड़कों पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। लोग जहां थे, वहीं रुकने को मजबूर हो गए। कई घरों और प्रतिष्ठानों में पानी घुस गया, जिससे लोग परेशान हो उठे। सड़कों पर खड़ी कई दोपहिया गाड़ियां पलट गईं, जिससे बाइकों को नुकसान पहुंचा। दर्जनों पेड़ उखड़ गए और आम की फसलों को भी भारी क्षति हुई। बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई। जूनियर इंजीनियर सोविंद्र ने बताया कि रैयतर में नालंदा से 33 हजार वोल्ट और रैयतर से ग्रामीण क्षेत्रों तक 11 हजार वोल्ट के पोल व तारों को नुकसान की जानकारी जुटाई जा रही है, हालांकि अभी पूरी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। मौसम विभाग ने पहले ही तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की थी। किसानों ने बताया कि आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई पेड़ों की टहनियां टूट गईं और फल जमीन पर बिखर गए। इस बीच, आंधी-तूफान में एक 10 वर्षीय बच्चे की जान चली गई। अंचलाधिकारी सन्नी कुमार ने बताया कि गिरियक प्रखंड में काफी नुकसान की सूचना है। कई लोगों के किरकट और फूस से बने घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थिति सामान्य होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी और सरकारी प्रावधानों के अनुसार प्रभावितों को मुआवजा दिया जाएगा।

इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर मरीज ने सीएचसी में की तोड़फोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारदीगंज में बुधवार देर रात एक मरीज ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की। आरोप है कि पेट दर्द से परेशान दलेलपुर निवासी धनंजय कुमार (19 वर्ष) ने चिकित्सा कर्मियों से बहस के बाद आपा खो दिया और इमरजेंसी वार्ड में रखे सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. विमलेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि रात करीब 11:55 बजे धनंजय कुमार बाइक से दो अन्य लोगों के साथ सीएचसी पहुंचा था। उस वक्त डॉ. अजय कुमार, एएनएम स्वर्णलता कुमारी, सुनीता कुमारी, जीएनएम किरण कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर मौजूद थे। प्रारंभिक जांच के बाद मरीज को दर्द निवारक इंजेक्शन दिया गया और बेड पर आराम करने की सलाह दी गई। लेकिन थोड़ी ही देर बाद उसने अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दी। धनंजय ने न केवल बेड को उलट दिया, बल्कि इमरजेंसी वार्ड के शीशे, चिकित्सक कक्ष में रखे कंप्यूटर की-बोर्ड, खिड़की-दरवाजों समेत कई सामानों को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान उसने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से गाली-गलौज भी की। हालात बिगड़ते देख चिकित्सा कर्मियों ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 पुलिस टीम ने उपद्रवी मरीज को हिरासत में लिया और प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल, नवादा भेजा। वहां से उसे पावापुरी विम्स रेफर कर दिया गया। धनंजय कुमार का आरोप है कि उसे पेट में असहनीय दर्द हो रहा था, लेकिन अस्पताल में मौजूद चिकित्सक व कर्मी इलाज में लापरवाही बरत रहे थे। उसकी हालत को गंभीरता से नहीं लिया गया। वहीं, थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया कि मरीज की हालत को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इलाज कराया गया। जांच में सामने आया है कि वह किडनी स्टोन से पीड़ित है और वर्तमान में पावापुरी विम्स में इलाजरत है। मामले की जांच की जा रही है।

श्रद्धा के साथ मनी होम्यो जनक की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

विश्व होम्योपैथिक दिवस
10 अप्रैल हैनीमैन जयंती
हैनीमैन जयंती समारोह
Dr. Samuel Hahnemann
(10 April 1755 - 2 July 1843)

नवादा। जिला मुख्यालय के कन्हाई नगर स्थित ओम निवास परिसर में गुरुवार को होमियोपैथ के जनक हैनीमैन की 270वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता डॉ. सुधीर कुमार ने किया जबकि मुख्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद उपस्थित थे। इन्होंने कहा कि होम्यो चिकित्सा सरल व सुगम चिकित्सा है। इसमें कम खर्च होता है। साथ इन्होंने कहा कि हैनीमैन आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। आज उनकी मेहनत से हजारों-लाखों लोग कम खर्चे में जटिल से जटील रोगों से निदान पा रहे हैं। वही अपने अध्यक्ष भाषण में डॉक्टर सुधीर कुमार ने कहा कि हनिमैन ने होम्यो चिकित्सा लाकर के गरीबों के लिए वरदान साबित हुए। साथ इन्होंने कहा कि होम्यो चिकित्सा में जटिल से जटिल रोगों का भी निदान संभव है। वह भी कम खर्चे में। इस मौके पर डा मनोज कुमार, आरएलएम जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा, डा अशोक कुमार, मानिलाल प्रसाद, सतेन्द्र प्रसाद, संजय कुमार,अशोक कुमार मेहता, दिनेश प्रसाद, शास्त्री पाण्डेय, उमेश ठाकुर सहित दर्जनों लोगों ने हनीमैन के चित्र पर फूलमाला चढ़ा कर श्रद्धां-सुमन अर्पित किया।

भगवान महावीर की जन्मभूमि कुंडलपुर में हर्षोल्लास के साथ मनी 2624वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नालंदा। भगवान महावीर जन्मभूमि कुंडलपुर में भगवान महावीर की 2624वीं जयंती धुमधाम से मनाई गई। उत्सव की शुरूआत झंडारोहण से हुआ। उसके बाद श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ ने भगवान महावीर को रथ पर विराजमान कर अमर संदेशों के साथ म्यूजियम मोड़ तक नाचते गाते नगर भ्रमण कराया। रथ यात्रा में हजारों की संख्या में जैन व अजैन श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के माध्यम से भगवान महावीर के संदेश को जन जन तक पहुंचाया गया। श्रद्धालुओं को भगवान महावीर के बताये रास्ते पर चलने की शपथ दिलाई गई। जन्मोत्सव में शामिल होने मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दल्लिी समेंत कई प्रदेशों के करीब पांच सौ जैन श्रद्धालु कुंडलपुर पहुंचे। पीठाधीश रविंद्र कृति स्वामी ने अहिंसामयी सिद्धांतों का कुंडलपुर की धरती से शंखनाद करते हुए कहा अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। परमपिता ने सभी को जीने का अधिकार दिया है। मेरा भी कर्तव्य है कि मैं दुसरे को जीने का अधिकार दूं। चाहे वह मनुष्य हो या सुक्ष्म जन्तु। उनके उपदेश को नहीं मानने वाले आज एक दूसरे के दुश्मन बन गये हैं। हजारों वर्ष बाद भी भगवान महावीर की विचारधारा प्रासंगिक है। उस समय उन्होंने जो विचार मानव जाति के लिए रखा था उसे आज तक किसी ने नहीं नकारा है। उनके द्वारा दिये गये जियो और जीने दो का संदेश को पुरे विश्व ने अपनाया। मानव, पशु, पौधा या तितली सभी को जीने का अधिकार है। आज के परिवेश में विश्व शांति के लिए अहिंसा परमो धर्मः मंत्र को अपनाने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने बिहार की महिलाओं को बनाया सशक्त : भारती मेहता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कौआकोल (नवादा)। जनता दल (यूनाइटेड) महिला प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे नारी शक्ति रथ महिला संपर्क यात्रा का गुरुवार को कौआकोल प्रखंड के दरावां गांव में भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महिला जदयू प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शोभा देवी ने की, जबकि संचालन जिला अभियान प्रभारी सतीश कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, आज से 20 साल पहले तक जिन घरों की महिलाएं केवल चूल्हा-चौका और विवाह तक सीमित थीं, उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाया है। आज बिहार की बेटियां देश में नया कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में महिलाओं को आरक्षण, जीविका समूह का सशक्तिकरण, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, पोशाक योजना, और नौकरियों में आरक्षण जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को सभी सीटों पर जिताने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमीला प्रजापति, जिला संगठन प्रभारी अरुण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी जय शंकर चंद्रवंशी, प्रो. कृष्णा रानी, उषा सिन्हा, राजकुमारी, कुसुम मंजुवाला, अफरोजा खातून, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी, कौआकोल प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, दरावां मुखिया प्रतिनिधि शंभू महतो समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं उपस्थित थी।

पुलिस ने तीन फरार वारंटियों को दबोचा

थाना रजौली
रजौली नवादा
(II)
vivo T3x
Apr 10, 2025, 11:44

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के ग़ैरिबा गांव से बीते रात्रि पुलिस बलों ने दो अलग-अलग मामलों में कुल तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायायल से निर्गत आदेश के आलोक में दो विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन लोगों को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान गैरिबा गांव निवासी स्व जगदीश महतो के पुत्र दिनेश प्रसाद,गनौरी महतो के पुत्र नन्हकू महतो एवं स्व किशुन यादव के पुत्र लाली यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों गिरफ्तार लोगों को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

कुंडलपुर महोत्सव का मंत्री ने किया शुभारंभ, आंधी-बारिश से पंडाल ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

त्रिकाल चौबीसी मंदिर
भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालन्दा)
महावीर जयन्ती- 10-11 अप्रैल 2025
कुण्डलपुर महोत्सव-2025
vivo Y100
Apr 10, 2025, 16:21

नालंदा। भगवान महावीर की 2624वीं जयंती के अवसर पर कुंडलपुर में आयोजित दो दिवसीय कुंडलपुर महोत्सव का उद्घाटन गुरुवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। यह महोत्सव पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा था। हालांकि, उद्घाटन के दिन ही भीषण आंधी और बारिश ने आयोजन पर पानी फ़ेर दिया। महोत्सव की तैयारियां जोरों पर थीं और दर्शक अपने स्थान ग्रहण करने लगे थे। तभी अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी के एक झोंके ने पूरे पंडाल को तहस-नहस कर दिया। टेंट की हालत देख दर्शक अपनी जान बचाने के लिए भागे और किसी तरह सुरक्षित रहे। इस घटना ने प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी। आंधी से पंडाल ध्वस्त होने के बाद मंदिर परिसर में त्रिकाल चैबीसी मंदिर के पास आनन-फानन में एक छोटा मंच तैयार किया गया, जहां से महोत्सव की औपचारिक शुरुआत हुई। मौसम की खराबी को देखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया। प्रशासन अब स्थिति सामान्य होने के बाद आगे की योजना पर विचार कर रहा है।

ठनका गिरने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल, पावापुरी विम्स रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। प्रखंड क्षेत्र के चितरकोली गांव में गुरुवार की संध्या आकाशीय बिजली गिरने (ठनका) से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय वे खेत में काम कर रहे थे। परिजनों की मदद से घायल को अनुमंडलीय अस्पताल, रजौली में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान चितरकोली निवासी बिरजू महतो (65 वर्ष), पिता स्व. नन्हकू यादव के रूप में हुई है। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने बताया कि ठनका लगने से मरीज की हृदय गति असामान्य हो गई है और वह आंशिक रूप से अचेत अवस्था में थे। प्रत्यक्षदर्शी सिंटू कुमार ने बताया कि बिरजू महतो खेत में काम कर रहे थे, तभी तेज गर्जना के साथ ठनका गिरा, जिससे वे झटका खाकर वहीं बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वहीं, अस्पताल परिसर में मौजूद चंदन सिंह ने बताया कि उसी समय सती स्थान के पास एक ताड़ के पेड़ पर भी ठनका गिरा, जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया। गौरतलब है कि मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण इलाके में आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि खराब मौसम में खुले स्थानों और खेतों में काम करने से बचें।

संतोष कुमार वर्मा बने प्रखंड 20 सूत्री कमेटी के अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। बिहार सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में प्रखंड स्तरीय कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों को नामित किया गया है.रजौली प्रखंड स्तरीय बीस सूत्री मनोनयन में अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा एवं उपाध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह को बनाया गया है वहीं सदस्य के रूप में अभिषेक कुमार, गौरव शांडिल्य गगन, मृत्युंजय सिंह, रेखा देवी, कपिल राम, जितेन्द्र पासवान, संदीप पासवान,अरुण कुमार, अजय यादव, संदीप कुमार, जशीम खान, शोभा देवी एवं अनिल कुमार सिंह को नामित किया गया है। इस मनोनयन से स्थानीय एनडीए कार्यकर्ताओं में खुशी है।

20 सूत्री समिति के गठन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह, नीतीश सरकार ने दिया सम्मान: दीपक कुमार मुन्ना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने स्थानीय कार्यकर्ताओं को बड़ी सौगात दी है। राज्य के सभी 38 जिलों के 534 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। हर समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कुल 15 सदस्य नामित किए गए हैं। इस निर्णय का स्वागत करते हुए जदयू नवादा जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता दीपक कुमार मुन्ना ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं एनडीए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे ना केवल हजारों कार्यकर्ताओं को सम्मान मिला है, बल्कि उन्हें स्थानीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं की निगरानी का अधिकार भी प्राप्त हुआ है। मुन्ना ने नवादा जिले के सभी 14 प्रखंडों में गठित समितियों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में इमानदारी से काम करें। प्रखंड स्तरीय समितियों की बैठक हर दो महीने में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की होगी, जो समिति के अध्यक्ष से परामर्श कर एक सप्ताह पूर्व सूचना देंगे। बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी, और अगली बैठक में पूर्व बैठक के निर्णयों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। समिति राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, सात निश्चय योजना, नल-जल, सड़क-पुल, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, पंचायती राज, खेलकूद, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, एससी-एसटी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, कृषि रोडमैप, आपदा प्रबंधन आदि की समीक्षा करेगी। समिति के सदस्य सचिव बीडीओ होंगे जबकि अंचल अधिकारी, बैंकों के शाखा प्रबंधक सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी सदस्य के रूप में समिति में शामिल रहेंगे। इस निर्णय को जहां एक ओर स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी को मजबूती देने की पहल माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर यह आगामी चुनावों से पहले एनडीए सरकार की रणनीतिक राजनीतिक पहल भी है, जिससे संगठनात्मक ढांचे को जमीनी स्तर पर और सशक्त किया जा सके।

सिरपतिया में रामलीला का भावुक समापन, सीता विदाई प्रसंग ने भिगोईं आंखें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। डोहड़ा पंचायत के सिरपतिया गांव में बीते आठ दिनों से चल रहे रामलीला मंचन का समापन मंगलवार रात भावुक सीता विदाई प्रसंग के साथ हुआ। आयोजन ने समूचे गांव को भक्ति और भावनाओं के रस में डुबो दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जाने-माने शिक्षाविद, समाजसेवी एवं मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह रहे। कार्यक्रम में आदर्श युवा क्लब सिरपतिया की ओर से उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सीता विदाई की मार्मिक लीला के मंचन के दौरान उपस्थित जनसमूह भावुक हो उठा। राजा जनक द्वारा बेटी सीता को विदा करते समय मंच पर कलाकारों की प्रस्तुति इतनी जीवंत रही कि दर्शकों की आंखें भी भर आईं। मुख्य अतिथि डॉ. अनुज ने अपने संबोधन में कहा– भगवान श्रीराम की कथा केवल एक गाथा नहीं, जीवन जीने की शिक्षा है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे आदर्श हैं। सीता की विदाई में जनक और सुनैना के आंसू केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि हर उस पिता और मां की पीड़ा हैं, जो बेटी को विदा करते हैं।ङ्क उन्होंने आगे कहा– अपनी बेटियों को सीता के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देनी चाहिए। साथ ही, हमें अपने बच्चों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने की जरूरत है। रामलीला जैसे आयोजन हमारी सभ्यता की जीवंत धरोहर हैं। इस अवसर पर रामलीला मंचन में भाग लेने वाले कलाकारों को स्मृति चिह्न व सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया गया। मंचन के सभी पात्रों के अभिनय की मुक्तकंठ से सराहना की गई। समारोह में जिला परिषद सदस्य देवा चौहान, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, आदर्श युवा क्लब के अध्यक्ष सरयुग चौहान, रामईश्वर चौहान, किशुन चौहान, मनोज कुमार, किशोरी चौहान, जालिम चौहान, दिलीप चौहान, अजय चौहान, प्रभात चौहान, राजकुमार सिंह, युवा नेता चंदन कुमार गोनामा, डॉ. संजय कुमार, मसौढ़ा के राजकुमार सिंह, नारदीडीह के समाजसेवी प्रवीण कुमार सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रामलीला के इस सफल आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को भी नया आयाम दिया।

पुलिस दबिश से घबराए चोरों ने छोड़ी चोरी की बाइक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। पुलिस की सक्रियता और लगातार दबिश के चलते बाइक चोरों के हौसले पस्त होते नजर आ रहे हैं। हालिया घटना में, मुरहेना गांव निवासी सुभाष कुमार गुप्ता की चोरी हुई स्प्लेंडर बाइक को पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल के समीप से बरामद कर लिया है। बताया गया कि पीड़ित अपने बेटे का आधार कार्ड बनवाने प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक उड़ा ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और छानबीन शुरू हुई।

पुलिस गश्ती दल के एक चौकीदार ने रात में अस्पताल के पास लावारिस हालत में खड़ी बाइक देखी और इसकी सूचना थाने को दी। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक प्रखंड कार्यालय, अस्पताल, बीआरसी, बैंक व इंटर स्कूल के पास से कई बाइकें चोरी हो चुकी हैं। इन चोरी की घटनाओं में अधिकतर हीरो और होंडा ब्रांड की बाइकें रही हैं, जिससे अंदेशा है कि चोर गिरोह इन ब्रांड की लॉकिंग प्रणाली को तोड़ने में माहिर हैं। सूत्रों के अनुसार, चोरी की गई अधिकांश बाइकों का इस्तेमाल शराब के अवैध परिवहन में किया जा रहा है। पुलिस ने बाइक चोर गिरोह की गिरफ्तारी के लिए सादे लिबास में बलों को क्षेत्र में तैनात किया है। थानाध्यक्ष ने विश्वास जताया है कि जल्द ही चोर गिरोह पुलिस की गिरफ्त में होगा।

दीपक हत्याकांड के चार आरोपित गिरफ्तार

पुलिस की बड़ी कार्रवाई 48 घंटे के अंदर चार अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। हत्या के चार आरोपी को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार एक अभी भी फरार पैसे के खातिर मारी गोली, घटना बीते 7 अप्रैल को रोशनगंज थाना क्षेत्र के अंबाखार धोबिया जंगल में एक व्यक्ति को गोली मार कर हत्या कर दिए दिया गया था,उक्त मामले में पुलिस ने रोशनगंज थाना में कांड संख्या 103/(1)/238(5) में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसका अनुसंधान तकनीकी शाखा के माध्यम से शुरू किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के अंदर चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता के दौरान एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले के गंभीरता से लेते हुए तकनीकी शाखा के सहायता एवं एफएसएल के सहायता से मामले को उद्वेदन करते हुए उक्त घटना में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि इमामगंज के रानीगंज निवासी दीपक कुमार रूप में किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि दीपक को अफीम के कारोबार के लिए जंगल मे बुलाया था, पैसे के लेनदेन में समस्या हुई तो उसके उपर आवेश में गोली चला दी गई जिससे उसकी मौत हो गई और सभी आरोपी घटना स्थल से फरार हो गये। घटना के उद्‌भेदन हेतु तकनीकी शाखा के माध्यम से अनुसंधान शुरू किया गया तो पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया जिससे पूछताछ किया गया तो उसने स्वीकार किया कि आवेश में आकर गोली मार दिया गया, और उसके पास पड़े पैसे व अन्य समान ले कर भाग गए। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधियों की पहचान विकास कुमार, मंटू कुमार, सुनील यादव, अशोक यादव समेत एक अन्य व्यक्ति भी शामिल।है जो पुलिस के गिरफ्त से फरार है। तलाश की जा रही है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
शेरघाटी

शब्दवीणा की देवघर जिला समिति का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। राष्ट्रीय साहित्यिक सह सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की झारखंड प्रदेश समिति के अंतर्गत देवघर जिला इकाई का गठन सम्पन्न हुआ। शब्दवीणा के राष्ट्रीय परामर्शदाता मंडल के वरीय सदस्य एवं झारखंड प्रदेश संरक्षक साहित्यसेवी प्रो. डॉ. रामनंदन सिंह के निर्देशानुसार प्रबुद्ध साहित्यकार डॉ विजय शंकर को शब्दवीणा देवघर जिला समिति में जिलाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है।वहीं वरिष्ठ साहित्यकार अनिल कुमार झा शब्दवीणा देवघर जिला समिति को संरक्षक के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।शब्दवीणा की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि जिला अध्यक्ष डॉ. विजय शंकर एक अति विद्वान, संवेदनशील व अनुभवी साहित्यकार होने के साथ एक कुशल संगठनकर्ता भी हैं, जिसका लाभ निश्चित रूप से समस्त शब्दवीणा परिवार को मिलेगा।डॉ. शंकर के परामर्श से शब्दवीणा देवघर जिला समिति का उपाध्यक्ष कवयित्री डॉ. इति कुमारी को, सचिव डॉ. परशुराम तिवारी को, संगठन मंत्री सोनाली भारती को, कोषाध्यक्ष बबन बदिया को, साहित्य मंत्री सोनम झा को एवं प्रचार मंत्री धीरेन्द्र छतहारवाला को बनाया गया है। डॉ. रश्मि ने बतलाया कि प्रो. रामनंदन सिंह के संरक्षण तथा डॉ. विजय शंकर के संयोजन में आने वाले दिनों में शब्दवीणा देवघर जिला समिति के तत्वावधान में भी समाजोपयोगी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किये जायेंगे। शब्दवीणा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा प्रसाद कुमकुम, प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार यादव, प्रदेश सचिव अर्पणा कुमारी, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ रजनी शर्मा चंदा, प्रदेश साहित्य मंत्री प्रो. नूतन शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री शेखर एवं प्रदेश प्रचार मंत्री आशीष जैन के साथ-साथ महावीर सिंह वीर, वंदना चौधरी, डॉ विभा जोशी, डॉ रवि प्रकाश, अनुराग सैनी मुकुंद, पंकज मिश्र, प्रो. सुबोध कुमार झा, पी. के. मोहन, डॉ गोपाल निर्दोष, सुरेश विद्यार्थी, राघव दुबे, सुरजीत झा, शशिकांत गुप्ता आदि ने खुशी जाहिर की।

एक नजर

मृतक के परिजनों को जिला पार्षद डॉ पिंकी ने दी सांत्वना

वजीरगंज (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। केनारचट्टी में गुरूवार को जिला पार्षद डॉ0 पिंकी कुमारी मृतक पंकज कुमार के पिता रामजित रविदास एवं परिजनों से मिलकर सांत्वना दी एवं हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। डॉ0 पिंकी कुमारी ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि इस मामले में जिसकी भी गलती हो उसे सजा मिलनी चाहिये और बेसहारा हुए परिवार को उचित मुआवजा भी मिले, इसके लिये सभी प्रकार के जरूरी कार्रवाई में परिजनों का सहयोग किया जायगा। मौके पर कांग्रेस नेता रामाश्रय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।यह बता दें कि बुधवार को बस के बंफर के धक्के से पंकज कुमार की मौत हो गई थी, वह घर का इकलौता सहारा था।

फोरलेन बाइपास पुल से गिरा वाहन

वजीरगंज (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। वजीरगंज फोरलेन बाईपास पुल में गिरे स्कॉर्पियो को गुरूवार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।बीते रविवार की देर रात दर्दनाक हादसे में शामिल स्कॉर्पियो को क्रेन की मदद से निकाला गया है।थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि गाड़ी निकाले जाने की सूचना मुझे मिली है, हलांकि इस संबंध में अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।दोपहर को वाहन निकालने के दरम्यान वाहन की स्थिति देखने के लिये लोगों का भीड़ भी जुटीर रही।गाड़ी के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त था तथा आगे एवं पीछे का शीशा टूटा हुआ था।वाहन खुद ही गंभीर दुर्घटना बयां कर रहा था।यह बता दें कि इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें पति - पत्नी व उनके दो बेटे शामिल थे।

20 सूत्री के उपाध्यक्ष बने राधेश्याम सिंह

शेरघाटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के नव मनोनीत विश्व सूत्री के उपाध्यक्ष बनाये गए राधेश्याम सिंह,सदस्य रवि सिंह,अरुण सिंह के बनाए जाने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। बातचीत के दौरान राधेश्याम सिंह ने बताया कि विश्व सूत्री के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल को शेरघाटी के जनता की ओर से बधाई देता हूं जिन्होंने मेरे ऊपर भरोसा दिखाया है।

पीड़ित परिवार से मिले राजद जिलाध्यक्ष, दी सांत्वना

कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखण्ड के बेदौली गांव में राजद जिलाध्यक्ष सुभाष यादव ने पीड़ित परिवार से गुरुवार के दोपहर दो बजे मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। यह जानकारी देते हुए बताया गया कि राजद जिलाध्यक्ष ने परिवार की स्थिति को समझने की कोशिश की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं, पीड़ित परिवार ने राजद जिलाध्यक्ष की इस पहल की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। बता दें कि बीते दिनों गया - गोह मार्ग पर बेदौली गांव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से ननकू यादव के पुत्र छोटू यादव उम्र 30 वर्ष की मौत घटना स्थल पर हो गई थी। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रजापति, सुजित यादव, अरुण यादव आदि मौजूद थे।

तेज आंधी ने एक बच्चे की ली जान

वजीरगंज (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। वजीरगंज में गुरूवार को तेज आंधी एवं बारिश ने कईयों के आशियाने उजाड़ दिये तथा दर्जनों पुराने पेड़ गिर गये और एक बच्चे की मौत भी हो गई। क्षेत्र के लगभग सभी गावों में आंधी ने अपने ताकत की नुमाइश की।मिली जानकारी के अनुसार कढ़ौना में एक ताड़ का पेड़ उपर से टूटकर नीचे गिरा, जिसकी चपेट में आने से एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

भीम संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। गुरुवार को जदयू जिला मुख्यालय में 13 अप्रैल को बापू सभागार पटना में होने वाले भीम संवाद कार्यक्रम समारोह की तैयारी के लेकर जिला जदयू अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार के अध्यक्षता में बैठक हुई।जिसमें मुख्य रूप से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि जिले से छोटी गाड़ी और ट्रेन से काफ़ी संख्या में चल कर उपस्थिति दर्ज करना है।बापू सभागार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि और प्रदेश के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, निबंध मंत्री रत्नेश सदा सहित कई मंत्री शिरकत करेंगे। उपस्थित लोगों ने कहा कि बाबा साहब के मार्ग पर मुख्य मंत्री चल रहे हैं।और अनुसूचित जाति के बीच में काफी जन कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाबासाहेब अंबेडकर को सपना सकार करने वाले पहले मुख्यमंत्री है। बैठक में जिला पूर्व विधायक डॉ कृष्णनंदन यादव, महासचिव डॉ शंकर चौधरी, उपाध्यक्ष किशोर चौधरी, निर्भय कुमार, राजकुमार पासवान, संजय दास, देव कुमार मांझी, अजय मांझी, संजय कुमार, छोटे लाल दास, लक्ष्मण दास, रामानंद दास, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गोपालपुर, चिताप कला और श्रीरामपुर से पैक्स के चुनाव परिणाम घोषित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 9 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू किया गया। सर्वप्रथम चिताप कला पैक्स के मतों की गिनती हुई जिसमें जितेंद्र यादव को सर्वाधिक 237 मत प्राप्त कर विजय घोषित हुए। जबकि निकटतम प्रत्याशी मंजू देवी का 215 मत मिले। निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ स्नेहिल आनंद ने मतों की गिनती के बाद विजई होने की घोषणा किया।

घोषणा के बाद बाहर निकलने पर समर्थकों ने माला पहना कर खुशी का इजहार किया और स्वागत किया। श्रीरामपुर पैक्स से राहुल कुमार उर्फ बंटी सिंह 28 मतों से चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। उन्हें 168 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी धर्मेंद्र सिंह उर्फ माधव सिंह को 140 मत प्राप्त हुआ। इसी प्रकार हनुमंत प्रताप सिंह को 126, पूर्व पैक्स अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह को 103 मत से संतोष करना पड़ा। वहीं पांचवें स्थानों पर रवि रंजन सिंह को 87 मत मिला। इसी प्रकार गोपालपुर पैक्स से रजनीश कुमार को कुल 517 मत प्राप्त हुए,उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जितेंद्र कुमार को 213 मतो से हराया। इस जीत के बाद बधाई देने वालो में डॉ अमित कुमार,सुबोध कुमार सिंह,अरविंद सिंह,दिलीप यादव समेत कई लोगों ने प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी।

तेज आंधी ने मचाई तबाही, बिजली के तार गिरे कई आशियाने उजड़े

रबी फसल की हुई बर्बादी, किसान मायूस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। गुरुवार के दोपहर ढाई बजे क्षेत्र के अधिकांश गांवों में तेज आंधी ने जमकर कहर बरपाया। इस प्राकृतिक आपदा ने गांवों में भारी नुकसान पहुंचाया, जिसमें बिजली के तारों से लेकर गरीबों के आशियानों तक को तबाह कर दिया। कई जगह पानी की टंकियां जमीन पर गिरकर चकनाचूर हो गईं, वहीं, ढिबरी गांव में 50 साल पुराना एक विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर गिर पड़ा। इसके अलावा, किसानों की मेहनत से काटी गई रबी फसल तेज हवाओं के साथ उड़ गई, जिसका कोई अता-पता नहीं चल सका।स्थानीय लोगों के अनुसार दोपहर अचानक आई इस आंधी ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। कई गांवों में बिजली के तार टूटकर गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। गरीब परिवारों के कच्चे मकान और छप्पर हवा के झोंकों में उड़ गए, जिससे उनका आशियाना पूरी तरह बर्बाद हो गया। मौला बीघा के पुण्यदेव यादव ने ने बताया पानी का टंकी जो सालों से बना था, वह भी गिरकर टूट गया। अब पानी के लिए भी परेशानी हो रही है।ढिबरी गांव में 50 साल पुराने पेड़ के गिरने से आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंचा। इधर, सबसे ज्यादा चिंता किसानों की है, जिनकी खेतों में काटकर रखी गई रबी फसल हवा में उड़ गई। किसान मनोज मंजिल ने रोते हुए कहा, हमारी पूरी मेहनत बर्बाद हो गई। फसल को इकट्ठा भी नहीं कर पाए थे कि आंधी सब कुछ ले गई। अब पता नहीं कहां गई। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई राहत कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली व्यवस्था को जल्द ठीक किया जाए और प्रभावित परिवारों को सहायता दी जाए। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में क्षेत्र में और तेज हवाएं चल सकती हैं। आपदा ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है और सभी प्रशासन से त्वरित राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

तेज हवाओं के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश

गर्मी से परेशान लोगों को राहत, सड़को गलियों में भरा बारिश का पानी, लोगों को हुई परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। गुरुवार की दोपहर बाद राजधानी पटना समेत कई जिलों में मौसम ने अचानक करवट ली. तेज हवाओं के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश ने गर्मी से परेशान लोगों को राहत दी. फुलवारी शरीफ इलाके में भी बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया.लोगों ने घर की छतों और बरामदों में खड़े होकर मौसम का आनंद लिया. बच्चों ने गलियों और सड़कों पर भीगते हुए खूब मस्ती की. लंबे समय बाद आई इस बारिश ने तपती धूप और उमस से राहत दिलाई। हालांकि बारिश के कारण कई सड़कों और गलियों में जलजमाव की स्थिति बन गई. फुलवारी शरीफ के इसापुर, चौराहा चुनौती कुआं सदर बाजार और खलीलपुरा मोहल्लों में जल निकासी की समस्या सामने आई. कई जगहों पर पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई. हालांकि बारिश थमने के बाद कुछ घंटे में ही पानी निकल गया और लोगों को बड़ी राहत मिली.स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियों की सफाई समय पर नहीं होने के कारण हल्की बारिश में भी जलजमाव हो जाता है. नगर परिषद से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की गई है. वहीं दूसरी ओर, किसानों के चेहरे पर बारिश से मुस्कान लौट आई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश फसलों के लिए बेहद फायदेमंद है. खासकर सब्जियों और दलहनी फसलों को इससे लाभ पहुंचेगा. मौसम विभाग ने आने वाले दो-तीन दिनों तक रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है. अभी जो बारिश हो रही है या अगले 1-2 दिन में होने की संभावना है, वो रबी सीजन की फसलों की कटाई के बाद वाली स्थिति को देखते हुए और ग्रीष्मकालीन फसलों को ध्यान में रखते हुए कुछ फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है. भिंडी, लौकी, नेनुआ, परवल, कद्दू जैसी सब्ज़ियां को फायदा होगा। इनकी बुआई गर्मी में होती है और शुरुआती सिंचाई की ज़रूरत होती है.हल्की बारिश से मिट्टी में नमी बनी रहती है जो अंकुरण और बढ़वार के लिए फायदेमंद है.

गर्मी की मूँग और उड़द (दलहन फसलें)ये मार्च-अप्रैल में बोई जाती हैं और शुरुआती नमी से अंकुरण अच्छा होता है।

हल्की बारिश इन फसलों के लिए वरदान साबित हो सकती है, बशर्ते जलजमाव न हो. मक्का (ग्रीष्मकालीन मक्का) इसमें भी बारिश से मिट्टी की नमी सुधरती है जिससे फसल अच्छी बढ़ती है। खासकर उस खेत में जहां सिंचाई की व्यवस्था कमज़ोर हो, वहां बारिश काफी सहायक है। गन्ना (जहां इसकी बुआई हो चुकी हो) गन्ना बोने के बाद अच्छी नमी चाहिए होती है। बारिश इसकी शुरुआती जड़ों के विकास में मदद करती है। फलदार पौधे (जैसे पपीता, आम को भी यह बारिश काफी फायदेमंद होगा।

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुलवारीशरीफ का विधायक ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। गुरुवार को फुलवारीशरीफ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बेहद शर्मनाक घटना घटी जब क्षेत्रीय विधायक गोपाल रविदास औचक निरीक्षण के लिए पहुँचे. यह दौरा स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने हेतु किया गया था.

निरीक्षण के दौरान आपातकालीन कक्ष में एक डॉक्टर द्वारा एक मरीज के परिजन से अनुचित व्यवहार किया जा रहा था. विधायक ने डॉक्टर को संयम बरतने की सलाह दी तो डॉक्टर ने पलटकर कहा – ''आप कौन हैं.'' जब विधायक ने स्वयं को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि बताया, तब भी डॉक्टर ने उन्हें पहचानने से इनकार किया और अपशब्द कहे। विधायक ने तुरंत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को फोन कर स्थिति की जानकारी दी. लेकिन दूरभाष पर भी डॉक्टर ने विधायक पर इलाज में बाधा डालने का झूठा आरोप लगाया। मरीज रमेश कुमार, निवासी खलीलपुरा, ने बताया कि उक्त डॉक्टर बिना जाँच के इंजेक्शन दे रही थीं. जब उनके परिजन ने आपत्ति जताई तो डॉक्टर ने उन्हें डांटना शुरू कर दिया. इस पर विधायक ने उन्हें मृदुभाषी बनने की सलाह दी, जिस पर डॉक्टर उनसे भी बहस करने लगीं. विधायक गोपाल रविदास ने डॉक्टर से बार-बार क्षमा मांगने को कहा लेकिन उन्होंने नहीं मांगी और विधायक से उलझती रही। विधायक गोपाल रविदास ने कहा डॉक्टर के कहने पर सुरक्षा गार्ड ने भी उनसे दुर्व्यवहार किया और उन्हें रोकने की कोशिश की. यह न सिर्फ जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन भी है.यह पूरी घटना चिकित्सा नैतिकता और सरकारी सेवा नियमों का खुला उल्लंघन है. हम स्वास्थ्य विभाग से आग्रह करते हैं कि उक्त डॉक्टर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा उन्हें तत्काल सेवा से निलंबित कर जाँच आरंभ की जाए. विधायक के समर्थकों ने कहा कि जल्द ही इस मामले में डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा।

वक्फ बिल पर फुलवारीशरीफ में मना प्रतिवाद दिवस

वक्फ संशोधन कानून जबरन मुसलमानों पर थोपा गया : विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। वक्फ संशोधन बिल 2025 के खिलाफ इंसाफ मंच के बैनर तले 10-11 अप्रैल को राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस आयोजित किया गया. मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से यह प्रतिवाद ईशोपुर से जुलूस के रूप में प्रारंभ हुआ, जो थाना के पास एक जनसभा में तब्दील हो गया। इस सभा की अगुआई भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने की. उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ है और यह एक काला कानून है, जो अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास करता है।

जनसभा में इंसाफ मंच, भाकपा माले और राजद के कई नेताओं ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए. राजव्यापी प्रतिरोध दिवस को मो. गोल्डन खान ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार बनी है, हर छोटे तबके को बारी-बारी से परेशान किया जा रहा है. इस सरकार के द्वारा उनके अधिकारों को कुचला जा रहा है। राजद नेता कौशल खान ने संबोधित करते हुए कहा कि यह संघी सरकार हमारे अधिकारों पर हमले कर रही है और मुस्लिम समुदाय को डराना चाहती है, परंतु यह भारत है, यह देश संविधान से चलेगा, ना कि मनुस्मृति से. वहीं स्थानीय विधायक गोपाल रविदास ने प्रतिरोध मार्च को संबोधित करते हुए कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है, लगातार दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों के अधिकारों पर हमले हो रहे हैं. सत्ता में संघी मानसिकता के लोग बैठे हुए हैं और देश को मनुस्मृति से चलाना चाहते हैं. परंतु उनकी मानसिकता कभी कामयाब नहीं होने दी जाएगी. वक्फ संशोधन कानून लाकर मुस्लिमों पर जबरदस्ती थोपा जा रहा है, जिसके कारण पूरे देश में मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है।

इस कानून के विरोध में पूरे भारत के कोने-कोने में न्याय पसंद और संविधान में विश्वास करने वाले लोग मुस्लिम समुदाय के अधिकारों को बचाने के लिए आंदोलित हैं. इस सरकार को वक्फ संशोधन कानून को तुरंत वापस लेना चाहिए. इस प्रतिरोध मार्च में भाकपा माले नेता साधुशरण, देवीलाल पासवान, शरीफा मांझी, मोहम्मद गोरख, मो. सफ़ीक, अनिल चंद्रवंशी, नौलेश यादव, राजद नेता छोटे खान, गोल्डन खान, मो. आमिर सहित सभी वक्ताओं ने एकमत से इस बिल को संविधान विरोधी और समुदाय विशेष पर हमला करार देते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

WAQF BOARD
संविधान पर खुला हमला बंद करो!
वापस लो!
मुस्लिम समुदाय के धार्मिक आजादी पर हमले के खिलाफ आवाज बुलंद
राज्यव्यापी प्रतिवाद

संपादकीय

ट्रंप की आर्थिक दादागिरी

ट्रंप की आर्थिक दादागिरी और मनमाने टैरिफ की वजह से अमेरिका सहित पूरी दुनिया में हाहाकार मचा है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिर चाहते क्या हैं, जिस तरह वो आएं बाएं शांय तरीके दूसरे देशों पर टैरिफ थोपते जा रहे हैं, उसे लगता है कि दुनिया में अब अमेरिका का कोई मित्र बचा नहीं है और अगर कोई बचा भी होगा तो चंद दिनों बाद वो भी ट्रंप टैरिफ की मार में होगा। कई देश ट्रंप की इस सनक भरी दादागिरी से निपटने के लिए अपनी अपनी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भारत इस मामले में संयम और संजीदगी से काम ले रहा है। हालांकि ट्रंप की सुनामी के झटके उसे भी लग रहे हैं। लेकिन चीन, जो कि ट्रंप ने अव्वल निशाने पर है, ने ट्रंप की धमकियों के आगे झुकने से इंकार कर दिया है। बल्कि उसने तो यह भी कह दिया है कि वह अमेरिका से हर तरह से मुकाबले के लिए तैयार है। चीन ने अमेरिका पर अतिरिक्त 34 फीसदी टैरिफ आयद कर दिया है, जिससे राष्ट्रपति ट्रंप बुरी तरह बौखला गए हैं। उन्होंने चीन को चेतावनी दी है कि अगर 10 अप्रैल तक उसने यह अतिरिक्त टैरिफ वापस नहीं लिया तो अंजाम बुरा होगा। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वास्तव में क्या होगा। इस बीच शेयर बाजार में सोमवार के 'ब्लैक मंडे' के बाद मंगलवार को एशिया के बाजार संभले हैं और सेंसेक्स चढ़ा है। यह सभी के लिए राहत की बात है। उधर चीन ने घरेलू बाजार को दुरूस्त करने तथा मित्र देशों के साथ व्यापार बढ़ाने पर जोर दिया है। रणनीति यही है कि अगर अमेरिका को निर्यात करने की जगह मित्र देश आपस में वस्तुओं का आयात निर्यात करें तो अमेरिका भो भारी झटका दिया जा सकता है। हालांकि इस रणनीति के परिणाम भी दिखने लगे हैं। इसी दौरान दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्थाओं चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जवाब में चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने चीनी सामान पर और 50 प्रतिशत टैक्स लगाया, तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। इससे आने वाले दिनों में ट्रेड वॉर और गहरा सकता है। चीनी मंत्रालय ने कहा कि चीन ने जो जवाबी कार्रवाई की है, उसका उद्देश्य अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा करना है। साथ ही, सामान्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को बनाए रखना है। ये पूरी तरह से जायज हैं। अमेरिका का चीन पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी एक गलती पर दूसरी गलती है। यह एक बार फिर अमेरिका की ब्लैकमेलिंग की प्रकृति को उजागर करता है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपनी मनमानी करता है, तो चीन अंत तक लड़ेगा। दरअसल ट्रंप आए दिन जो मनमानी कर रहे हैं, उससे उनकी उनकी वैश्विक अर्थव्यवस्था को फिर से संतुलित करने की कोशिश एक विनाशकारी व्यापार युद्ध को और बढ़ा सकती है। टैरिफ युद्ध के कारण टोक्यो से लेकर न्यूयॉर्क तक के शेयर बाजार अस्थिर हो गए हैं। अगर ट्रंप चीनी उत्पादों पर नए टैरिफ लगाते हैं, तो चीनी सामानों पर अमेरिकी टैरिफ कुल मिलाकर 104 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। चीन अमेरिका के टॉप ट्रेडिंग पार्टनर्स में से एक है। वैसे ट्रंप के इस टैरिफ पागलपन के पीछे उनकी मंशा रोजगार और काम को अमेरिका के अंदर बनाए रखने की है, ना कि आप्रवासियों को बाहर रखने की। मगर, यह फ़ैसला अमेरिका को संरक्षणवाद के मामले में एक सदी पीछे ले जाने वाला है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता पत्रकारिता को मजबूत करेगी या कमजोर

कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) दुनिया भर की दशा और दिशा बदल रही है। इसे लेकर एक अलग दुनिया के दावे किए जा रहे हैं। 'एआई' के चौंकाने वाले आविष्कारों की जानकारी और उनके उपयोग के साथ इसके खतरों के कहानी-किस्से भी मीडिया के माध्यम से दुनिया को सुनने मिल रहे हैं। ऐसे में पत्रकारिता इससे कैसे दूर रह सकती है? 'एआई' का चमत्कार और पराक्रम देखकर लगता है कि यह प्रौद्योगिकी हौले-हौले पत्रकारिता को भी बदल देगी। क्या वास्तव में पत्रकारिता के साथ ऐसा होगा? इसे लेकर जितने प्रयोग, चिंतन, बहस और चर्चा दुनिया के उत्तरी गोलार्ध के विकसित कहे जाने वाले देशों में है, उतने दक्षिण की आधी दुनिया के विकासशील देशों में शायद नहीं है।

डॉ. संतोष पाटीदार

'ग्लोबल साउथ' के पत्रकारों में 'एआई' को लेकर असमंजस है। प्रौद्योगिकी के प्रयोग से जुड़े जोखिम और दायित्व, मीडिया प्रबंधन में नीतिगत उदासीनता, महंगे उपकरण, प्रशिक्षण का अभाव जैसे कारण 'एआई' पत्रकारिता की राह में बाधक है। तकनीकी विकास के इस दौर में यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले वर्षों में 'एआई' की दिशा बदलती है या नहीं और क्या 'ग्लोबल साउथ' या विकासशील देशों के पत्रकार भविष्य में अपने काम के लिए 'एआई' को एक संसाधन के रूप में अपनाएंगे या उससे जुड़े संभावित दायित्व और जोखिम के रूप में देखेंगे।

इस तकनीक को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता तो बहुत है, लेकिन इसके प्रभाव के बारे में अधिकांश बहस या बातचीत विकसित देशों तक ही केंद्रित रही है। इस आधी दुनिया के दृष्टिकोण के आधार पर दुनिया भर में मान्यताएं बन रही हैं। इसके प्रयोग में वहां की पत्रकारिता भी प्रमुख रूप से आगे है। दुनिया में 'ग्लोबल साउथ' के देश कमजोर या बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के साथ विकसित हो रहे हैं। ऐसे देशों में 'एआई' को लेकर मीडिया के दृष्टिकोण पर एक अध्ययन किया गया है। 'ग्लोबल साउथ' में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया आदि महाद्वीपों के देश शामिल हैं।

'थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन' (टीआरएफ) की एक रिपोर्ट, जो दुनिया के 70 से अधिक देशों के 200 से अधिक पत्रकारों के सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर आधारित है, सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर अध्ययनकर्ता डमियन रेडक्लिप विस्तार से बताते हैं कि इस अध्ययन का उद्देश्य 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की जानकारी और आशंका पर प्रकाश डालना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'एआई' का उपयोग किस तरह किया जा रहा है, न्यूज़रूम के सामने क्या-क्या अनोखी चुनौतियाँ हैं और पत्रकारों, न्यूज़रूम के लीडरों, वित्तपोषकों और नीति-निर्माताओं के लिए इसके क्या निहितार्थ हैं?

WHAT IS HAPPENING ?
WORLD
NEWS
NEWS
designed by freepik

इस रिपोर्ट के कुछ निष्कर्ष हैं : (1) 'एआई' को अपनाना व्यापक, लेकिन असमान है। सर्वेक्षण में 'एआई' प्रौद्योगिकी के लिए 'सतर्क आशावाद' पाया गया, एक ऐसी भावना जो शायद इस तथ्य को झुठलाती है कि वैश्विक-दक्षिण में 'एआई' को अपनाना महत्वपूर्ण है। 10 में से आठ से अधिक (81.7 प्रतिशत) पत्रकार अपने काम में 'एआई' उपकरणों का उपयोग करते हैं। 81 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे पहले से ही अपने काम में 'एआई' टूल का उपयोग करते हैं। इनमें से लगभग आधे (49.4 प्रतिशत) लोग प्रतिदिन 'एआई' का उपयोग करते हैं, जो दर्शाता है कि कितनी जल्दी यह उनकी कार्य-संस्कृति का हिस्सा बन गया है।

पत्रकार मुख्य रूप से कंटेंट का प्रारूप तैयार करने और संपादन, ट्रांसक्रिप्शन, तथ्यों की जांच और शोध के लिए 'जनरेटिव एआई' का उपयोग कर रहे हैं। 'चैटजीपीटी,' 'ग्रामरली,' 'ओटर' और 'कैनवा' जैसे उपकरण कई पत्रकारों के लिए आवश्यक हो गए हैं, क्योंकि वे समय बचाने और दक्षता बढाने की क्षमता रखते हैं, साथ ही उनके विचारों का दायरा और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। जैसा कि घाना के एक पत्रकार ने बताया, 'एआई ने मेरी पत्रकारिता को काफी हद तक बेहतर बनाया है। इसने मेरे शोध को सुव्यवस्थित किया है और मुझे जटिल डेटा का त्वरित और सटीक विश्लेषण करने में सक्षम बनाया है, विशेष रूप से 'एचआईवी' शोध और पर्यावरण रिपोर्टिंग जैसे क्षेत्रों में।'

(2) 'एआई' अपनाने में बाधाएं ~ प्रशिक्षण और नीतिगत समस्याओं के कारण 'एआई' की इस नई प्रौद्योगिकी या टेक्नोलॉजी तक पहुंच आसान नहीं होती, फिर भी, 'एआई' को लेकर सभी में उत्साह है। सर्वेक्षण में करीब 13 प्रतिशत पत्रकारों ने बताया कि उनके न्यूज़रूम में 'एआई' नीति है, हालांकि इसे अपनाने में अन्य बाधाओं का भी सामना करना पड़ता है। कई पत्रकारों ने 'एआई' उपकरणों तक सीमित पहुंच, उच्च लागत और प्रशिक्षण की कमी के साथ-साथ मार्गदर्शन की कमी जैसी बाधाओं की बात कही। कुछ लोगों के लिए, विशेष रूप से कम संसाधन वाले न्यूज़रूम में, 'एआई' को अपनाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। अक्सर ऐसा वित्तीय और तकनीकी बाधाओं के कारण होता है।

सर्वेक्षण में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह था कि लगभग 58 फीसदी 'एआई' उपयोगकर्ता स्वयं-शिक्षित हैं, यानी खुद के प्रयास से इस विधा को सीख रहे हैं, उनके नियोक्ताओं से उन्हें कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं मिला है। यह निवेशकों के लिए एक अवसर प्रदान करता है। कई पत्रकारों ने 'एआई'-केंद्रित कार्यशालाओं, नैतिक दिशा-निर्देशों और न्यूज़रूम नीतियों की जरूरत की इच्छा जताई, जो उन्हें 'एआई' की क्षमता को जिम्मेदारी से प्रयोग करने में मदद कर सकती हैं। जैसा कि 'संयुक्त-अरब-अमीरात' के एक न्यूज़रूम मैनेजर ने बताया कि दर्शकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए नीतियां आवश्यक हैं, विशेष रूप से 'एआई'-जनरेटेड सामग्री के मामले में। न्यूज़रूम में 'एआई' के उपयोग के लिए स्पष्ट नैतिक ढांचे, नियामक दिशा-निर्देश और पारदर्शिता जरुरी है। एशिया के पत्रकार मानते हैं कि 'एआई' पत्रकारिता के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी है, लेकिन इसका उपयोग बहुत जिम्मेदारी से करना होगा।

भविष्य की ओर देखते हुए, विकासशील देशों के पत्रकार 'एआई' को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जो उनके काम को बेहतर बना सकता है - बशर्ते इसका उपयोग जिम्मेदारी से किया जाए। इस विरोधाभास को स्पष्ट करते हुए, भारत के एक पत्रकार ने कहा कि 'एआई' की गति, डेटा-विश्लेषण और दक्षता पत्रकारिता की पहुंच को बढ़ा सकते हैं, लेकिन यह गलत सूचना और पत्रकारिता की अखंडता के लिए जोखिम भरी चुनौतियां भी पेश करता है। विकासशील देशों में पत्रकारिता को लाभ पहुँचाने के लिए पत्रकारों, वित्तपोषकों, मीडिया विकास संगठनों और नीति निर्माताओं को संयुक्त रूप से 'एआई' प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। पत्रकारिता की विविध आवश्यकताओं के लिहाज से उपयुक्त 'एआई' उपकरण बनाने के लिए मीडिया संगठनों, डेवलपर्स और निवेशकों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। पत्रकारिता में इस प्रौद्योगिकी की पहुंच समान रूप से होना चाहिए। यह सुनिश्चित करना कि 'एआई' के लाभ बड़े, संसाधनों वाले न्यूज़रूम तक सीमित न हों। जैसे-जैसे 'एआई' को अपनाने की प्रक्रिया तेज होती जा रही है, पत्रकारों, न्यूज़रूम और नीति निर्माताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना होगा कि प्रौद्योगिकी पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को कमजोर करने की बजाय मजबूत बनाए। (सप्रेस)

अध्यात्म

दूसरों को खुश करने की कोशिश करते हैं तो हमारी खुशी भी बढ़ जाती है

चीकू खरगोश आज बहुत दुखी था। एक हफ्ते से उसने जो गाजर इकट्ठा किए थे वो कीड़े लगने के कारण खराब हो गए। चीकू से मिलने उसकी दोस्त मिनी चुहिया, उसके घर आई। चीकू ने सारी बात मिनी को बताई। मिनी उसे जंगल के बहार एक खेत में ले गई जहाँ चीकू को ढेर सारे गाजर मिले। चीकू अब खुश था और चीकू उसकी खुशी देखकर मिनी भी बहुत खुश हुई।

चीकू गाजर लेकर उछलते-कूदते जंगल वापस जा रहा था तभी उसने किसी को दर्द से कराहते हुए सुना। यह आवाज़ पास खड़े आम के पेड़ से आ रही थी। चीकू ने पेड़ से उसके दर्द का कारण पूछा।

पेड़ बोला, ÷इन फलों के बोझ से मेरा तना झुका जा रहा है और मुझे बहुत दर्द हो रहा है।÷ चीकू दौड़कर गया और गोलू हाथी को बुला लाया। गोलू हाथी ने अपने सूंढ़ से पेड़ के कई आम गिरा दिए।

पेड़ को बहुत राहत मिली और उसने गोलू को धन्यवाद कहा। पेड़ को खुश देख, चीकू और गोलू भी बहुत खुश हुए। उन दोनों ने आपस में आधे-आधे आम बाँट लिए।

गोलू हाथी, आम अपने सूंढ़ में पकड़कर अपने घर की तरफ चल दिया। रास्ते में उसे कुछ गरीब बच्चे दिखे जो कई दिनों से भूखे थे और खाना मांग रहे थे। गोलू ने अपने सारे आम उन बच्चों को दे दिए। बच्चों ने मज़े से आम खाए। गोलू हाथी उन्हें खुश और संतुष्ट देख बहुत खुश हुआ। इतनी खुशी उसे कभी भी महसूस नहीं हुई थी।

जब हम दूसरों को खुश करने की कोशिश करते हैं तो हमारी खुशी भी बढ़ जाती है। इसलिए हमें अपने आसपास सबको खुश रखने की कोशिश करनी चाहिए।

बर्फीली वादियों में दौड़ेगी वंदे भारत

अप्रैल की हल्की ठंडक और वसंत की खिलती बहार... हिमालय की बर्फीली चोटियाँ, सेब के पेड़ों पर गुलाबी फूलों की चादर, और मैदानों की हरी घास – यह सब अब सिर्फ कल्पना नहीं रहेगा। क्योंकि अब जल्द ही, यह सब आप अपनी आंखों के सामने, जम्मू कश्मीर के लिए स्पेशल डिजाइंड वंदे भारत ट्रेन में बैठकर देख सकेंगे। जैसे ही ट्रेन पहलगाम की घाटियों से गुजरेगी, हरियाली से सजी वादियाँ, दूर तक फैले चीड़ के जंगल और चरवाहों की झलक आपको एक लम्हे में रोक देंगे। देवदार की खामोशी को चीरती वंदे भारत की रफ्तार – तकनीक और प्रकृति का अद्भुत संगम जल्द ही आपको देखने को मिलेगा।

इंजीनियरिंग का कमाल

÷मेक इन इंडिया÷ के तहत इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) में बनी यह ट्रेन आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है, जो बिजली सी चलती है। मगर सुरक्षित और आरामदायक सफर की मिसाल है। इसका सफर हर भारतीय को गर्व से भर देगा।

क्यों खास है कश्मीर वाली वंदे भारत?

यह वंदे भारत एक्सप्रेस विश्वसनीयता, सुरक्षा और यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक एवं उन्नत सुविधाओं से युक्त है। इस वंदे भारत ट्रेन को कश्मीर घाटी की कठिन जलवायु परिस्थितियों में सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। जिससे अब हर मौसम में कश्मीर घाटी तक पहुंचना आसान होगा और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत, क्षेत्र में यात्री सेवाएँ एवं पर्यटन अनुभव बेहतर बनाएगी।

ज़ीरो से नीचे तापमान, फिर भी कनेक्टिविटी बरकरार

जम्मू-कश्मीर जैसे सर्द मौसम वाले क्षेत्र में सुचारू रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए इस वंदे भारत ट्रेन में विशेष तकनीकी सुविधाएँ प्रदान की गई हैं~

सिलिकॉन हीटिंग पैड~ यह वॉटर और बायो-टॉयलेट टैंकों में पानी को जमने से रोकेंगे। साथ ही, इनमें ओवरहीट प्रोटेक्शन सेंसर लगे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि शून्य या माइनस तापमान में भी रेल संचालन सुचारू रूप से हो।

हीटेड प्लंबिंग पाइपलाइन~ जीरो डिग्री से भी कम तापमान में सेल्फ-रेगुलेटेड हीटिंग केबल्स पानी को जमने से रोकेंगे।

ऑटो-ड्रेनिंग मैकेनिज्म~ प्लंबिंग लाइनों में पानी के जमने की समस्या को रोकेगा, जिससे संचालन में कोई बाधा नहीं आएगी।

यात्रा होगी सुगम और सुरक्षित

कश्मीर की कठिन परिस्थितियों में ड्राइवर की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए इस वंदे भारत ट्रेन में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे सुगम यात्रा संभव होगी~

एंबेडेड हीटिंग एलिमेंट~ फ्रंट लुकआउट ग्लास में लगाए गए यह एलीमेंट सर्द मौसम मंभ विंडशील्ड को डी-फ़्रॉस्ट कर ड्राइवर को क्लियर विज़न प्रदान करेंगे, जिससे सुरक्षित व सुगम ट्रेन संचालन हो सकेगा।

एंटी-स्पॉल लेयर~ बर्फबारी या आंधी जैसे कठिन मौसम के दौरान यह लेयर ड्राइवर को सुरक्षित ट्रेन के संचालन में सहायता करेगा।

सुरक्षित और आरामदायक वर्क एनवायरनमेंट~ ट्रेन को कठिन मौसम परिस्थितियों से निपटने के लिए स्पेशल रूप से डिज़ाइन किया गया है।

भारतीय रेल की न्यू-एज टेक्नोलॉजी

इस वंदे भारत ट्रेन के सुचारू संचालन और यात्रियों के आराम के लिए कई तकनीकी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं~

एयर ड्रायर सिस्टम हीटिंग~ अत्याधिक ठंड में एयर ब्रेक सिस्टम की दक्षता बनाए रखेगा। साथ ही, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (HVAC) डक्ट्स द्वारा यात्रियों की आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की गई है।

5 kVA ट्रांसफॉर्मर~ ट्रेन के महत्वपूर्ण घटकों के सुचारू संचालन और ठंडे मौसम में उनकी दक्षता बनाए रखने के लिए इसे अंडरफ्रेम में विशेष रूप से स्थापित किया गया है।

पूर्ण वातानुकूलित कोच~ सेमी-हाई-स्पीड क्षमताओं (160 किमी प्रति घंटे) से लैस होंगे, जिससे तीव्र और समयबद्ध यात्रा संभव होगी।

आधुनिक सुविधाएँ~ चौड़े गैंगवे, स्वचालित प्लग डोर, मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, इंफोटेनमेंट सिस्टम और सीसीटीवी जैसी सुविधाएँ यात्रियों के अनुभव को सुगम बनाएंगी।

यात्रा में विकास का अनुभव

कश्मीर घाटी में वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत रेल यात्रा में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह सेवा सभी मौसमों में निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी, जो बर्फबारी, कठोर ठंड और कठिन पर्वतीय चुनौतियों को पार कर सुगम यात्रा का भरोसा दिलाती है। आधुनिक सुविधाओं और जलवायु-विशिष्ट अनुकूलन के साथ, यह ट्रेन यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगी। कश्मीर घाटी को सम्पूर्ण देश से अभूतपूर्व रूप से जोड़ने के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस भौगोलिक और आर्थिक अंतर को भी समाप्त करेगी।

आज का कार्टून


घरेलू गैस हुआ पचास रुपये महंगा
चिंता मत करिए, कहीं चुनाव की घोषणा होगी, उतने ही पैसे कम कर महफिल लूट लेंगे!

राशिफल

मेष
कार्यक्षेत्र और घर दोनों का वातावरण अच्छा रहेगा। धन सम्बन्धित समस्याओं का निवारण होगा। बच्चे पढ़ाई में काफी व्यस्त रहने वाले हैं।

वृषभ
नयी परियोजनाओं पर निवेश काफी लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति के साथ ही स्थान-परिवर्तन की भी सम्भावना बन रही है।

मिथुन
किसी मामूली बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है। लक्ष्य के लिये आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। यात्रा के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिये।

कर्क
स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यवसाय में काम की अधिकता होते हुये भी अत्यन्त आनन्दित रहेंगे।

सिंह
स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहना चाहिये। दूसरों के प्रति आपके मन में ईर्ष्या की भावना पनप सकती है। व्यर्थ के वाद-विवादों से आपको बचना चाहिये।

कन्या
नये प्रेम सम्बन्ध शुरू होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को करियर में शानदार सफलता मिलेगी। अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय सावधानी रखें।

तुला
नयी योजनाओं को आज आरम्भ कर सकते हैं। घर के लोगों के लिये कुछ उपहार ले सकते हैं। पहले किये गये निवेश से लाभ मिलेगा।

वृश्चिक
आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपको जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। व्यर्थ की यात्रा से आपको बचना चाहिये।

धनु
नजदीकी लोगों द्वारा धोखा मिल सकता है। निजी समस्याओं का समाधान मिलेगा। कुछ लोग आपकी उदारता का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। कन्धे में दर्द की समस्या हो सकती है।

मकर
आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक रिश्तों को अच्छी तरह निभायेंगे। आपके रुके हुये कार्य पुनः गति पकड़ लेंगे। व्यापार में नये साझेदार जुड़ सकते हैं।

कुंभ
कारोबार में आपको भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी। बिना सोचे-समझे अपनी बात किसी से न कहें। आपको माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये।

मीन
आपको नया कार्य शुरू करने से बचना चाहिये। परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। साहित्य के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। आपको किसी की गारन्टी लेने से बचना चाहिये।

संक्षिप्त समाचार

पीएम किसान सम्मान निधि शिविर आयोजित

बीहट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बरौनी प्रखंड से दो पंचायत सिमरिया एक एव पिपरा देवस के लिए फार्म रजिस्ट्री के लिए चुना गया है। जिसमें गुरुवार को बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत में श्रीराम पुस्तकालय पर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत से किसानों ने भाग लिया कैंप का आयोजन कृषि एसी. निकेत कुमार एवं कृषि सलाहकार राजकुमार के द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों से आग्रह है कि अपना फार्म रजिस्ट्री करवा ले किसान रामजतन सिंह, राम उदित राय, विश्वनाथ कुमार राय, रणधीर कुमार ,सनी कुमार ,सुदामा कुमार ,कन्हैया राय, आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।

बीस सूत्री समिति के मनोज बने अध्यक्ष, बीके उपाध्यक्ष

बखरी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने जिले के बखरी प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति का गठन करते हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को नामित किया है। प्रखंड के बहुआरा पंचायत निवासी भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार को बीस सूत्री समिति का अध्यक्ष जबकि मोहनपुर के बिन्देश्वरी राय को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, परिहारा पंचायत समिति प्रतिनिधि केशव मिश्रा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कामिनी कंचन, अमरनाथ पाठक,अभिषेक पासवान, विपिन कुमार, पंकज पासवान,लक्ष्मी सदा,नरेश महतो,सुनील कुमार, शैलेश कुमार,मो. मोअज्जम,मंजू रानी व बीरबल ठाकुर सदस्य नामित किये गये हैं। प्रखंड के लोकसभा सदस्य तथा विधान सभा सदस्य समिति के पदेन सदस्य होंगे। बीस सूत्री समिति में शामिल सभी सदस्यों को बधाई देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता सिधेश आर्य, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कुंदन कानू, अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम, पूर्व भाजपा प्रत्याशी रामशंकर पासवान, जिला परिषद सदस्य घनश्याम राय, नितेश सिंह राजपूत, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोजिनी भारती,निकेत सिंह राठौड़, कृष्ण मोहन चौधरी, पवन सिंह, प्रियांशु रघुवंशी,शिम्पी गांधी आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि कार्यक्रम प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के गठन होने से विकास कार्यों में और अधिक तेजी आयेगी।

बस की चपेट में आने से वृद्ध जख्मी

औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर के रमेश चौक के समीप बस की चपेट में आने से एक वृद्ध घायल हो गया। घायल वृद्ध की पहचान जरमाखाप गांव निवासी सहदेव मेहता के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल वृद्ध ने बताया कि वह अपने घर से औरंगाबाद शहर किसी काम से आया था, तभी बस की चपेट में आने से घायल हो गया। इसके बाद घायल वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

तेज आंधी से वृद्ध पर गिरा ईंट, जख्मी

औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर के जसोइया गांव स्थित वार्ड नं आठ में ईंट उठा रहे वृद्ध तेज आंधी से घायल हो गया। घायल वृद्ध की पहचान जसोइया गांव निवासी जनेश्वर राम के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल वृद्ध ने बताया कि वह ईंट ढोकर दीवार का निर्माण करा रहा था। तभी अचानक तेज आंधी आयी और ईंट से दबकर घायल हो गया। इसके बाद घायल वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

तेज हवा से अनियंत्रित महिला दो मंजिला मकान से गिरी

औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मदनपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर बाजार निवासी एक महिला तेज आंधी के दौरान दो मंजिला मकान से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला की पहचान मदनपुर बाजार निवासी देवंती देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने छत पर टहल रही थी। इसी दौरान अचानक तेज आंधी आयी, जिससे महिला जल्दीबाजी में छत से नीचे उतरना चाही। तेज हवा की झोंके से वह छत से नीचे गिर गयी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला के चीखने चिल्लाने की आवाज पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी मिली कि सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने भी महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

आंधी से उड़ा एस्बेस्टस, मासूम घायल

औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बारुण थाना क्षेत्र के सिरिस गांव में तेज आंधी की चपेट में आने से आठ वर्षीय एक मासूम घायल हो गयी। मासूम की पहचान मिष्टी कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मिष्टी दरवाजे के बाहर खेल रही थी, तभी तेज आंधी से दरवाजे के बाहर लगा एस्बेस्टस उड़ गया, जिससे मिष्टी का पैर कट गया। इसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया।

समाज में असमानता को शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है दूर:प्रो. महमूद

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर के शेख मोहल्ला स्थित मशहूर शायर व उर्दू एक्शन कमिटी के जिलाअध्यक्ष फारूक सीवानी के आवास पर जेपी विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य प्रोफेसर महमूद हसन अंसारी की अध्यक्षता में मसावात फाउंडेशन की बुनियाद के सिलसिले में एक बैठक हुई. जिसमें अब्दुल रऊफ अंसारी ने शिक्षा के माध्यम से समाज में असमानता को समाप्त करने पर विस्तार से प्रकाश डाला. अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर महमूद हसन अंसारी ने कहा कि समाज में असमानता को शिक्षा के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है. समाज के गरीब और कमजोर वर्गों में शिक्षा का भारी अभाव है, जिसके कारण उन्हें समाज में असमानता जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इन लोगों की शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिसके माध्यम से उनका विकास संभव है. फारूक सिवानी ने कहा कि हमारा समाज उस वक्त तक तरक्की नहीं कर सकता जब तक हम जात बिरादरी, रंग नस्ल, मजहब मसलक से ऊपर उठकर काम न करें.इसलिए जरूरी है कि समाज से गैर बराबरी दूर करने के लिए शिक्षा का स्तर ऊंचा किया जाए और घर घर इस रौशनी को पहुंचाई जाए. प्रोफेसर इसरार अहमद ने कहा कि शिक्षा के बिना हम किसी भी क्षेत्र में प्रगति नहीं कर सकते, इसलिए हमें शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है. इस बैठक में अपने विचार व्यक्त करने वालों में प्रोफेसर समी अख्तर,असरार अहमद, डॉ इरशाद अहमद, डॉ अली असगर, पूर्व जिला अधीक्षक रिजवान अहमद, डॉ इबादुल्लाह, मुश्ताक अहमद, सफीर सिवानी, यूनिस अली, नसीम अहमद, मुहम्मद खालिद अंसारी आदि शामिल थे. मई के दूसरे सप्ताह में कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया. फारूक सिवानी ने सभी का धन्यवाद किया और बैठक स्थगित कर दी गई.

सीएसपी संचालक को लूट के दौरान मारी गोली

बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। तेघड़ा थाना क्षेत्र में चिल्हाय पुल के समीप बदमाशों ने सीएसपी संचालक और उसके सहयोगी को लूटपाट के दौरान गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल दोनों युवक को इलाज के लिए बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवकों की पहचान चिल्हाय निवासी बिजो चौरसिया के पुत्र भरत चौरसिया एवं स्व. शंकर तांती के पुत्र अजय तांती के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बाइक से पीछा कर रहे बदमाशों ने दोनों युवक को गोली मारी है। भरत को पीठ और अजय तांती को गर्दन में गोली है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भरत चौरसिया चिल्हाय चौक पर बैंक का ग्राहक सेवा केन्द्र चलाता है। वह बरौनी एसबीआई से पैसा निकालकर लौट रहा था। इसी बीच बदमाश उसका पीछा करने लगे और सुनसान जगह पाकर गोली मार दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि बदमाशों ने इसके पास से कितने की राशि को लूट किया है फिलहाल तेघड़ा थाना की पुलिस मौके पर मौजूद है और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो दोनों बाइक सवार बदमाश भाग गए। इसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के प्रयास से दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा है। कितने की लूट हुई है या नहीं हुई है, इसका खुलासा दोनों युवकों के होश में आने के बाद हो सकेगा। बताया जा रहा है कि बरौनी से निकलते पीपरा चौक के समीप से बाइक सवार दो अपराधी पीछा करने लगे। रास्ते में कौआटाल पुल और पकठौल चौक के बीच बंद पड़े चिमनी के समीप सुनसान स्थान पाकर बदमाशों ने अजय एवं उसके सहयोगी भरत को गोली मार दिया।

ट्रेन ड्राइवर की सूझबूझ से बची महिला की जान

बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बखरी थाना क्षेत्र के सलौना रेलवे स्टेशन के पास एक महिला आत्महत्या के लिए ट्रेन के आगे कूद गई। लेकिन लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। जिस वजह से महिला की जान बच गई । महिला को ट्रेन के इंजन के नीचे पटरी से निकलाते हुए का वीडियो सामने आया है।जो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। आप वायरल वीडियो में देख सकते हैं की ट्रेन रुकी हुई है। और इंजन के अंदर महिला पटरी पर पड़ी है। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा खींचकर बाहर निकाला जा रहा है। पूरा मामला बेगूसराय के बखरी थाना क्षेत्र के सालौना रेलवे स्टेशन के सलौना ढाला की हैं। बताया जाता है कि आज सुबह सहरसा से समस्तीपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन जब सलोना स्टेशन से खुलकर आगे बढ़ी तभी एक महिला आत्महत्या के नियत से ट्रेन के आगे कूद गई थी। महिला को ट्रेन के आगे कूदते देख लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया।

भोजपुर के रमेश कुमार सुदामा को मिला पर्यावरण पुरुष पुरस्कार



आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पटना बापू सभागार में दिनकर शोध संस्थान द्वारा आयोजित दिनकर जयंती समझ में बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार के हाथों भोजपुर के बिहिया निवासी रमेश कुमार सुदामा को पर्यावरण पुरुष सम्मान मिला है। बता दे कि रमेश कुमार सुदामा आरा बक्सर सहित पूरे दक्षिण बिहार में घूम-घूम कर पेड़ लगाओ, पानी बचाओ, प्लास्टिक हटाओ, स्लोगन के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते हैं। अभी तक सुदामा ने अपने हाथों से 11000 से अधिक पेड़ लगाया है। उनके सहयोग तथा प्रेरणा से पूरे दक्षिण बिहार में दो लाख पेड़ लगाए गए हैं। सुदामा को पर्यावरण पुरुष सामान मिलने पर भाजपा नेता विवेक माघव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की सुदामा समाज के लिए दर्पण है। आज के युवाओं को सुदामा से प्रेरणा लेना चाहिए और हर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर कार्य करना चाहिए। शिक्षाविद कुमार मनीष ने कहा कि जहां आज का युवा पीढ़ी केवल अपने लिए जीता है अपने लिए सारा कार्य करता है। वहीं सुदामा केवल समाज के लिए कार्य करते हैं। ऐसे में इस तरह का सम्मान मिलना पूरे बिहिया सहित भोजपुर के लिए गौरव की बात है।

डीएम को देखकर रो पड़ी एसिड पीड़ित की मां

बखरी /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बखरी एसिड कांड के दोषियों को कठोर से कठोर सजा दिलाई जाएगी। एवं दोषियों के खिलाफ सीसीए एक्ट लगाया जाएगा।जिलाधिकारी तुषार सिंगला बुधवार शाम को एसिड अटैक से पीड़ित बच्ची के घर पहुंच हाल-चाल जाने और यह बात कहे। बखरी नगर परिषद वार्ड 24 स्थित पीड़िता पल्लवी के घर उन्होंने बखरी एसडीपीओ कुंदन कुमार को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डीएम ने घटना स्थल वाले कमरे को भी जायज लिए तथा परिजनों से बात की। डीएम ने एसडीपीओ से कहा कि घटना में एसिड कहां से उपलब्ध हुई थी। दुकानदार के विरुद्ध क्या करवाई हुई। गिरफ्तारी हुई क्या। दुकानों से उसे जब्त कर नष्ट कीजिए।इधर डीएम को अपने घर पर देख घटना की शिकार बच्ची की मां फूट-फूटकर रोने लगी। उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय चाहिए। डीएम ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। उपस्थित लोगों ने डीएम से पीड़ित छात्रा का बेहतर इलाज तथा परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की। लोगों ने घटना की गंभीरता के मद्देनजर मामले में कुछ अन्य महत्वपूर्ण धाराओं को जोड़ने की मांग की। डीएम श्री सिंगला ने बेहतर इलाज के लिए पीड़ित परिवार सहित लोगों को आश्वस्त भी किया। अभियुक्तों के आपराधिक अतीत को देखते हुए सी ए ए लगाने का प्रस्ताव भेजने की बात कही। वहीं पीड़िता को सरकारी खर्चे पर बेहतर से बेहतर ईलाज एवं एसिड अटैक में सरकारी प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा देने का भी भरोसा दिलाया। मौके पर एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

सास की मौजूदगी में बहू ने की प्रेमी संग शादी

बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। लाखो थाना क्षेत्र कसबा टोला में बुधवार की रात्रि प्रेमिका से मिलने पहुचे प्रेमी को ग्रामीणों ने करा दी शादी। गुरुबार की सुबह उक्त घटना गांव में चर्चा का विषय बन गया। दरअसल पति की गैरमौजूदगी में एक बच्चे की मां को प्रेमी के साथ मिलना महंगा पड़ गया। लोगों ने दोनों को एक साथ पकड़ा। पहले मारपीट कर पूरी रात बंधक बना कर रखा। फिर दोनों परिवार की रजामंदी से गांव वालों ने सड़क किनारे दोनों की शादी भी करवा दी। शादी का वीडियो अब वायरल हो रहा है । दरअसल लाखो थाना क्षेत्र की सूजा कसबा टोला निवासी चंदन साह की 3 साल पहले पकड़ कर अर्पणा कुमारी के साथ शादी कर दी गई थी। कुछ दिनों से चंदन परदेस में रहकर मजदूरी करता है। यहां घर पर उसकी पत्नी अर्पणा कुमारी अपनी सास और 2 साल की बेटी के साथ रहती थी। लाखो थाना क्षेत्र के ही राजा डुमरी निवासी स्वर्गीय अर्जुन पासवान का बेटा अमिताभ पासवान सूजा गांव में मजदूरी करने जाता था। इसी दौरान दोनों में प्यार हो गया और एक-दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे। दोनों फोन पर एक-दूसरे से काफी देर तक न केवल लंबी बातें करने लगे, बल्कि जहां मौका मिलता दोनों का मिलना भी शुरू हो गया। प्यार का यह सफर इतना तेजी से आगे बढ़ा कि अर्पणा की सास रात में जब सो जाती थी तो वह अपने प्रेमी अमिताभ को मिलने बुला लेती थी। सोमवार की रात जब अमिताभ अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर के पास पहुंचा तो गांव के लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और मारपीट करते हुए प्रेमी अमिताभ को उसी के गमछा से बांध दिया गया ताकि वह भाग नहीं सके। मंगलवार की सुबह गांव और आसपास के गांव समाज के लोगों को भी बुलाया गया। गांव वालों ने जब दोनों से पूछताछ की तो पता चला की शादी के पहले से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और दोनों शादी करने के लिए तैयार हैं। इसके बाद लड़की के सास और पति से भी बात की गई तो दोनों ने शादी की सहमति दी और लड़के के मां से भी पूछा गया तो उसने भी शादी की सहमति दी जिसके बाद दोनों को सड़क किनारे ही सिंदूर देकर शादी कर दी गई जिसके बाद प्रेमी से पति बने अमिताभ अपनी नई पत्नी को बच्ची के साथ लेकर चला गया। सड़क किनारे हुई इस शादी का वीडियो बनाकर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर डाल दिया जो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस संबंध में लड़की के ग्रामीण महेश शाह ने बताया कि दोनों के बीच पहले से प्रेम प्रसंग था और चंदन शाह की पकड़ कर शादी की गई थी। और चैती दुर्गा की रात लड़की को दूसरे लड़के के साथ पकड़ा गया। इसके बाद उसकी शादी कर दी गई इस संबंध में लड़की के पहली सास ने बताया कि वह रात में सोई हुई थी।तो गांव के लोगों ने ही दोनों को पकड़ा था।उसके साथ मारपीट की गई फिर गांव वालों ने दोनों से पूछताछ की तो दोनों शादी करने की बात कहीं तो फिर सभी की रजा मंदी से दोनों की शादी की गई ।और दोनों खुशी-खुशी चले गए।

आंधी-पानी से किसानों की फसल का हुआ नुक्सान

गड़हनी/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र में तेज आंधी हल्की बारिश के साथ आया था। आंधी बहुत तेज थी , आंधी से कही कही फुस उड़ने व दीवार भी गिरा है। गड़हनी हिंमाशु मॉल के सामने लगा दीवार पर बोर्ड दीवार के साथ गिर पड़ा है, आंधी कर वजह से सभी लोग अंदर थे नही तो दुर्घटना हो सकती थी। वही आंधी व तेज हवा के वजह से किसानों का खेत मे लगा गेहूं की पौधा जमीन में शो गया है जिससे किसानों को नुक्सान होने का चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि गेहूं अब तैयार हो चुका है , सारी पूंजी लग चुका है लेकिन अब इंद्र भगवान की मेहरबानी होगी तो फसल कट कर घर जा पाएगा। किसानों का फसल नुक्सान हो जाता है लेकिन सरकार की घोषणा के बावजूद भी फसल नुक्सान की मुआवजा नही मिल पाता है। सरकार फसल बीमा भी कराती है लेकिन किसानों को उसका फायदा कभी नही मिलता है। इस साल आम के पेड़ में भी मंजर आया है लेकिन आंधी पानी ने मंजर को धो डाला है, अब पेड़ पर बहुत कब आम के फल बचे है।

प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम समिति का गठन

नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है।समिति मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार सरकार द्वारा गठित की गयी है। इसका अध्यक्ष मुकेश कुमार को बनाया गया है।

वहीं उपाध्यक्ष मुकेश कुमार तथा सदस्यों में ललन गुप्ता,दीपक कानू,अजीत सिंह, विश्व नाथ सिंह, शंकर राय,हरी नन्दन महतो, श्याम नन्दन महतो,जय-जय राम महतो,हरि नन्दन कुमार,सुधाकर मिश्रा, आफताब आलम,जुली कुमारी, राधाकृष्ण पंडित बनाये गये हैं। इसके अतिरिक्त सांसद एवं विधायक पदेन सदस्य होंगे।

पूर्व बीडीसी बिमल सिंह गिरने से चोटिल हुए, चलने-फिरने में असमर्थ

बड़हरा/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के एकवना घाट निवासी उदय नाथ सिंह उर्फ बिमल सिंह 25 दिनों से बेड पर बिमार पड़े है। फगुआ के बाद जब वे टहलने गांव में सड़क पर निकले थे अचानक सिर में चक्कर आने से गीर पड़े। कमर और पैर में चोट लग गई। आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए परिजन सीएचसी ले गये। जहां उपचार किया गया। वर्तमान में चलने फिरने में असमर्थ है। उनकी पहचान धरना प्रदर्शन नेता के रुप में चर्चित है। घटना की जानकारी वे मोबाइल से दिये। उनके संघर्ष के साथी उनसे मिलने के लिए गांव पहुचने लगे। बिमल सिंह अपने पंचायत से वर्ष 2006 में बीडीसी का चुनाव जीते थे। उसके बाद जिला परिषद से चुनाव लड़े। तब से लेकर आज तक क्षेत्र की समस्या को उठाने का कार्य करते रहे है। उनके साथियों में शिवजनम सिंह, कृष्णमोहन पांडेय समेत अन्य ने बताया कि उनके अस्वस्थ होने से क्षेत्र के समस्या उठाने वाला अभी कोई नही है। उनके स्वस्थ्य हो जाने पर क्षेत्र की समस्या की आवाज धरना प्रदर्शन के माध्यम से शुरू होगा। भगवान से जल्द स्वस्थ्य होने की कामना किए है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से डीएम ने किया महिला संवाद

बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिला संवाद के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका, प्रभारी पदाधिकारी,जिला गोपनीय शाखा एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रबंधक जीविका एवं अन्य उपस्थित थे।बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को महिला संवाद कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला संवाद के पूर्व रोस्टर निर्माण एवं प्रत्येक स्तर पर प्रशिक्षण सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ,सभी प्रखंड के वरीय पदाधिकारी एवं बीपीएम जीविका को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक दिन की गतिविधियों को ग्रुप पर अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत बेगूसराय के सभी प्रखण्डों के 1885 जीविका ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजन निर्धारित है। यह कार्यक्रम 17 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार द्वारा महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में आईईसी के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। जिले के एक निजी होटल में महिला संवाद की सफलता को लेकर जीविका कर्मियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्धघाटन राज्य परियोजना प्रबंधक मनीष कुमार, डीपीएम अविनाश कुमार आदि ने सयुंक्त रूप से किया। कार्यशाला में महिला संवाद के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गयी।

तेज आंधी में महुली घाट स्थित पीपा पुल तीन भाग में बंटा, आवागमन बाधित

बड़हरा/भोजपुर। बड़हरा और सिताब दियारा को जोड़ने वाला लाइफ लाइन पीपापुल तेज आंधी का शिकार हो गया। गुरुवार दोपहर आये तेज आंधी ने पीपापुल को तीन भागों में बांट दिया। जिससे महुली व गंगापार खवासपुर सड़क मार्ग से कट गया है। लोगों को आने जाने का सड़क पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से ठप हो गया। पीपापुल को ठीक करने के लिए पुल के कर्मी पीपा को इकट्ठा करने की तैयारी में जुटने लगे है। बताया जा रहा है कि अचानक प्राकृतिक प्रकोप का शिकार बना पुल को बनवाने में तीन से चार दिन तक समय लग सकता है। जब तक पीपा चालू नही होता। फिर से लोग आवागमन नाव से करने के लिए मजबुर हो गये है। गौरतलब हो कि इस आंधी बारिश में पुल के साथ साथ खेतों में खड़ी फसल, आम के फली का भारी नुकशान होने की संभावना जताई जा रही है। प्रखंड के विभिन्न इलाकों में फुस के घर, कर्कट के छत तेज हवा में उड़ गये है। पेड़ों की डालिया टूट कर सड़को पर बिखरा हुआ है। क्षति का आकलन करने के लिए कृषि विभाग व प्रखंड प्रशासन जुट गया है।

चार दिवसीय मां शीतल महोत्सव का समापन

बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर परिषद बीहट वार्ड नंबर 21 जलेलपुर में शीतल महोत्सव का आयोजन किया गया। शीतल महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की विधिवत्त उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह, एवं सत्ताधारी दल एवं मटिहानी विधायक जदयू के सचेतक राजकुमार सिंह ,एवं मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, समाज सेवी संजय गौतम, इंडियन आइडल के ख्याति प्राप्त रूपम राम्य, एवं बुद्धिजीवियों के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकार शांति झा, कल्याणी मिश्रा, चंद्र शेखर मिश्रा शामिल हुए।

मां शीतल मंदिर के पुजारी महंत महेश दास महाराज ने कहा विगत 27 वर्षों से जलेलपुर वार्ड नंबर 21 में शीतल माता की पूजा व चैत्र नवरात्रा धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं, लोगों से यह बताया कि प्रथम दिन बिहार सरकार की उपमुख्यमंत्री विजय सिंह द्वारा यह घोषणा किया गया है कि अगले बार से यह महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में किया जाएगा। द्वाराशीतल महोत्सव अगले वर्ष से राजकीय महोत्सव में शामिल किया जाएगा। जिससे नगर परिषद बिहट वार्ड नंबर 21 जलेलपुर के मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दे रहे कलाकार रूपम रामिया अपने गानों के माध्यम से लोगों को विभोर कर दिया। खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता से भी पूछे गए सवाल पर उन्होंने भी कहा था कि शीतल महोत्सव को वृहत पैमाने पर करवाने का मैं भी आश्वासन देता हूं, और जल्द से जल्द इसकी सारी रूपरेखा पूरी कर ली जाएगी। मंच से संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा सनातन की रक्षा अगर कोई कर रहा है तो हमारी माताएं कर रही है, हमारी बहनें कर रही है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग घर में बर्थडे मनाते हैं, केक काटते हैं वह सभी लोग जो सनातनी हैं केक काटना छोड़ दें। केक के चारों तरफ मोमबत्ती लगाकर जलाते हैं और मुंह से फूंकते हैं। जो लोग शीतल माता को मानते हैं उनसे आग्रह है कि अपने अपने घर में खूब बच्चे का जन्म उत्सव मनाए, राम जी की तरह मनाएं, मगर केक ना काटे, दीपक ना बुझाए मोमबत्ती ना बुझाए, आज इस शीतल महोत्सव में सभी लोग कसम खाए। सनातन को बचाना है तो अपनी धर्म और संस्कृति को बचाना होगा। मां शीतल मंदिर कमेटी के संयोजक कन्हैया कुमार, हर्षराज, निशांत कुमार, बबलू सिंह, रामहित कुमार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता इस महोत्सव को सफल करने में अपना पूरा योगदान दिया।

उपमुख्यमंत्री विजय सिंह ने यह घोषणा की कि अगले बार से यह महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में किया जाएगा

बिक्रम बने बीस सूत्री अध्यक्ष व प्रमोद उपाध्यक्ष

वीरपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का सूची जारी कर नामित किया गया है। जिसमें वीरपुर प्रखंड के नौला गांव निवासी सह भाजपा के मंडल अध्यक्ष वीरसेन विक्रम को प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। वहीं वीरपुर निवासी जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद चौधरी को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। सदस्य के रूप में राकेश कुमार, कुंदन कुमार जोशवा, बबलू पोद्दार , विजय कुमार पासवान ,चुन्नू कुमार चंदन, किरण कुमारी, पप्पू पासवान ,कौशल राय, रामसुंदर सिंह कुशवाहा, चंद्रभूषण प्रसाद सिंह, मोहम्मद हाकीम, श्वेता भारती,अशोक दास को मनोनीत किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सदस्य सह पदेन सचिव होंगे। जबकि अंचलाधिकारी पदेन सदस्य होंगे।

जिस घर में शराब का सेवन, जुआ, सदाचारी व्यक्ति का अनादर हो वह घर श्मशान के समान: संयोगिता किशोरी

आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आरा सदर प्रखंड के पिरौटा गांव में श्री पद्मनाथ स्वामी के सान्निध्य में हो रहे सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में काफी दूर-दूर से आकर महिला पुरुष भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा किया। पद्मनाभ स्वामी ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से जन्म जन्म का पाप नष्ट हो जाता है। उन पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। जिनका सौभाग्य होता है वह इस तरह के कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। भागवत कथा के दौरान वृंदावन से आई संयोगिता किशोरी ने कहा कि शास्त्र में बताया गया है कि जहां पर घर में, समाज में, राष्ट्र में, जिस प्रजा में, जिस समुदाय में ईश्वर ब्रम्ह को कभी याद न किया जाता हो। कभी चिंतन न किया जाता हो। नितध्यासन न किया जाता हो। गुणगान न किया जाता हो। वह घर श्मशान के समान बताया गया है। जहां पर सदाचारी, संत महात्मा, ज्ञानी स्त्रियों का आदर नही हो, बालकों को शिक्षा न दिया जाता हो वह घर श्मशान के समान बताया गया है। जहां पर जुआ खेला जाता है, शराब का व्यसन है, अनेक प्रकार खान पान उपद्रव कारी है मांस इत्यादि का सेवन होता हो वह भी घर श्मशान के समान बताया गया है।

मानव पशुओं के समान भोजन, संतानोत्पत्ति करे तो मानव पशु में कोई अंतर नही

भोजन तो अनेक योनियों में हम करते हैं शयन तो हम अनेक योनियों में हम करते हैं। संतान उत्पति तो अनेक योनियों में करते हैं। केवल इसके लिए इस संसार में हम जन्म नही लिए हैं। यदि इन सबके लिए इस संसार में हम आए होते तो परमात्मा हमलोगों को मनुष्य नही बनाते बल्कि इसके जगह पर और कोई जन्तु बनाते। मानव की पहचान संस्कृति है, संस्कार है। सभ्यता है, सरलता है, सहजता है, कोमलता है। यदि यह मनुष्य में न हो केवल संसार में पशुओं के समान भोजन करे, संतानोत्पत्ति करे मनुष्य और पशु में कोई अंतर नही है।

एसिड से हमले मानवता को किया शर्मसार : गिरिराज सिंह

बखरी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को बेगूसराय सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह देश के चर्चित एसिड कांड मामले में बखरी नगर स्थित पीड़िता के घर पहुंचे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा मानवता को शर्मसार करने वाली वीभत्स व निंदनीय घटना है।उन्होंने पीड़ित के पिता एवं मां से मुलाकात की व न्यायोचित कठोरतम करवाई को लेकर आश्वस्त किये।इस दौरान बेगूसराय विधायक कुंदन सिंह, जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, सिधेश आर्य, अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम, समेत बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद थे।बीते दिनों बखरी में मानवता को शर्मसार करने वाली वीभत्स व निंदनीय घटना, एसिड अटैक के पीड़ित परिजनों से मुलाकात की व न्यायोचित कठोरतम करवाई को लेकर आश्वस्त किया।

जहानाबाद में आकाशीय बिजली और आंधी-तूफान का कहर, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले में अचानक बदले मौसम ने भारी तबाही मचाई है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से खेत में काम कर रहे एक किसान और घर के बाहर खेल रही एक बच्ची की जान चली गई। इसके साथ ही तेज आंधी-तूफान ने पूरे जिले में कोहराम मचा दिया। हल्की बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं उसके पहले आई आंधी ने कई लोगों की जिंदगी पर कहर बरपाया।

बारिश थमते ही जहानाबाद सदर अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग गई। कई अभिभावक अपने बच्चों को गोद में लिए दौड़ते हुए अस्पताल पहुंचे। घोसी थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर निवासी 32 वर्षीय गुणु चौधरी खेत में काम करने के बाद बारिश शुरू होने पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक अन्य घटना में घर के बाहर खेल रही एक बच्ची उस समय आकाशीय बिजली की शिकार हो गई, जब बिजली एक खंभे पर गिरी और वह बच्ची के ऊपर जा गिरी। उसे तुरंत सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके अलावा, गली में खेल रही एक अन्य बच्ची पड़ोस के घर की छत से गिरे मलबे की चपेट में आकर घायल हो गई। उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आंधी-तूफान और बिजली गिरने की इन घटनाओं ने जिले में दहशत फैला दी है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती पर आशु भाषण प्रतियोगिता विद्यार्थियों ने बाबासाहेब के विचारों को किया याद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन-दर्शन, सामाजिक न्याय, समानता, संवैधानिक मूल्यों और समकालीन प्रासंगिकता जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना और बाबासाहेब के योगदान पर सार्थक चर्चा को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. प्रणवीर सिंह (अधिष्ठाता, जीवन विज्ञान संकाय), प्रो. रफीक उल इस्लाम (अध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग) और डॉ. मुकेश कुमार (अध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र विभाग) मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नरेंद्र सिंह (सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग) और डॉ. आशा मीना (सहायक आचार्य, हिंदी विभाग) ने किया। डॉ. नरेंद्र सिंह ने प्रस्तावना प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आशु भाषण के लिए प्रमुख विषयों में 'डॉ. अम्बेडकर और गांधी', 'डॉ. अम्बेडकर और सामाजिक क्रांति', 'डॉ. अम्बेडकर और सामाजिक न्याय', 'डॉ. अम्बेडकर और बौद्ध धर्म', 'डॉ. अम्बेडकर और भारतीय अर्थव्यवस्था', 'डॉ. अम्बेडकर और भारतीय संविधान' तथा 'डॉ. अम्बेडकर और भारतीय शिक्षा' शामिल थे।

निर्णायक मंडल के प्रो. प्रणवीर सिंह ने विजेताओं की घोषणा की। प्रथम स्थान चंदन कुमार (एम.ए. शिक्षा शास्त्र), द्वितीय स्थान अमन राज 'नीलेश' (एमबीए) और तृतीय स्थान खुशी कुमारी (एम.ए. राजनीति शास्त्र) ने हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार विकास कुमार (शोधार्थी, हिंदी विभाग) और स्वाति दुबे (एम.ए. राजनीति शास्त्र) को दिया गया।

डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और धार्मिक पहलुओं पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्रो. रफीक उल इस्लाम ने जोर दिया कि विद्यार्थियों को बाबासाहेब के विचारों का विश्लेषण कर उनकी वर्तमान समय में प्रासंगिकता को समझना चाहिए। प्रो. प्रणवीर सिंह ने विद्यार्थियों को अधिक अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारत की महानता इसी में है कि यहां डॉ. अम्बेडकर जैसे महापुरुष का जन्म हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी और शोधार्थी उपस्थित रहे। कुशांक, गुलशन और सूरजभान ने सक्रिय भूमिका निभाई। संचालन डॉ. मुस्कान भारती ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुमार ने प्रस्तुत किया।

तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश से जनजीवन हुआ अस्त- व्यस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले में गुरुवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। करीब तीन बजे तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने से सबलोग हैरान थे। वर्षा होने से गर्मी से झुलस रहे लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन इसका प्रतिकूल असर शहर और गांव दोनों पर दिखा। इस दौरान 40- 50 किलोमीटर की तेज रफ्तार से चल रही हवाएं इतनी जबरदस्त थी कि पटना - डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग -22 पर एक बड़ा पेड़ उखड़ गया, जिससे पटना-गया मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक पूरी तरह से बाधित हो गया। हालांकि राहत की बात ये रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। तेज रफ्तार हवाओं से जिले के अलग-अलग स्थान पर दर्जनों पेड़ टूटने और उखड़ने की सूचना मिल रही है। बे मौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण कृषि और बागवानी पर भी इसका बुरा असर हुआ है। गेहूं और रवि के फसल को इस पानीसे काफी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं आम, अमरूद, नींबू, कटहल, जामुन के फल और उत्पादन पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पशचिम बिहार, जिनमें जहानाबाद प्रमुख है, के लिए अगले 24 घंटों का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।इस दौरान मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे कटाई और कृषि कार्यों को मौसम के अनुसार प्लान करें, ताकि फसल को होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

सेंट्रल स्कूल मधुबन ने मनाई 15वीं वर्षगांठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। मधुबन प्रखंड स्थित मधुबन सेंट्रल स्कूल मधुबन का 15वॉ स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया । विद्यालय के राजकुमारी देवी, निऑदेशक रणवीर कुमार सिंह, प्रशासक वीरेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य क्यूड़ी अंसारी, नागेंद्र सिंह के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनोरम झांकियां, गान, नृत्य-नाटिका, भाषण, सामूहिक नृत्य एवं समसामयिक घटनाओं पर आधारित वृत चित्र को खूब सराहा गया। अभिभावकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। अनन्याश्री द्वारा प्रस्तुत वेक सॉन्ग की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। आराध्या, उजाला, अंशिका, आयुषी, ज्योतिप्रिया, नीतू, संजना, एवं सोनाक्षी के कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक रहे ।क्युडी अंसारी ने विद्यालय के सफरनामा में विद्यालय के महत्वपूर्ण उपलब्धियां को रेखांकित किया। प्रशासक विरेंद्र कुमार सिंह ने विद्यालय के छात्रों के कृतमनों का वर्णन किया। निर्देशक रणवीर कुमार सिंह ने कहा कि बिहार विभूति सीताराम बाबू द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक समृद्धि के उद्देश्य से स्थापित किया गया यह विद्यालय सुयोग्य, कुशल अध्यापकों एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकेतर कर्मचारियों के सहयोग से अनवरत विकासशील है। हम विशेष रूप से उन अभिभावकों के आभारी हैं जिन्होंने हम पर विश्वास किया। प्रतिवर्ष इस विद्यालय के छात्र विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में उच्चतर पदों को सुशोभित कर रहे हैं । न केवल शिक्षा बल्कि खेलकूद के क्षेत्र में भी इलाके में अग्रगण्य है। मौके पर सुनील महवार डीन महात्मा गांधी केंद्रीय विद्यालय मोतिहारी अतिथि संजय श्रीवास्तव, राणा रणजीत सिंह, सेवानिवृत शिक्षक चंद्रिका प्रसाद सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता ,रामेंद्र सिंह उर्फ नगीना सिंह, आशपुरन कुशवाहा, जितेंद्र पाठक, सरपंच मनीष पाण्डेय, राजू सिंह, संजय तिवारी सहित हजारो अभिभावक मौजूद थे ।

बीस सूत्री के शिवशंकर दुबे अध्यक्ष व मुक्ति नारायण सिंह बने उपाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार पटना के आलोक में कल्याणपुर प्रखंड के प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को व सदस्यों को नामित कर गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर शिवशंकर दूबे व उपाध्यक्ष पर मुक्ति नारायण सिंह नामित किए गए। सदस्यों में सुरेन्द्र साह, श्याम कुमार कुशवाहा, राजीव कुमार, हरेन्द्र साह, रामेश्वर चौधरी, व्रजेश कुमार पासवान, गुडिया देबी, रामचन्द्र साह, दशई यादव, अरविन्द कुमार सिंह, मो. मेहर आलम, विद्यावती देबी व रामनरेश प्रसाद नामित किए गए।

निबंधन वृद्धि दर में पूर्वी चम्पारण को मिला पांचवा स्थान

अरुण कुमार सिंह/नबिटा ब्यूरो

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत जिला अवर निबन्धन कार्यालय सूबे में निबंधन वृद्धि दर में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। उसके साथ ही पिछले वर्ष 2023- 24 की तुलना में इस वर्ष 2024-25 में 141.92 करोड़ अधिक वसूली की गई है। उक्त जानकारी देते हुए जिला अवर निबन्धक संजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष में 384.71 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसके आलोक में लक्ष्य से ज्यादा 421.73 करोड़ की राजस्व की प्राप्ति की गई है, जो 109.62 प्रतिशत है। जिसमे 110408 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी, जिसकी प्रति दस्तावेज की आय 38198.07 है। यहां बता दे कि जिले में कुल 8 निबंधन कार्यालय है, जिसमे प्रथम स्थान पर छौडादानों ने लक्ष्य के अनुरूप 130. 02 प्रतिशत की वसूली की है, जबकि सबसे निचले पायदान पर रकसौल है जो 92.40 प्रतिशत की वसूली की है उन्होंने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले के जिला अवर निबंधन कार्यालय मोतिहारी में 161.38 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 26607 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 171.94 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 106. 55 प्रतिशत प्राप्ति हुई है वही केसरिया निबंधन कार्यालय को 29.79 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 10846 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 36.15 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 121.36 प्रतिशत प्राप्ति हुई है जबकि ढाका निबंधन कार्यालय को 31.59 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 13127 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 36.94 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 116.95 प्रतिशत प्राप्ति हुई है वही पकड़ीदयाल निबंधन कार्यालय को 15.93 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 6595 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 18.12 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 113.75 प्रतिशत प्राप्ति हुई हैद्य जबकि छौड़ादानो निबंधन कार्यालय को 26.90 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 14909 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 34.97 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 130.02 प्रतिशत प्राप्ति हुई है जबकि चकिया निबंधन कार्यालय को 36.55 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 11626 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 39.16 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 107.14 प्रतिशत प्राप्ति हुई हैद्य जबकि अरेराज निबंधन कार्यालय को 35.04 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 17655 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 40.51 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 115.63 प्रतिशत प्राप्ति हुई है। एवं रकसौल निबंधन कार्यालय को 47.53 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसमें 9045 उपस्थापित दस्तावेजों की संख्या थी जिसके आलोक में 43.92 करोड़ रुपये लक्ष्य की प्राप्ति जिसका 92.40 प्रतिशत प्राप्ति हुई है।

एक नजर

बेमौसम बारिश से गेहूं की कटी फसल बर्बाद

चिरैया (पूर्वी चंपारण)। गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में हुई अचानक तेज बारिश ने खेतों में काटकर रखी गेहूं की फसल को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। खेतों में पड़ी फसल के भीगने और खराब होने की आशंका से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बरैठा गांव के किसान व्यास प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि क्षेत्र में गेहूं की कटाई बीते तीन-चार दिनों से जारी थी, लेकिन बारिश के चलते फसल भीग गई। इससे गेहूं के दाने काले और फीके पड़ने की आशंका है, जो बाज़ार में बेचने पर असर डालेगा। खडतरी गांव के राघो प्रसाद यादव और रामेश्वर यादव ने बताया कि खेतों में रखी गेहूं की फसल पूरी तरह गीली हो चुकी है। इससे न केवल क्वालिटी में गिरावट आएगी, बल्कि समर्थन मूल्य पर फसल बेचने में भी काफी कठिनाई होगी। किसानों ने सरकार से सहायता और मुआवज़े की मांग की है।

सीमा पर हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

ढाका (पूर्वी चंपारण)। कुंडवा चैनपुर पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा स्थित महुलिया बॉर्डर के पास गुप्त सूचना के आधार पर एक अपराधी को पिस्टल और तीन कारतूस के साथ बुधवार की रात गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान हसनपुर निवासी रूपेश राम के रूप में हुई है। वह पूर्व में हनुमान मंदिर संरक्षक सुरेश मस्तान हत्याकांड में जेल जा चुका है और हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है और वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा जिला प्रभारी ने 20 सूत्री कमेटी के सदस्यों को किया सम्मानित

बनकटवा (पूर्वी चंपारण)। भाजपा जिला प्रभारी एवं 20 सूत्री जिला सदस्य वरुण सिंह ने बनकटवा प्रखंड में नवनियुक्त 20 सूत्री कमेटी के सदस्यों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद एवं उपाध्यक्ष चंद्रभान मिश्रा ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। सांसद डॉ. संजय जायसवाल, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, और पूर्व प्रमुख गणेश यादव सहित एनडीए नेताओं ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी। सम्मानित होने वालों में कौशल ठाकुर, शंकर गुप्ता, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, जितेंद्र प्रसाद सिंह, गजेंद्र राम, सुनीता देवी, पप्पू प्रवीण, सुरेन्द्र कुशवाहा, डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद शामिल थे।

महिला से पच्चीस हजार की ठगी

आदापुर (पूर्वी चंपारण)। हरपुर थाना क्षेत्र के कचुरबारी गांव निवासी एक महिला से बुधवार को श्यामपुर बाजार में 25 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। महिला भारतीय स्टेट बैंक से पैसा निकाल कर जैसे ही बाहर निकली, दो ठगों ने उसे बहला-फुसलाकर रुपए दवा दुकान के पास अदला-बदली कर लिए। महिला ने बताया कि ठगों ने उसे एक रुमाल में डेढ़ लाख रुपए होने की बात कहकर रुपए बदलने को कहा, लेकिन बदले में उसे केवल कागज के टुकड़े मिले। मौके पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी वहां पहुंची, लेकिन महिला द्वारा कोई लिखित शिकायत न किए जाने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। बैंक प्रबंधक ने कहा कि यदि शिकायत की जाती तो सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान संभव थी।

आंधी-पानी से दनियावां में फसलों को भारी नुकसान, बिजली आपूर्ति भी बाधित

दनियावां (पटना)। गुरुवार की दोपहर दनियावां प्रखंड में आई तेज आंधी और बारिश ने कृषि कार्य और जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। प्रखंड के 6 पंचायतों के 33 राजस्व गांवों में फसलों को व्यापक क्षति पहुंची है। खेतों में कटाई के लिए पसरी गेहूं की फसल और खलिहानों में रखी मसूर, चना, तिलहन व दलहन की फसलें पूरी तरह भीग गईं। शाहजहांपुर के किसान झूलन सिंह, सरथुआ के सतीश कुमार, कुंडली गांव के बब्बन सिंह और सिंगरियावां के विपिन बिहारी निर्मल समेत कई किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों की मेहनत और उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। वहीं, आंधी के कारण आम के बागानों में टिकोलों और अपरिपक्व फलों के गिरने से भी भारी नुकसान हुआ है। दूसरी ओर, कई स्थानों पर बिजली के तार गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे ग्रामीण इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर रास्तों में गिर गए हैं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ है।

कुर्की वारंटी देवानंद मांझी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

टेहटा थाना पुलिस की कार्रवाई सरेन गांव से हुई गिरफ्तारी

मखदुमपुर (जहानाबाद)। टेहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरेन गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे कुर्की वारंटी देवानंद मांझी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि देवानंद मांझी पूर्व के एक मामले में न्यायालय द्वारा जारी कुर्की वारंट का आरोपी था और काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सरेन गांव में छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

डॉ. राजेश्वर ने क्षतिग्रस्त हाथ की सर्जरी कर कटने से बचाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। अगर किसी व्यक्ति के हाथ न हो तो उसका जीवन कितना मुश्किल हो सकता है वो भी जिसकी रोजी-रोटी का जरिया उसके हाथ ही होते हैं। मामला 55 साल के जोखू हाजरा की कहानी कुछ ऐसी ही है। उन्होंने गेंहू दवनी के दौरान थ्रेसर में हाथ फंस जाने के कारण उनका बांया हाथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके लिए उक्त मरीज मोतिहारी सहित विभिन्न अस्पतालों का चक्कर लगाया, किन्तु उन्हें निराशा ही हाथ लगी। इसी बीच शहर के मिशन कंपाउंड स्थित टीएसआर ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन सेंटर के निदेशक व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश्वर कुमार के द्वारा लगातार 3 घंटे के सफल ऑपरेशन के बाद उक्त मरीज का हाथ अब बिलकुल ठीक हो चुका है। उक्त मरीज अब बिलकुल ठीक व स्वस्थ हो गया है और अपने हाथों से धीरे-धीरे कार्य करना शुरू भी कर दिया है। यहां बता दे कि डॉ. राजेश्वर इससे पूर्व लगभग 15 वर्षो तक दिल्ली के बड़े-बड़े अस्पतालों में हड्डी, जोड़-नस, स्पाइन सर्जरी, दूरबीन के द्वारा घुटने की सर्जरी एवं जॉइंट प्रत्यारोपण सर्जन के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैद्य वे पिछले एक साल से अपनी सेवाएं मोतिहारी में दे रहे है। चिकित्सक डॉध राजेश्वर ने बताया कि सच्चे भाव से की गई समाज सेवा ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है। इसी को चरितार्थ करने के लिए वे महानगर को छोड़कर अपने जिला में सेवा दे रहे है, ताकि यहां के मरीजों को बेहतर सेवा मिल सके। डॉ. राजेश्वर के बेहतर कार्य को ले जिलेवासी उन्हें बधाईयां दे रहे है।

सुगौली चीनी मिल में लगा विद्युत कनेक्शन प्राप्ति हेतु कैम्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दिनांक
कैम्प स्थान-
नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना
विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल,
योजना- मुख्यमंत्री कृषि विद्युत सम्बन्ध योजना भाग- (II)
निवेदक- MCL, मोतिहारी

मोतिहारी। आज एचपीसीएल बायोफ्यूल्स लिमिटेड, इकाई-सुगौली के कैम्पस में गन्ना कृषकों को विद्युत कनेक्शन देने हेतु विद्युत प्रमंडल, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा कैम्प लगा कर आवेदन लिया गया। बताते चलें कि विगत 28 मार्च 2025 को गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव द्वारा एक पत्र जारी करते हुए निर्देशित किया गया था कि गन्ना की खेती करने वाले कृषको के खेतो तक विद्युत आपूर्ति की जाए ताकि गर्मी के दिनो में फसल को सुखने से बचाया जा सके। इसी पत्र के आलोक में राहुल कुमार, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को दिनांक 7 अप्रैल 2025 को पत्र लिखकर सुगौली चीनी मिल परिसर में गन्ना कृषकों को विद्युत कनेक्शन देने हेतु कैम्प लगाने का अनुरोध किया थाद्य इस कैम्प का आयोजन एचबीएल. इकाई-सुगौली के गन्ना विभाग में मिल प्रबंधन द्वारा कराया गया जिसमें मिल के द्वारा किसानों के बीच प्रचार-प्रसार करते हुए लगभग 150 किसानों को आवश्यक कागजात के साथ बुलाया गया। सभी किसानों के कागजात की जांच करते हुए 70 किसानों को विद्युत कनेक्शन देने के लिए चयनित किया गयाद्य विद्युत विभाग के जेई श्री दुर्गानंद यादव, कार्यप्रबंधक, सुधीर कुमार राय, मुन्ना महतो एवं राकेश कुमार (इजींनीयर) ने किसानों के आवेदन पत्रों की जांच पड़ताल करते हुए इन्हे विद्युत कनेक्शन देने हेतु चयनित किया। मौके पर एचबीएल, सुगौली इकाई के उप-महाप्रबंधक गन्ना शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, उप गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार सहित गन्ना विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। किसानों सुरेश शर्मा, शमसुद्धीन, श्यामलाल सहनी, द्वारिका नाथ मिश्रा, सुरेन्द्र प्रसाद, महेन्द्र पुरी, अशोक पटेल, मुख्तार महतो सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित हुए। सरकार की इस पहल से गन्ना उत्पादक किसानों में खुशी की लहर है। इस प्रयास से किसानों को सस्ते दर पर पटवन की सुविधा प्राप्त होगी जिसमें गन्ने का उत्पादन बढ़ेगा।

विदेशी शराब के साथ कारोबारी को दबोचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। उत्पाद टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना क्षेत्र स्थित गायत्री मंदीर के पास छापेमारी कर एक सूटकेस में छूपा कर रखे विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को दबोच लिया है। दबोचा गया कारोबारी तुरकौलिया थाना क्षेत्र के अमवा वार्ड 03 निवासी शत्रुघ्न राय का पुत्र पवन कुमार बताया गया है। जबकि दूसरा कारोबारी भागने में सफल रहा । जिसकी पहचान पिपरा कोठी थाना क्षेत्र के सिरसिया निवासी सिकन्दर अल्ट्रा के रूप में की गयी है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्यनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि कारोबारी भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर किसी कारोबारी को आपूर्ति करने जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि जब सूटकेस को खोला गया तो उसमें 750 एमएल का 17 बोतल बरामद किया गया। छापेमारी में दारोगा धर्मेन्द्र झा व जमादार मनोज पासवान शामिल थे।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना: गरीबों के लिए स्वच्छ ईंधन और बेहतर जीवन की दिशा में एक सार्थक पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

उज्ज्वला
प्रधानमंत्री
उज्ज्वला योजना

जहानाबाद। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आज देश के करोड़ों गरीब परिवारों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। यह योजना न केवल स्वच्छ ईंधन की सुविधा उपलब्ध कराती है, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में भी सशक्त बना रही है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। इससे उन्हें परंपरागत ईंधनों जैसे लकड़ी, कोयला, उपले आदि से छुटकारा मिल रहा है, जो लंबे समय तक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रहे हैं। योजना के चलते स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ घरेलू प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

योजना के उद्देश्य - ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना। महिलाओं को धुएं से होने वाली बीमारियों से बचाना। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना। महिला सशक्तिकरण को बल देना।

निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन, लाभुकों को 14.2 किलोग्राम या 5 किलोग्राम सिलेंडर में से विकल्प चुनने की सुविधा, प्रथम रिफिल पर सब्सिडी, साथ ही कुछ राज्यों में निःशुल्क चूल्हा भी, प्रति सिलेंडर 300 तक की सब्सिडी का लाभ

पात्रता की शर्तें: आवेदक महिला की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, परिवार में पहले से कोई एलपीजी कनेक्शन नहीं होना चाहिए, महिला का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना आवश्यक, राशन कार्ड और आधार कार्ड अनिवार्य दस्तावेज। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आज गरीब परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। यह न केवल स्वच्छ ईंधन का विकल्प दे रही है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा और महिला गरिमा की रक्षा में भी एक मील का पत्थर बन चुकी है। सरकार की यह पहल 'स्वच्छ भारत' और 'सशक्त भारत' की संकल्पना को मजबूत आधार प्रदान कर रही है।

शपथ पत्र

मैं ANIL KUMAR पिता- SARJU PD. SINGH उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम न्यू सिधौली पो. डालमियानगर थाना डेहरी जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरे पुत्र SWAPNIL SINGH उर्फ SHIVENDU पिता Anil kumar दोनों एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं जो मेरा पुत्र है। मेरा पुत्र SWAPNIL SINGH उर्फ SHIVENDU SINGH दोनों नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। मेरे पुत्र SHIVENDU का पॉलिसी संख्या-515302803 है लेकिन आधार एवं बैंक खाता में नाम SWAPNIL SINGH है। SWAPNIL SINGH एवं SHIVENDU दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। इस संबंध में कार्यपालक दंडाधिकारी, डिहरी के समक्ष शपथ पत्र स.-3233 दिनांक 01/03/2024 दाखिल किया जा चुका है।

अनिल कुमार
शपथकर्ता

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

आटा चक्की चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था मृतक, परिवार पर गिरा दुखों का पहाड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावां मोड़ के समीप एनएच 19 पर की है। मृतक की पहचान खिरियावां निवासी स्व. रामशंकर प्रसाद उर्फ छेदी साव के 50 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र प्रसाद के रुप में हुई है। जानकारी के मुताबिक मृतक खिरियावां बाजार में आटा चक्की मिल चलाता था। दर्जी बिगहा पेट्रोल पंप से डिजल लेकर बाइक से घर जा रहा था, तभी अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया जिसमें बाइक समेत चालक गिर पड़ा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों एवं आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य,

सीओ मो. अकबर हुसैन, थानाध्यक्ष राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशितों को समझा- बुझाकर जाम हटवाया तथा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बीडीओ द्वारा मृतक के आश्रित को मुख्यमंत्री परिवारिक लाभ योजना तहत 20 हजार रूपये नगद दिया गया। इसके अलावा मृतक के आश्रितों को चार लाख रूपये दिलवाने का आश्वासन दिया गया। मृतक के बड़े भाई गोपाल प्रसाद ने बताया कि सत्येन्द्र के तीन बेटियां निधि कुमारी, नीतू कुमारी, स्वीकृति कुमारी एवं एक पुत्र आदित्य राज तथा पत्नी सरोज देवी है। मृतक आटा चक्की मिल चला कर अपने परिवार का भरण- पोषण करता था।

संदेहास्पद परिस्थिति में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज शहर के हाजीपुर गोला निवासी मोहम्मद सुहैल आलम के 28 वर्षीय पुत्र मो. दिलशाद की संदेहास्पद मौत हो गयी। सूचना मिलते ही रफीगंज थाना से एस आई कुशो कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल किए और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के परिजन ने बताया कि करीब 5 सालों से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। कई जगहों से उसका उपचार किया जा रहा था। बुधवार की रात्रि में अचानक तबीयत खराब हुआ, चिकित्सक के पास ले जाया गया लेकिन चिकित्सक ने नस टटोलते ही मृत्यु घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि काफी दिनों से दिमागी हालत खराब होने के कारण इलाज चल रहा था, इसी दौरान उसकी मृत्यु हुई है। हालांकि पुलिस ने मृतक के शव को औरंगाबाद सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इधर घटना बाद से मृतक की पत्नी एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कलयुगी पिता ने गला दबा कर ले ली नन्ही बिटिया की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम टाड़ा वार्ड नं-06 एक कलयुगी पिता ने अन्य व्यक्तियों के सहयोग से में एक बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को बाथरूम में छुपा दिया था। बुधवार को उक्त घटना की जानकारी बच्ची की मां ने मोहिउद्दीनगर थाना को दी थी। जानकारी मिलते ही मोहिउद्दीनगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, समस्तीपुर भेज दिया। इस बाबत पुलिस मुख्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि पुलिस घटना के सभी बिंदुओं पर जाँच कर रही हैं। एफएसएल की टीम भी अनुसंधान में जुट गई है। बच्ची की मां के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मोहिउद्दीनगर थाना द्वारा कांड दर्ज कर विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

मारपीट व गोलीबारी में एक की मौत, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबीविगहा गांव में गुरुवार को जमीन विवाद को लेकर गोतिया के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पहले मारपीट हुई और फिर जमकर गोलीबारी की गई। घटना में 73 वर्षीय छोटे लाल यादव का पावापुरी मेडिकल कॉलेज इलाज के दौरान मौत हो गई। गोलीबारी में श्रवण यादव समेत तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो को गोली लगी है जबकि एक व्यक्ति मारपीट में घायल हुआ है। गोली लगने से घायल दोनों जख्मी का इलाज पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मृतक के पोते रोहित कुमार ने बताया कि पिछले चार महीनों से जमीन को लेकर उनके ही गोतिया शिवबालक यादव के साथ विवाद चल रहा था। इस विवाद को लेकर प्रशासन ने दोनों पक्षों को विवादित जमीन पर निर्माण कार्य रोकने का आदेश दिया था। इसके बावजूद एक पक्ष निर्माण करा रहा था। गुरुवार को जब दूसरे पक्ष ने निर्माण कार्य रोकने की कोशिश की तो विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर शिवबालक यादव पक्ष के लोग छोटे लाल यादव के घर पर चढ़ आए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही अस्थावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सदर डीएसपी नूरुल हक ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुराना जमीनी विवाद चल रहा था। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

आंधी में ताड़ का पेड़ गिरने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

बिहारशरीफ। गिरियक प्रखंड क्षेत्र में अचानक आई तेज आंधी और तूफान ने भारी कहर बरपाया। इस प्राकृतिक आपदा से जगह-जगह पेड़ उखड़ गए, दर्जनों घरों की छतें और करकट उड़ गए, वहीं एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पावापुरी सहायक थाना क्षेत्र के दुर्गापुर खंधा में ताड़ का पेड़ गिरने से 10 वर्षीय बच्चे अंकित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, अंकित कुमार अपने गांव दुर्गापुर में खेत में था। तेज हवा शुरू होने पर वह घर की ओर लौट रहा था, तभी रास्ते में एक ताड़ का पेड़ उसके ऊपर गिर गया, जिससे उसकी जान चली गई। मृतक दुर्गापुर निवासी पिंटू यादव का पुत्र था। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

कोटवारा पैक्स अध्यक्ष पद पर राहुल कुमार सिंह 110 वोटों से विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के कोटवारा पैक्स निर्वाचन के लिए बुधवार को हुए मतदान के बाद मतगणना का कार्य प्रखंड मुख्यालय परिसर में संपन्न हुआ। मतगणना के दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार सिंह ने 521 वोट हासिल कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी श्रीकांत कुमार उर्फ सोनू सिंह को 411 वोट मिले। इस दौरान 64 मत रद्द घोषित किए गए। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास ने राहुल कुमार सिंह को 110 वोटों के अंतर से विजेता घोषित किया। बुधवार रात करीब 11 बजे प्रशासन की निगरानी में विजेता राहुल कुमार सिंह को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा गया।

मतगणना के दौरान देर रात तक कार्यकारिणी सदस्यों के वोटों की गिनती जारी रही। निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में विजयी उम्मीदवारों में एससी-एसटी महिला वर्ग से चिंता देवी, पुरुष वर्ग से मेतर चौधरी, पिछड़ा वर्ग पुरुष से नवलेश यादव, महिला से लक्ष्मीनिया देवी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग पुरुष से विक्की नोनिया, महिला से सपना देवी, सामान्य वर्ग महिला से मालती देवी (1) और मालती देवी (2), पुरुष से रंजन मिश्रा और राकेश कुमार (2) विजयी घोषित हुए।

निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार, सब इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जीत के बाद नवनिर्वाचित कोटवारा पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने कहा कि यह जीत उन सभी पुरुष और महिला किसान मतदाताओं की है, जिन्होंने तपती धूप में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें कि कोटवारा पैक्स निर्वाचन के लिए मतदान बुधवार को ही संपन्न हुआ था, जिसके बाद रात में मतगणना पूरी की गई। ।

महिला लापता, पति ने दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज थाना क्षेत्र के मई गांव से तीन बच्चों की मां रहस्यमय ढंग से लापता हो गई है। पीड़ित पति अशोक पासवान ने थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि 6 अप्रैल को पत्नी रिंकू देवी से आपसी विवाद हुआ था, जिसके बाद वह तीनों बच्चों को घर पर छोड़कर कहीं चली गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस लापता महिला की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मामला संदेहास्पद बना हुआ है, जिसकी गहराई से छानबीन की जा रही है।

'हर बूथ पर पार्टी को बनाएं मजबूत' : पूर्व मंत्री अमरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। भारतीय जनता पार्टी के सातों सांगठनिक मंडलों के संयुक्त तत्वावधान में फीता बिगहा में गुरुवार को पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह चंद्रवंशी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और वंदे मातरम की सामूहिक प्रस्तुति के साथ की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने की, जबकि संचालन वार मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने किया। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व माला पहनाकर किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री अमरेन्द्र सिंह

भारतीय जनता पार्टी, औरंगाबाद
सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन
रफीगंज विधानसभा

ने कहा, राज्यभर में चल रहे सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी सरकार जहां है, वहां अपने बलबूते पर और जहां नहीं है, वहां सहयोगी दलों के साथ मिलकर काम कर रही है। हमें हर बूथ को मजबूत करना होगा ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार दोबारा बन सके। वक्फ बोर्ड बिल को लेकर उन्होंने कहा कि यह विधेयक सभी समाज के हित में है। हमारी सरकार सोच-समझकर निर्णय लेती है, लेकिन विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वह बेवजह का हंगामा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, मुफ्त राशन, मुफ्त गैस सिलेंडर जैसी योजनाओं का लाभ देश की 140 करोड़ आबादी को मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर विकास तीव्र गति से हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, मदनपुर उत्तर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, मुखिया विजय कुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ. गोपाल प्रसाद, शिवनारायण साव, महेंद्र प्रसाद, विजय कुमार सिन्हा, सिद्धनाथ मिश्रा, भाजपा महामंत्री बालगोविंद साहू, लुटन सिंह, शशिभूषण मिश्रा, संजय सिंह, मुकेश पासवान, बिमलेश पासवान सहित सैकड़ों महिला व पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम ने भाजपा संगठन की एकजुटता और जमीनी स्तर पर सक्रियता को नया बल प्रदान किया है।

आगे बढना है तो शिक्षा पर दें बल : अनीता राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। सोमनाहा एवं गोराई पंचायत के लोगों को आगे लाना है तो शिक्षा पर बल देना होगा। उक्त बातें गुरूवार को चूल्हाई राम आदर्श उच्च विद्यालय सोमनहा के प्रांगण में आयोजित एक सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर समस्तीपुर नगर निगम अनीता राम ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के बच्चों के लिए एवं समाज के लोगों को शिक्षा संस्थान की स्थापना पर जोर देना होगा। इसी से हमारा समाज आगे बढ़ेगा पुरस्कार बच्चों को प्रोत्साहित करने और अभिभावपकों को जागरूक करने का एक प्रयास है। बताते चलें कि गुरूवार को चुल्हाईराम आदर्श उच्च विद्यालय परिसर में सोमनाहा एवं गोराई पंचायत के मैट्रिक एवं

इंटर पास परीक्षार्थियों को पुरस्कृत कर समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। बताते चलें कि इस अवसर पर 250 की इंटर एवं मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। जिसमें 12वीं टॉपर विवेक कुमार, सरस्वती कुमारी, दीपक कुमार, पिंकी कुमारी, 10वीं में टॉपर चंचल कुमारी, सुमन भारती, आदित्य कुमार, सोनम कुमारी, कल्पना कुमारी, संजना कुमारी, रंजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रोशनी कुमारी, शामिल हैं। इस दौरान बच्चों ने जाट जट्टिन, झिझिया, आदि लोक धुनों पर आधारित मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान स्नेहा संध्या, राजनंदिनी, हेमा, प्रभा, सोनम, प्रीति, रागिनी, अनुष्का, रोमा, नीतू, संजना, ग्रेसी, दीप, आदि ने अपने प्रस्तुति दी। मंच संचालन ब्रह्मदेव सिंह ने किया। वहीं राजकुमार सिंह, ओम प्रकाश, सतीश प्रसाद सिंह, राधा कुमारी मुखिया सोमनहा, अनीश कुमार मुखिया बलहा, भुवनेश्वर राम अध्यक्ष जिला अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ समस्तीपुर, आदि सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

शराब और मोटरसाइकिल जब्त, तस्कर फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। कासमा पुलिस ने रफीगंज के बक्शी विगहा गांव के समीप एक मोटरसाइकिल से 35 लीटर महुआ देशी शराब बरामद की है। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर शराब तस्कर बाइक छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने जब्त शराब और मोटरसाइकिल को थाने लाया, जहां प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने देखा कि विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल आ रही थी। पुलिस को देखते ही तस्कर बाइक छोड़कर भाग निकला। जवानों ने उसका पीछा किया, लेकिन अंधेरे के कारण वह फरार हो गया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल से महुआ देशी शराब बरामद की गई। मामले की जांच जारी है।

20 अप्रैल को 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह, सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। ओबरा में सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के कार्यालय में बुधवार शाम सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी 20 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को भव्य रूप देने और एनएच-139 पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। कोर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 20 अप्रैल, रविवार को प्रखंड मुख्यालय के बेल रोड स्थित एक निजी मैरेज हॉल में सामूहिक विवाह समारोह का

आयोजन होगा। इस भव्य कार्यक्रम में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए समिति पूरी तरह सक्रिय है।

बैठक में एनएच-139 पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताई गई। सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन एनएच-139 की अनदेखी जारी है। समिति ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके लिए जल्द ही आंदोलन की तारीख घोषित की जाएगी।

बैठक में समिति के प्रमुख सदस्य पुष्कर अग्रवाल, नवलेश मिश्रा, चंदन सिंह, सहजानंद कुमार डिक्कू, मुकेश कुमार, गुड्डू सिंह और आनंद विश्वकर्मा मौजूद रहे। सदस्यों ने एकजुट होकर सड़क सुरक्षा और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

रफीगंज(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कासमा पुलिस ने बुधौल गांव के पास से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। इस दौरान रफीगंज थाना क्षेत्र के सिहदा गांव निवासी ट्रैक्टर चालक शिवदास को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर और गिरफ्तार चालक को थाने लाया गया, जहां प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और बालू की ढुलाई पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। साथ ही, अवैध खनन में शामिल लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि ऐसे गैरकानूनी कार्यों पर अंकुश लगाया जा सके।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना सं.- टीआरएस-जी-टी- आरएसपी -ओपीएन-01-25-26, दिनांक: 08.04.2025
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, अनुभवी ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर (ओपन) निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा सं. एवं कार्य का विवरण स्थान सहित : मिड-टर्म रिहैबिलिटेशन ऑफ 5400 KVA ट्रान्स्फ़ोर्मर फॉर कन्वेंशनल लोकोस। क्वान्टिटी 12 नंबर्स। फर्म का कार्यशाला एवं विधुत लोको शेड- पंडित दीन दयाल उपाध्याय। 2. अनुमानित लागत : ₹2,38,62,202.44, 3. धरोहर राशि : ₹2,69,300.00, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक - 02.05.2025 समय 13:00 बजे तक। दिनांक- 02.05.2025 समय 15:00 बजे। 5. वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण का जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वारिष्ठ मंडल बिजली इंजी. /कचस्टा विधुत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।
मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0069/डीडीयू/विद्युत/टी/25-26/36

भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी हैं प्रासंगिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा। एनएवी कॉन्वेंट ओबरा मे भगवान महावीर जी का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विद्यालय के निदेशक लखन प्रसाद एवं प्राचार्य ओम प्रकाश, कला प्रवीण ने छात्रों को उनके विचारों से अवगत कराया। निदेशक लखन प्रसाद ने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर है। आज उनके उपदेशों को अपनाने की आवश्यकता है। वे जिओ और जीने दो के मार्ग पर चले। वे अहिंसा परमो धर्म के पुजारी थे। प्रभु महावीर

का उपदेश इतना प्रासंगिक है कि जो मानव जाति के जीवन मे प्रेरणा स्त्रोत बन गए है। प्राचार्य ओम प्रकाश कला प्रवीण ने भी बताया कि भगवान महावीर ने क्षमा करने को एक बहुत बड़ी उपदेश दिया जिनका कहना था कि थमा वीरों का आभूषण है तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अपने सिद्धांतों को जनमानस के बीच रखा। उन्होंने ढोंग पाखंड अत्याचार और हिंसा को त्याग किया जिससे आज उनका विचार हम सबों का प्रासंगिक है जिनका उपदेश हम सबों के जीवन मे उतारने की जरूरत है। इस मौक पर शिक्षक अखिलेश कुमार, सनोज कुमार सिंह शिवशंकर शर्मा रीता कुमारी समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

बिजली पोल पर बैनर दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के नावाडीह रोड पर बिजली के खंभों पर लटकता हुआ बैनर दुर्घटना का निमंत्रण दे रहा है। यह बैनर उस समय खंभे से लटक गया जब बुधवार को तेज हवा चल रही थी, जिससे यह पोल के खंभे में फंस गया है। तेज हवा के कारण बैनर का फंसना न केवल स्थानीय व्यापारियों के लिए बल्कि यहां आने वाले ग्राहकों के लिए भी चिंता का विषय बन गया है। मुख्य मार्ग होने के चलते हर दिन बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं और ऐसे में लटकता बैनर किसी भी क्षण बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय प्रशासन को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि कोई अनहोनी न हो।

स्थानीय नागरिकों ने इस मुद्दे को लेकर चिंता व्यक्त की है और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। यह जरूरी है कि स्थानीय प्रशासन इस स्थिति का तत्काल समाधान निकाले और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए उचित उपाय करें।

बेमौसम बारिश से किसानों को नुकसान

मदनपुर/नबिटा संवाददाता। गुरुवार के दोपहर को बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बुधवार रात से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। गुरुवार दोपहर अचानक आसमान में घनघोर बादल छा गए और तेज हवा के साथ बारिश ने गेहूं फसलों को नुकसान पहुंचाया हैं। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेमौसम बारिश व बर्फ बारी से किसानों में मायूसी है। किसान रामजन्म महतो, धर्मेन्द्र कुमार मेहता, मुंशी प्रसाद मेहता, परमानन्द सिंह, लालदेव प्रजापति एवं अभिमन्यु प्रसाद सिंह ने बताया कि बुधवार की संध्या अचानक तुफ़ान और बेमौसम बारिश होने से खेतों में लगे गेहूं फसल तथा बहुतेरे किसान गेहूं फसल को काट कर दौउनी कर गेहूं घर ले जाने के प्रयास में ही थे कि तेज़ हवा के साथ बारिश होने लगी। इससे गेहूं फसल क्षतिग्रस्त हो गए।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./टेली/2025/7 दानापुर, दिनांक 09.04.2025. भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :-
1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल के अंतर्गत दीघा और एचजेपी में पाटलिपुत्र रेल परिसर में नेटवर्किंग और अन्य संबंधित वस्तुओं के साथ आईपी एक्सचेंज का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) 03 वर्ष की अवधि के लिए। 2. अनुमानित लागत : ₹1,35,42,188.40, 3. बयाना राशि : ₹2,17,700.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 02.05.2025 को 15.00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.05.2025 को 15.30 बजे। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।
मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि./
पूमरे/दानापुर
पीआर/0071/डीएनआर/सि./टी/25-26/36

प्रखंडस्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड में प्रखंडस्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर लिया गया है। इस समिति के अध्यक्ष पद पर जदयू प्रखंड नेता सुनील कुमार बर्मा को चुना गया, जबकि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार साहू को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इनमें जदयू नेता कौशल कुमार चंद्रवंशी, दनई के हरेंद्र कुमार चक्रवर्ती, नीमा चतुर्भुज के दिल्लू सिंह, शैलेपुर के शाहबाज आलम, भदवा की प्रभा देवी, पखनौर के सुनील पाल, तेलथुआ के बबलू सिंह, टिकरी के रामकुमार सिंह, पांती के मनोज यादव, बेल्हाडिया के राजकुमार चंद्रवंशी, नीमा चतुर्भुज के सुबोध कुमार सिंह और उर्मीला पासवान, तथा बाबूगंज के संजय यादव शामिल हैं। यह समिति प्रखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन और समन्वय की दिशा में कार्य करेगी। गठन के बाद समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

प्रखंड क्षेत्रों में आंधी-तूफान का कहर, फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बुधवार को अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने बिहारशरीफ और आसपास के प्रखंड क्षेत्रों में जमकर तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा से कई घरों की छतों पर लगे किरकट उड़ गए, दर्जनों पेड़-पौधे उखड़ गए और खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा। तूफान इतना प्रचंड था कि दिन में ही अंधेरा छा गया। बाबूरबन्ना गांव के पास एक घटना में जियो टावर पर काम करने आए मिस्त्रियों ने अपनी गाड़ी सड़क किनारे एक विशाल नीम के पेड़ के नीचे खड़ी की थी। तेज आंधी में पेड़ जड़ से उखड़कर गाड़ी पर

गिर पड़ा, जिससे वाहन की छत और शीशे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि उस समय गाड़ी में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, रहुई-बिहारशरीफ रोड पर इतासंग गांव के पास एक पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ हटाने की कार्रवाई शुरू की। सरमेरा प्रखंड में आंधी और बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल और खलिहानों में थ्रेसिंग के लिए रखा अनाज बर्बाद हो गया। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने पेड़ों पर लगे आम के टिकोले झाड़ दिए और प्याज की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचाया। कई जगह छोटे पेड़ और झोपड़ियां हवा की चपेट में आकर नष्ट हो गईं।

सिलाव प्रखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी आंधी-तूफान और बारिश से व्यापक क्षति हुई। दिन में रात जैसा माहौल हो गया। किरकट से बने मकान और दुकानें ताश के पत्तों की तरह बिखर गए। करीब आधे घंटे बाद जब तूफान थमा और उजाला हुआ, तो लोग अपने घरों और दुकानों में हुए नुकसान से परेशान दिखे और बचाव कार्य में जुट गए।

किसानों का कहना है कि इस आपदा ने उनकी मेहनत पर कड़ा प्रहार किया है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

संक्षिप्त समाचार

कृष्णागढ़ थाना में प्रतिनियुक्त डाटा ऑपरेटर की ब्रेन हेमरेज से मौत

बड़हरा/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कृष्णगढ़ थाना में तैनात डाटा ऑपरेटर राजू कुमार पांडेय का आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 35 वर्ष के थे। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया की दिवंगत राजू कुमार पांडेय 8 दिन पहले कृष्णगढ़ थाना में योगदान किए थे। बुधवार को वह ड्यूटी पर आए थे। इस दौरान उनका तबीयत खराब होने लगा था। परिजनों ने उन्हें आरा एक निजी क्लीनिक में इलाज कराने ले गए थे। जहां चिकित्सक ने ब्रेन हेमरेज की बात बताई। उसके बाद चिंताजनक स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष पवन ने बताया कि स्वर्गीय राजू कुमार पांडेय चौरी थाना में मेरे साथ करीब डेढ़ साल तक काम किए थे। वे बहुत ही नेक दिल इंसान थे। लोगों के बीच उनका व्यवहार मिलनसार प्रकृति का था। उनके देहांत से पुलिस विभाग एक होनहार डाटा ऑपरेटर को खो दिया है। इसके पूर्व वे बड़हरा थाना में ड्यूटी करते थे। वह कृष्णागढ थाना क्षेत्र के पीपरपांती गांव के निवासी थे। फिलहाल में आरा शहर के एक मोहल्ले में रहते थे। इनके मौत से घर में कोहराम मच गया है।

आवास योजना की दूसरी एवं तीसरी किस्त जारी करने का निर्देश

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड कार्यालय में ग्रामीण आवास सहायकों के साथ बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने एक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान पीएम आवास योजना वर्ष 2024-25 की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही आवास सहायकों को दूसरा एवं तीसरा किस्त जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। बीडीओ ने कहा कि जिन लाभुकों को दूसरा व तीसरे किस्त की राशि दी गई है, उनसे हर हाल में आवास पूर्ण कराएं। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतते हुए योजना को ससमय पूर्ण कराये। बीडीओ ने बताया कि वर्ष 2024-25 में पीएम ग्रामीण आवास योजना का लक्ष्य 523 हो गया है। निर्धारित लक्ष्य में से अब तक करीब 454 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि दी गई है। वहीं 350 लाभुकों को दूसरा किस्त तथा 180 लाभुकों को तीसरे किस्त की राशि दी गई है। वहीं अब तक 79 आवास पूर्ण कर लिया गया है। लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण कराने के लिए खुद से भी प्रेरित किया जा रहा है। बता दे कि पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का आवास पूर्ण कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से लगा हुआ है। इसको ससमय पूरा करने को लेकर बीडीओ लगातार लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया।

33 हजार केवीए में गड़बड़ी को लेकर घंटों बिजली गुल

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। क्षेत्र में गुरुवार की अहले सुबह तेज मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश और आंधी के कारण साठी के मुसहरवा के पास 33 हजार केवीए में तकनीकी गड़बड़ी उत्पन्न हो जाने के चलते घंटो बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसकी सूचना पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को लगी। वहीं नगर के टाउन फीडर समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी बार-बार बिजली के आने जाने से भी थोड़ी बहुत परेशानी उठानी पड़ी। सहायक विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि सूचना पर मुसहरवा के आसपास फॉल्ट जांच किया गया। फॉल्ट मिलने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने कहा कि उसे दुरुस्त कराई गई है। उसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बता दे कि गुरुवार के अहले सुबह से मठीया, राजपुर, सोनासती,बरवा बरौली मुसहरवा समेत कई गांव की बिजली आपूर्ति शाम तक बाधित रही। हालांकि विद्युत कर्मियों के काफी प्रयास के बाद तकनीकी गड़बड़ी को दूर किया गया। उसके बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

बिहार बदलाव रैली में एकमा से दो हजार लोगों की होगी भागीदारी

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पटना में आगामी 11 अप्रैल को आयोजित होने वाली जन सुराज पार्टी की बिहार परिवर्तन रैली को सफल बनाने के लिए एकमा विधानसभा क्षेत्र के जन सुराज नेताओं व कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक बेतवनिया गांव स्थित महेश्वर एकेडमी परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गिरि ने की। बैठक में सर्वसम्मति से बिहार परिवर्तन रैली में 2000 से अधिक से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। खासकर एकमा विधानसभा क्षेत्र से वाहनों के काफिले के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को पटना पहुंचाने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में जन सुराज नेता विकास कुमार सिंह, ललितेश्वर तिवारी, रमेश गिरि, राकेश कुमार, रामनाथ मांझी, नागेंद्र सिंह, अरुण सिंह, त्रिलोकी यादव, मुकेश कुमार, पिंटू साह, धर्मेंद्र गिरि प्रदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार आदि ने कहा कि यह रैली बिहार की राजनीति में बदलाव का प्रतीक बनेगी। जिसमें एकमा क्षेत्र की मजबूत भागीदारी जरूरी है। सभी ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे 11 अप्रैल को पटना पहुंचकर इस ऐतिहासिक रैली का हिस्सा बन कर बदलाव की इस मुहिम को मजबूत करें।

नशे में धूत बाइक चालक ने एएनएम को मारी टक्कर, सदर अस्पताल रेफर, एक गिरफ्तार

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा थाना क्षेत्र में एकमा-सहाजितपुर मुख्य मार्ग पर परसागढ़ बाजार के प्रसादी नाथ के मठिया मोड़ के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में एकमा सीएचसी में पदस्थापित एएनएम मीना कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया है कि मीना कुमारी क्षेत्र में टीकाकरण की ड्यूटी निभाने के बाद शाम में वे सीएचसी एकमा वापस लौटने के लिए सड़क किनारे खड़ी थीं, तभी नशे में धुत बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में मीना कुमारी (पति विनय कुमार, निवासी दहियावा, छपरा) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बाइक पर सवार दो युवक भी अनियंत्रित होकर गिर पड़े। इनमें से एक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा घायल अवस्था में पकड़ा गया। घटना की सूचना मिलते ही गश्त कर रही डायल 112 नंबर पुलिस वाहन मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए एकमा अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ड्यूटी पर तैनात डॉ विकास कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद एएनएम मीना कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा हेतु छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने नशे में धुत युवक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के कटेया दक्षिण टोला निवासी गणेश सिंह के पुत्र मंगल सिंह के रूप में की है, जिसे गिरफ्तार कर एकमा थाना लाया गया है।

पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यपाल ने डाली पंचायत की मुखिया पूनम को किया पुरस्कृत

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रांची के रेडिएशन ब्लू होटल में बुधवार को नारी सम्मान समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन सूबे के राज्यपाल संतोष गंगवार व राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम में राज्यभर से आए अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल की धर्मपत्नी सह संस्था की प्रधान सचिव व ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल को राज्यपाल संतोष गंगवार व राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके पहले मुखिया पूनम जायसवाल ने राज्यपाल व सांसद को हिमाचल के कपूर का पौधा भेंट किया।

राज्यसभा सांसद महुआ मांजी ने पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डॉ कौशल व मुखिया पूनम ने महुआ मांझी को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम देकर स्वागत किया। संस्था की प्रधान सचिव सह मुखिया पूनम ने कहा कि सेवा कभी बेकार नहीं जाती है। उनका जन्म गढ़वा जिला के केतार गोपालपुर के बैकुंठ नारायण जायसवाल जमींदार परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने पिता के साथ 1970 में अपनी भूमि पर पौधरोपण किया था। इसके बाद पलामू जिले के छतरपुर के ग्राम डाली गांव में मोहनलाल खुर्जा व पार्वती देवी के बहू बनकर आयी। उन्होंने अपने पति पर्यावरण विद डॉ कौशल किशोर जायसवाल के निशुल्क पौधा वितरण व रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन, छठ पूजा में आम की लकड़ी का निशुल्क वितरण, जाड़े में गरीबों के बीच कम्बल वितरण, गरीब बच्चियों को निजी खर्चों पर शादी कराना व सहयोग करना जैसे सामाजिक कार्यों में अपने पति का साथ दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आगे बढ़ाने में किसी न किसी का साथ बहुत जरूरी होता है। उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ आजतक अपने दायित्वों का निर्वहन करते आया। मुखिया पूनम ने कहा है कि पर्यावरण के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए उन्होंने पति को सहयोग करने के लिए उनके साथ नेपाल, भूटान, वर्मा, सिंगापुर, मलेशिया, अजरबैजान समेत अपने देश के दर्जनों राज्यों में जाकर पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट में महिलाओं को पौधा देकर उन्हें अपने बच्चों की तरह पौधा लगाकर बचाने के लिए जागरूक किया। वे अपने मेदिनीनगर स्थित आवास पर्यावरण भवन के ऊपरी तल के ऊपर आकाश बाग लगाया है। शुरूआती दौर से ही पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने का परिणाम है कि आज इस मुकाम पर पहुंची हैं।

मुखिया ने राज्यपाल को किया कपूर का पौधा भेंट

पलामू के सैकत चटर्जी को मिला फोटो जर्नलिज्म प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रांची में झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित फोटो प्रतियोगिता में पलामू के जाने माने प्रेस फोटोग्राफर सैकत चटर्जी को प्रथम पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार उन्हें जर्नलिज्म कैटेगरी में दिया गया है। झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि जर्नलिज्म कैटेगरी में पलामू के सैकत चटर्जी को प्रथम पुरस्कार मिलने के साथ- साथ चास व बोकारो के सागर परमार द्वितीय व धनबाद के राज कुमार सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला है। यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय थी। पाण्डेय ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। कहा कि वे उनकी फोटोग्राफी कौशल व प्रतिभा की सराहना करते हैं। झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के आयोजित फोटो प्रतियोगिता का उद्देश्य फोटोग्राफी के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना व उन्हें एक मंच प्रदान करना है। जर्नलिज्म कैटेगरी फोटो प्रतियोगिता के निर्णायक रांची के वरीय प्रेस छायाकार मानिक बोस व जगदीश सिंह थे।

कुम्हरार से बड़ी संख्या में लोग बिहार बदलाव रैली में पहुंचेंगे : डॉ उमाकांत पाठक

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार में बदलाव के लिए नई सोच की जरूरत है। नया बिहार, सशक्त बिहार और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण के संकल्प के साथ आगामी 11 अप्रैल को पटना मे जनसुराज पार्टी द्वारा 'बिहार बदलाव रैली' का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में बड़ी संख्या में पूरे बिहार से लोग उपस्थित होकर बिहार मे बड़े बदलाव का हिस्सा बनेंगे। इस संबंध मे कुम्हरार विधान सभा क्षेत्र के जन सुराज से संभावित प्रत्याशी डॉक्टर उमाकांत पाठक विभिन्न क्षेत्रों मे घूम-घूम कर आम लोगों से 'बिहार बदलाव रैली' मे आने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से हमारे नेता प्रशांत किशोर बिहार मे नये बदलाव का बिगुल फूंकेंगे। रैली की सफलता को लेकर अपने समर्थकों के साथ बैठक के बाद डॉक्टर पाठक ने कहा कि तीन संकल्प, 'नया बिहार, सशक्त बिहार और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण के संकल्प के साथ इस रैली में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होंगे जो बिहार मे बड़े बदलाव का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य है कि बिहार के आम जनता, बिहार में नये बदलाव के लिए खुद आगे बढ़कर भ्रष्टाचार, अन्याय और असमानता के खिलाफ आवाज बुलंद करे।उन्होंने कहा कि बिहार में बदलाव के लिए नई सोच की जरूरत है, जो सिर्फ जन सुराज के पास ही है। बता दें कि डॉ उमाकांत पाठक, कुम्हरार और आस पास के क्षेत्र में काफी प्रभावशाली माना जाता है। उनका ये प्रभाव उनके निस्वार्थ सेवा कार्यों को लेकर है। जिनसे क्षेत्र में उनके छवि एक मसीहा की है। जिन्होंने कोरोना काल पांच हजार से भी अधिक लोगों की जिंदगी बचा कर काफी नाम कमाया है। ऐसे में उनको उम्मीद है कि कुम्हरार विधान क्षेत्र से उनके अपील पर बड़ी संख्या में लोग इस रैली में भाग ले सकते हैं।बता दें कि डॉक्टर उमाकांत पाठक पूरे रैली में स्वयं मेडिकल की व्यवस्था देख रहे हैं। उनके नेतृत्व में एक लंबी टीम रैली में आने वालों के लिए मेडिकल की समुचित व्यवस्था में लगी हुई है । रैली स्थल पर एंबुलेंस और डॉक्टरों की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने शुरू किया सहेली सेंटर

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सहेली सेंटर की शुरूआत की। हाजीपुर ब्लॉक के विशुनपुर बालाधारी पंचायत के मुसहर टोली के सर्वांगीण विकास के लिए क्लब ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा कि उक्त टोला की महिलाओं एवं बच्चियों के लिए सहेली सेंटर खोला जा रहा है, जहां पर सिलाई कटाई प्रशिक्षण, ब्युटिशियन ट्रेनिंग के साथ सैनेटरी पैड बैंक भी चलाया जाएगा। उक्त टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रोटरी क्लब द्वारा लाइब्रेरी के लिए आलमारी, किताबें एवं बच्चों को कम्पुटर ट्रेनिंग देने के लिए एक कम्प्यूटर भी डोनेट किया गया है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त महिला ही एक सशक्त समाज की पहचान है। हमारा उद्देश्य महिलाओं को सिलाई की कला के माध्यम से सशक्त बनाना, मेकअप कौशल के साथ महिलाओं की शक्ति को जगाना है। स्वस्थ्य महिलाएं स्वस्थ्य समुदायों का निर्माण करती है इसीलिए महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता देकर उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ें। इस मौके पर क्लब के सचिव डॉ. अमिताभ बंका, क्लब के असिस्टेंट गवर्नर आशीष बंका, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक लोहिया, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन, गौतम कुमार सहित क्लब से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

पलामू के रवि की रातों-रात किस्मत चमकी, ड्रिम 11 पर 49 रुपये लगाकर जीते 3 करोड़

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कभी-कभी किस्मत वाकई बड़ी तेज होती है। पलामू के रवि मेहता की कहानी इसका जीता-जागता उदाहरण है। आईपीएल 2025 के इस सीजन में जहां लाखों लोग अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, वहीं रवि ने ड्रिम 11 पर महज 49 रुपये की टीम बनाकर 3 करोड़ रुपये जीत लिए। मजदूर का बेटा व किराना दूकान चलाने वाले रवि ने रातों-रात करोड़पति बनकर सबको हैरान कर दिया है। उनकी इस बड़ी जीत की खबर सामने आते ही पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रवि के घर पर बधाई देने वालों का तांता भी लगा है। सदर प्रखंड के कौड़िया के तेलियाबांध के रहने वाले रवि ने बताया कि उसके पिता मजदूरी करते हैं। जबकि वह गांव में ही एक छोटा सा किराना दूकान चलाता है। बताया कि वह आठ सालों से ड्रिम 11 में टीम बनाकर किस्मत आजमा रहा था। वह 2018 से ड्रिम 11 में टीम बनाता था। अब तक वह इस प्लेटफॉर्म पर 5 लाख से अधिक गंवा चुका है। 9 अप्रैल को भी हमेशा की तरह उसने गुजरात टाइटंस व राजस्थान रॉयल्स में टीम बनायी। इस बार किस्मत ने उसका पूरा साथ दिया। बताया कि 49 रुपये की टीम बनायी व 3 करोड़ रुपए जीत लिए। जीतने के बाद उसने ड्रिम11 से एक करोड़ रुपये अपने खाते में विड्रॉ भी कर लिया है। शेष राशि 24 घंटे के बाद खाते में ट्रांसफर हो जायेगी। इधर रवि के माता-पिता ने कहा कि वे रवि को किराना दूकान का सामान लाने के लिए पैसा देते थे। लेकिन वह प्रति दिन ड्रिम 11 में टीम लगाकर कुछ पैसे हार जाया करता था। कई बार उसे समझाया व डांट-फटकार भी लगायी। लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी। बताया कि रवि दूकान में बैठकर ही टीम बनाया करता था। आज जब वह 3 करोड़ जीता तो पूरा परिवार खुशी से फूले नहीं समा रहा है। कहा कि जीते हुए पैसे से वे जमीन खरीदेंगे व बिजनेस में लगायेंगे।

क्या है ड्रीम 11

ड्रिम 11 एक फेंटेसी स्पार्क्स प्लेटफार्म है। जहां यूजर्स क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, बेसबॉल जैसे खेलों के रियल-टाइम मैचों पर आधारित वर्चुअल टीम बनाकर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स अपनी स्पोर्ट्स नॉलेज व रणनीति के आधार पर टीम बनाकर ग्रैंड लीग या स्मॉल लीग जैसे कांटेस्ट खेल सकते हैं। मैच खत्म होने के बाद खिलाड़ियों के रियल परफॉर्मेंस के अनुसार पॉइंट मिलते हैं। उसी आधार पर रैंकिंग तय होती है। टॉप रैंक पाने वालों को इनाम के तौर पर लाखों से लेकर करोड़ों रुपये तक मिलते हैं। ड्रिम 11 को लोग अक्सर ऑनलाइन सट्टा कहते हैं। लेकिन यह एक लीगल फैंटेसी गेमिंग प्लेटफॉर्म है। जिसे भारत में कुछ राज्यों को छोड़कर अधिकतर जगहों पर अनुमति प्राप्त है।

रोटरी क्लब एवं इंदिरा आइवीएफ द्वारा वेलनेस सह मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन

ROTARY CLUB OF PATNA

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रोटरी क्लब ऑफ पटना एवं इंदिरा आईवीएफ पटना के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी भवन में महिलाओं के लिए वेलनेस सह मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ उठाया। डॉ. दयानिधि ने शिविर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रोटरी क्लब पटना और इंदिरा आईवीएफ मिलकर महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में रोटेरियन अनूप कुमार पलित ने इंदिरा आईवीएफ की टीम का स्वागत करते हुए उनके द्वारा पूर्व में दिए गए सहयोग की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की संयुक्त पहल से और अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। इंदिरा आईवीएफ की दो महिला डॉक्टरों ने महिलाओं की स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी दी और सावधानी बरतने की जरूरत पर बल दिया। रोटेरियन सरिता प्रसाद, सचिव, रोटरी पटना ने अतिथियों को गमले में लगे पौधे भेंट कर स्वागत किया। रोटेरियन गुरुचरण गांधी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और अध्यक्ष रोटेरियन अखिलेश कुमार ने सभी डॉक्टरों एवं सहयोगी स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. अनुजा मिश्रा, डॉ. पूजा, डॉ. शिप्रा (इंदिरा आईवीएफ) तथा रोटेरियन रवि सिन्हा, रश्मि मंडल, एवं मिथिलेश कुमार मंडल भी उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय गतका शिविर में भाग लेंगे संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी

मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। संत मरियम स्कूल कजरी के शैक्षणिक प्रबंधक डॉ स्वाधीन ने प्रार्थना सभा में विद्यालय के चार विद्यार्थियों का परिचय कराया। कहा कि झारखंड गतका संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय गतका शिविर में विद्यालय से 4 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। शिविर बोकारो स्टील सिटी में दिनांक 12 व 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। मौके पर स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ- साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे है। विद्यालय विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का कार्य करती है। इसमें खेल क्षेत्र में जो विद्यार्थी बेहतर करते हैं, उन्हें समय- समय पर होने वाले राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भेजा जाता है। शिविर में जाने वाले सभी विद्यार्थियों को ढेर सारी शुभकामनाएं हैं। आप जाए व सफलता पूर्वक शिविर पूरा करके वापस लौटे। शिविर में जाने वाले विद्यार्थियों में रोशन कुमार मांझी, सन्नी कुमार, कार्तिक कुमार, खुशबू कुमारी शामिल हैं। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन भी जाएंगे।

बैंगल उत्सव 2025 के साथ सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किए पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया के लिए विशेष ऑफर्स

खुशियों की रीत और आपका शुक्रिया अभियान के माध्यम से मना रहा है 85 वर्षों की कारीगरी का जश्न

कोलकाता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पूरे भारत में मशहूर ज्वेलरी ब्रांड, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने हाल ही में डेलॉइट की फरवरी 2024 रिपोर्ट में दुनिया के टॉप 100 लग्जरी ब्रांड्स की लिस्ट में जगह बनाई है। 175 से अधिक शोरूम्स के आँकड़े के साथ सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ईस्ट इंडिया में सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड बन गया है। टीआरए की रिपोर्ट में सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स को लगातार चौथे साल देश के दूसरे सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड का दर्जा मिला है और साल 2024 में इसका नाम सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड्स में भी शामिल रहा। इस विशेष अवसर पर कंपनी ने 'बैंगल उत्सव' की शुरूआत की है, साथ ही पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों के लिए विशेष ऑफर्स भी लॉन्च किए हैं। इन दोनों त्योहारों को बंगाल और पूरे भारत में काफी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और इस दौरान सोना खरीदना और कीमती धातुओं में निवेश करना शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इससे घर में सुख-समृद्धि आती है। सुवांकर सेन, एमडी और सीईओ, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स, ने कहा, "इस बार के बैंगल उत्सव में हमने 100 से भी अधिक नई डिजाइन्स पेश की हैं, जिनमें कंगन, ब्रेसलेट, चार्म्स, चूड़, बाला, पोला और शाखा शामिल हैं। ये डिजाइन्स गोल्ड, डायमंड और प्लेटिनम में उपलब्ध हैं और हर बजट और पसंद को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स हमेशा से कारीगरी की परंपरा को सम्मान देता आया है और आज के जमाने के लालित्य को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है, क्योंकि हम ज्वेलरी को सिर्फ जेवर नहीं, बल्कि एक विरासत मानते हैं। जिस प्रकार सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊँचाई की तरफ बढ़ रही हैं, हमने सोचा कि फ्लेक्सी एडवांस प्लान शुरू करने के लिए यह समय सबसे उपयुक्त है, जिससे हमारे ग्राहक आज की कीमत पर अपना गोल्ड बुक कर सकें और यदि आगे जाकर कीमतें और बढ़ती हैं, तो उन्हें उसका भी फायदा मिल सके। यह प्लान 1 मार्च, 2025 से शुरू हो चुका है, जो कि 20 अप्रैल, 2025 तक प्रभावी रहेगा और इसे पूरे देशभर के हमारे सभी शोरूम्स पर 5 अप्रैल से 4 मई, 2025 तक रिडीम किया जा सकता है।" जोइता सेन, डायरेक्टर और हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिजाइन, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स, ने कहा, "आपका शुक्रिया अभियान हमारे कारीगरों को समर्पित है, जिनकी कारीगरी पर ही सेंको की विरासत टिकी है। पिछले 85 सालों से सेंको डिजाइन और बेहतरीन फिनिशिंग के मामले में जाना-माना नाम रहा है। हम अपने कारीगरों के समर्पण और पीढ़ियों से हमारे साथ जुड़ाव के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं।" सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स अपने सभी ग्राहकों को 7 अप्रैल, 2025 से 4 मई, 2025 तक देशभर के सभी शोरूम्स पर खास छूट दे रहा है। इस बार पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया के मौके पर मिलने वाले ऑफर्स में 10 ग्राम सोने पर 2500 रुपए तक की छूट, पुराने सोने के एक्सचेंज पर 0% डिडक्शन, डायमंड ज्वेलरी पर सिर्फ 1 रुपए का मेकिंग चार्ज और डायमंड वैल्यू पर 10% तक की छूट शामिल हैं। प्लेटिनम ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर भी 20% तक की छूट दी जा रही है। इस बार की शुरूआती रेंज सिर्फ 40,000 रुपए से शुरू हो रही है। स्पेशल ऑफर के तहत डायमंड खरीदने पर गोल्ड फ्री और गोल्ड खरीदने पर सिल्वर फ्री दिया जा रहा है। इसके अलावा 11 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2025 के बीच यदि कोई ग्राहक एसबीआई कार्ड से 50,000 रुपए या उससे अधिक की खरीदारी करता है, तो उसे प्रति कार्ड 5000 रुपए तक की अतिरिक्त छूट मिलेगी। ग्राहक हमारे सभी शोरूम्स में जाकर या हमारी वेबसाइट https://sencogoldanddiamonds.com/पर जाकर लेटेस्ट डिजाइन्स देख सकते हैं। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने 'खुशियों की रीत' अभियान शुरू किया है, जो उन कारीगरों को समर्पित है, जिनके कौशल और समर्पण से धातुएँ सिर्फ जेवर नहीं, बल्कि प्यार और परंपरा की अमानत बन जाती हैं। 85 साल से भी अधिक पुरानी इस कारीगरी की विरासत को सम्मान देते हुए, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स #आपकाशुक्रिया अभियान भी चला रहा है। यह अभियान उन कारीगरों के प्रति आभार व्यक्त कर रहा है, जिन्होंने हर फिलीग्री डिजाइन (जरदोजी का काम), नक्काशी और डायमंड सेटिंग में जान डालने का काम किया। यही सच्चे कलाकार सेंको की हर ज्वेलरी को सबसे विशेष बनाते हैं। इस अभियान के माध्यम से सेंको ने गोल्ड, डायमंड, पोल्की और एंटीक ज्वेलरी का एक बेहद खूबसूरत कलेक्शन भी पेश किया है, जो उस शानदार कारीगरी की झलक देता है, जो पीढ़ियों से सेंको की पहचान रही है।

धर्मेन्द्र सिंह चौहान बने 20 सूत्री कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष, सांसद सहित अन्य लोगों ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। रिविलगंज मंडल के भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान को बिहार सरकार के मंत्रीमंडल सचिवालय विभाग द्वारा 20 सूत्री कार्यक्रम समिति के रिविलगंज प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कुल 15 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। बताया गया है कि धर्मेन्द्र सिंह चौहान वर्ष 1998 से भाजपा की सक्रिय राजनीति में हैं और पार्टी के कद्दावर व पुराने कार्यकताओं में गिने जाते हैं। पार्टी ने उनके लंबे अनुभव व जमीनी पकड़ को ध्यान में रखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसका मुख्य कार्य सरकार की 20 प्रमुख योजनाओं की निगरानी व कार्यान्वयन सुनिश्चित करना होता है। गौरतलब है कि 20 सूत्री कार्यक्रम समिति में स्थानीय सांसद, विधायक व विधान परिषद सदस्य पदेन सदस्य होते हैं। समिति सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, ग्रामीण विकास आदि से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करती है। उधर धर्मेन्द्र सिंह चौहान को रिविलगंज 20 सूत्री अध्यक्ष बनाए जाने पर सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी, विधायक डॉ. सीएन गुप्ता, एमएलसी ई सचिदानंद राय, भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया, मुखिया सुमित कुमार सिंह, प्राचार्य अरुण सिंह, जिला महामंत्री विवेक सिंह, धर्मेन्द्र साह, निरंजन शर्मा, शत्रुधन प्रसाद, प्रवक्ता मदन सिंह, अजीत कुमार सिंह, रीना देवी, मनोज कुमार, विशुन साह, गुड्डु साह, अनुरंजन कुमार, संजय तिवारी वारसी, सुधीर सिंह, प्रियकांत कुशवाहा, संजीव सिंह, सौरभ कुमार, राकेश सिंह सहित दर्जनों नेताओं व कार्यकताओं ने फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त समाचार

अध्यक्ष बने राजेश्वर सिंह व उपाध्यक्ष श्री प्रकाश

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार सरकार ने 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एकमा प्रखंड स्तरीय समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के नाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रखंड स्तरीय समिति में एकमा प्रखंड के बंशी छपरा निवासी राजेश्वर सिंह को अध्यक्ष व नगर पंचायत एकमा बाजार के राहुल नगर निवासी श्री प्रकाश को उपाध्यक्ष बनाया गया है। समिति में अजय कुमार पंडित, मुन्ना पटेल, अर्जुन सिंह, धनवंती देवी, पतिराम प्रसाद, सुनरदेव राम, प्रमोद कुमार सिंह, विकास मिश्रा, शैलेन्द्र नाथ सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद, मुन्ना दुबे, राजवीर कुमार राय व सुनील कुमार सिंह को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

चड़वां गांव में किशोरी की संदेहास्पद मौत

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रसूलपुर थाना क्षेत्र के चड़वां गांव में बुधवार की रात एक किशोरी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान चड़वां गांव निवासी सुनील प्रसाद की 20 वर्षीय पुत्री रोशनी कुमारी के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने किशोरी की मौत को रोगग्रस्त होने के कारण असामयिक बताया व पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। उधर किशोरी की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

मोबाइल टावर से बैट्री चोरी

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक प्रखंड के कवलपुरा गांव स्थित एक मोबाइल टावर से बैट्री चोरी की घटना सामने आई है। सूचना मिलते ही इमरजेंसी 112 की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि उज्जवल सिंह की जमीन पर विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से एयरटेल मोबाइल नेटवर्क का टावर लगाया गया है, जहां से 24 पीस 48 वोल्ट की बैट्रियां चोरी कर ली गईं। टेक्निशियन ने बताया कि जब मोबाइल नेटवर्क डाउन हुआ तो टावर की जांच की गई, जहां बैट्री गायब पाई गई। घटना की लिखित सूचना संबंधित विभाग को दी गई है।

विशेष शिविर में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की निशुल्क चिकित्सकीय जांच की गई और आवश्यक दवाएं व परामर्श प्रदान किया गया। प्रभारी डॉ. संजय कुमार, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह और डॉ. एस.के. विद्यार्थी के साथ-साथ महिला स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने जांच-पड़ताल की। चिकित्सक डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि प्रसव के दौरान किसी भी परेशानी से बचने के लिए समय-समय पर जांच कराना जरूरी होता है, जिससे संभावित खतरे का समय रहते इलाज किया जा सके।

कलश यात्रा से शुरू हुई श्री सीताराम नाम जप महायज्ञ

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक के चैनपुर गांव स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय श्री सीताराम नाम जप महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महायज्ञ के संचालक संत श्याम शंकर दास जी महाराज के नेतृत्व में हजारों महिलाओं और कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर चरिहारा महावीर मंदिर होते हुए सूर्य मंदिर पोखरा पहुंची, जहां जल भरण कर विधिवत कलश स्थापना की गई। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जमीनी विवाद में घायल युवक की मौत

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के गंडामण धरमासती गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल युवक शत्रुघ्न राय की पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी रामनाथ राय के 38 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न राय के रूप में हुई है। वह विदेश में रहते थे और हाल ही में गांव लौटे थे। घटना के दौरान कुल 8 लोग घायल हुए थे। घायलों में चन्द्रमा राय के पुत्र ललन राय, संतोष यादव, उनकी पत्नी मंजू देवी और मुन्ना यादव शामिल हैं। दूसरी ओर से मृतक शत्रुघ्न राय के भाई श्रषिदेव कुमार और संजय कुमार घायल हैं। थाना पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

भगवान महावीर की मनाई गई जयंती

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को जैन धर्म के 24 वें एवं अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर महावीरपुरम के वंदना कक्ष में बड़े उत्साह एवं धूम धाम से मनाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन भगवान महावीर की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया गया. इस अवसर पर छात्र कृष कुमार, विराज, अतुल, प्रिया, रुद्र एवं अनुष्का ने अपने विचार प्रस्तुत किये. साथ ही प्रश्न मंच कार्यक्रम में छात्र अश्विनी, सात्विक ,कृष,शिवम, आयुष एवं बहन साक्षी,शिवांगी को पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रम का संचालन आचार्य मिलन जी द्वारा किया गया.विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में आचार्य मनीष,दुर्गेश,संजय, आचार्या रेखा,अर्चना उपस्थित रहीं.

लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पुरुषोत्तमपुर थाना के एक गांव में की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में लड़की की मां ने आवेदन देकर पुरषोतमपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता की मां के आवेदन पर सुरेंद्र साह समेत दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया है कि सुरेंद्र साह बेटी के साथ विगत आठ महीनों से अश्लील हरकत करते आ रहा था। विगत 28 मार्च को वो घर में घुस गया और चाकू के बल पर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। लड़की की शोरगुल की आवाज सुनकर पहुंची तो सुरेंद्र साह भाग निकला। पुरुषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।नबालिग को मेडिकल जांच के लिए बेतिया भेज दिया गया है।

सागवान के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इनरवा थाना क्षेत्र के सेनुवरिया गांव में गुरुवार की अहले सुबह आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब 4 बजे तेज बारिश के दौरान बिजली सागवान के पेड़ पर गिर गई। हालांकि बिजली गिरने से कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। लोगों ने बताया कि तेज गर्जन के साथ बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि बच्चों के साथ-साथ बड़े भी घबरा गए।

बिन मौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ी

गुठनी/महाराजगंज/सिसवन/सिवान/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आग की लपट का दंश अभी चल ही रहा था कि बिन मौसम हुई बारिश ने किसानों के कमर पर जोरदार चोट की है। जिससे किसानों की कमर टूटता हुआ नजर आ रहा है। गुरुवार को आई तेज, हवा और वर्षा ने गेंहू के तैयार फसल को नुकसान पहुचाकर किसानों की परेशानियां काफी बढ़ा दी है। बुधवार तक तो किसान आग की लपटों से भयभीत थे और गुरुवार को वर्षा का दंश झेलना पड़ गया। गेंहू के फसल को उगाने में खेत की जोताई से कटनी तक के सफर में करीब 6 महीने लग जाते है और इन छः महीनों में किसानों को अथक मेहनत करना पड़ता है तब जाकर गेंहू के फसल को काटता है। अब जब गेंहू का फसल कटने योग्य हो जाता है तो अग्नि का प्रकोप शुरू हो जाता है और इस प्रकोप में प्रति प्रखंड करीब सौ बीघा से अधिक फसल जलकर राख हो जा रहा है। नवमी पूजा के बाद किसान युद्ध स्तर पर गेहूं के फसल को काटकर खेतो में फैलाये थे और बोझा बांध कर खेतो में थ्रेसिंग(दवरी) के लिये रखा था लेकिन गुरुवार को वर्षा ने अपना प्रकोप दिखा दिया। काफी किसानों का कटा हुआ गेंहू फसल इस वर्षा के पानी से डूब सा गया है। खेतो में रखा बोझा और बोझा का टाल इस कदर भींग गया कि उसे खोलकर अब सुखाने की प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी जिसमे काफी मेहनत करना पड़ेगा। जो फसल अभी कटा नही है पानी से नमी होकर तेज हवा के कारण जमीन पर गिर गया है।किसान काफी मायूस है। साल भर के सारे चोट से किसान तो उबर सकता है लेकिन भगवान के द्वारा दी गई इस चोट से शायद जिनकिसन उबर पाए।

मधुमक्खियों के हमले में महिला की मौत, दो पोता व एक अन्य महिला घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। थाना क्षेत्र के माने पंचायत के नवतन गांव स्थित लाला गाछी में मधुमक्खियों के हमले में 55 वर्षीय गायत्री देवी नामक महिला की मौत हो गई। जबकि उनके दो पोते और एक अन्य महिला घायल हो गए। दोनों पोते अचेत अवस्था में हैं, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मृतका गायत्री देवी अपने दो पोते व एक महिला के साथ किसी कार्य से लाला गाछी गई थीं। उसी गाछी में मधुमक्खियों का छत्ता था। तेज हवा के झोंके से छत्ता हिल गया, जिससे आक्रोशित मधुमक्खियों का झुंड उन पर टूट पड़ा। इस हमले में गायत्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों पोते व एक अन्य महिला घायल हो गए। माने पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मधुमक्खियों ने सीधे गायत्री देवी के चेहरे पर हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले बीते होली के दिन एकमा बाजार के महावीर मंदिर के समीप मधुमक्खियों के हमले में एक सात वर्षीय छात्रा की मौत हो चुकी है।

कई कांड में वांछित अपराधी होरिल राय गिरफ्तार

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो । जिले में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के प्रयास में सारण पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डोरीगंज थाना पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने डकैती व हत्या जैसे संगीन मामलों में वांछित तथा जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल होरिल राय उर्फ मुसा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान होरिल राय उर्फ मुसा, पिता सुरेन्द्र राय, निवासी ग्राम रायपुर बिंद, थाना डोरीगंज, जिला सारण के रूप में हुई है। वह कई वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। इस संयुक्त कार्रवाई में डोरीगंज थाना प्रभारी, उनके सहयोगी पुलिसकर्मी व एसटीएफ की टीम शामिल रही।

विधायक श्रीकांत यादव के नेतृत्व में बनपुरा पंचायत को मिली दो नई विकास योजनाओं की सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत यादव के कर-कमलों से बनपुरा पंचायत में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। इन योजनाओं के तहत गांव की मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं। बनपुरा गांव के वार्ड संख्या 11 में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत की गई, वहीं तेलियाडिह के वार्ड संख्या 01 (दलित बस्ती) में नाला सह पीसीसी निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया। इन कार्यों के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य रूप से अवधेश यादव, सुभाष यादव, कन्हैया यादव, जितेन्द्र यादव, अहमद अली, तेज नारायण सिंह, डॉ. मनोहर प्रसाद, डॉ. अजय पंडित, बिट्टू कुमार सिंह, संग्राम सिंह, अशोक पांडेय, रमेश प्रसाद (शिक्षक), वीरेंद्र पांडेय, जगनारायण महतो, रामाधार दुबे, रमेश मिश्रा, भगवान राम, नागा मिश्रा, दिनेश मिश्रा, स्वामी नाथ मिश्रा, आचार्य ऋतिक मिश्रा, मनु मिश्रा, सतन राम, उमेश यादव, अजय पंडित, वीरेंद्र राम व विजय मिश्रा आदि अन्य क्षेत्र के कई गणमान्य व सम्मानित ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात विधायक श्रीकांत यादव ने योगिया गांव में आयोजित उर्स कार्यक्रम में भी शिरकत की और वहां श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विकास ही संकल्प व सेवा ही लक्ष्य है।

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : केंद्रीय मंत्री

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी आज भारत की सबसे बड़ी पार्टी है। ऐसे में कार्यकताओं का हमेशा सम्मान होना चाहिए ताकि उनका मनोबल बना रहे और वह अपनी पार्टी के लिए सक्रिय रहे। उक्त बातें केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कही है। वे बुधवार को धुमनगर चौक स्तिथ एक निजी होटल में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज केंद्र सरकार हर वर्ग व हर क्षेत्र में चहुमुखी विकास कर रहा है। जिसके बदौलत विदेश में भी भारत का डंका बज रहा है। इसमें कार्यकताओं का अहम योगदान है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओ के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सेना हमेशा से अग्रणी भूमिका में रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर बूथ स्तर पर कार्य करने को कहा।ताकि विधानसभा चुनाव में बिहार की सभी सीटों पर एनडीए का परचम लहरा सके। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रूपकलाल श्रीवास्तव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, महामंत्री मुन्ना तिवारी, रेणु देवी, सभापति रीना देवी, उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी,प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार साह, उपसभापति प्रतिनिधि संतोष राज,राजन मिश्रा, पवन वर्मा, मुकेश कुमार आर्य, भास्कर मिश्र, आकाश श्रीमुख, हरिशंकर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद देवीलाल समेत दर्जनों भाजपा नेता व सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

रसोइया यूनियन की बैठक

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार राज्य विद्यालय रसोईया यूनियन की बैठक बलिराम भवन के सभागार में वीणा देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रखण्डों की रसोईयो ने भाग लिया। बैठक में बिहार राज्य रसोईया यूनियन का 3 एवं 4 मई को बेतिया में आयोजित राज्य सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार किया गया। जिसमें आल इंडिया मिड डे मिल फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव श्याम काले, एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व एम एल सी उषा सहनी, विधायक सूर्यकांत पासवान, एटक के राज्य अध्यक्ष गजनफर नवाब, राज्य सचिव अजय कुमार सहित अन्य लोग भाग लेगे, इस सम्मेलन में रसोईया की दयनीय स्थिति एवं सरकार द्वारा की जा रही उपेक्षा पर गंभीरता से विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई जायेगी।

वक्फ संशोधित कानून के खिलाफ माले और इंसाफ मंच का विरोध प्रदर्शन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वक्फ संशोधित कानून के खिलाफ भाकपा माले और इंसाफ मंच के राज्य स्तरीय आह्वान पर बेतिया में शहीद पार्क से प्रतिवाद मार्च शहर के विभिन्न मार्गो से होतें हुए समाहरणालय गेट पर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया, हम संविधान बचाने निकले हैं आओ हमारे साथ चले, सांप्रदायिक व संविधान विरोधी वक्फ संशोधित कानून वापस लो, संविधान पर खुला हमला नहीं चलेगा, मुस्लिम समाज के धार्मिक आजादी पर हमला नहीं सहेगें, फासिस्ट भाजपा हो बर्बाद, मुस्लिमो पर हमला नहीं सहेगें, गरीबों पर हमला नहीं सहेगें, आदिवासियों पर हमला नहीं सहेगें, मुस्लिम तो बहाना है दलित इसाई पर निशाना है। भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वक्फ संशोधित कानून संविधान पर खुला हमला हैं, भाकपा माले वक्फ संशोधित कानून मुस्लिम समाज के धार्मिक आजादी पर हमला को बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रर्दशनकारियों को इंसाफ मंच जिला अध्यक्ष अखतर इमाम , भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सुनील कुमार राव, मुखिया संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष अफसर इमाम,डा मोर्तीउरहमान,मिलि तंजिम के मौलाना रिजवान, शेख भोला, महम्मद अखलाक, साहिल बाबू, महम्मद मुस्तफा, महम्मद आमिर, सानू, इनौस नेता संजय मुखिया, महम्मद महमूद आलम, अखत आलम, वीरेंद्र पासवान, अब्दुल्ला, मुन्ना मियां, कलाम अंसारी, भाकपा माले नेता सुरेन्द्र चौधरी, सोहराब आलम, मीजान इमाम, अंजूम परवेज, मुस्तकिम अंसारी, रजदार, निशात हैदर आदि नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

WAQF BOARD
मुस्लिम समुदाय के धार्मिक आजादी पर हमले के खिलाफ आवाज बुलंद करें !
राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस
10 अप्रैल 2025
इंसाफ मंच
REJECT WAQF AMENDMENT BILL.
इंसाफ मंच

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा : मनोज

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रघुनाथपुर विधानसभा के मितवार में बीजेपी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजेश रमन उपस्थित हुए। जिनका स्वागत रघुनाथपुर विधान सभा के पूर्व व भावी प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह व प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान ने बुके देकर किया। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा 2025 में एनडीए को जितने पुनः बिहार में एनडीए की सरकार बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई. मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की उपलब्धियां की चर्चा की. उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक जो लाभ डबल इंजन की सरकार द्वारा पहुंचाई जा रही है उसको लेकर जन-जन में जाना है. पार्टी को विस्तार करना है और फिर से बिहार में 2025 में 225 के लक्ष्य को प्राप्त करने का कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया. वही रघुनाथपुर विधान सभा के पूर्व एवं भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी आठों सीट एनडीए की झोली में आए इसके लिए कार्यकर्ताओं को कमर कसना होगा और अपनी क्षमता का शत प्रतिशत उपयोग करते हुए पार्टी हित में एनडीए हित में काम करना होगा. हम सब एनडीए के कार्यकर्ता हमेशा विरोधियों पर भारी हैं. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है.जनमानस को आम सुविधा मिल रही हैं. सरकार गरीबों के उत्थान में लगी है 2025 में सरकार आएगी ऐसा हम सब का विश्वास है. मौके पर पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार, रोहित, विधानसभा के प्रभारी शर्मानन्द राम, विधानसभा के संयोजक धनंजय, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया,रत्नेश सिंह, दीपक मिश्रा,दुर्गा लाल सोनी, मुकेश चौधरी, मुखिया विजय चौधरी, टुनटुन सिंह, विमलेश गुप्ता एवं सभी मंडल के पदाधिकारी सहित सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए.

नल जल योजना की जांचकर्ताओं के साथ बैठक

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के सभागार में नलजल योजना के सभी जांचकताओं की एक समीक्षा बैठक बीडीओ सूरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा कि जांचकर्ता अपने अपने पंचायत में नल जल योजना की जांच कर वर्तमान स्तिथि को पेयजल मोबाइल ऐप पर अपलोड करें। जांच में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। बंद पड़े योजनाओ की मरमती पीएचईडी विभाग से कराई जाएगी। बैठक में बीडीओ ने पीएचईडी विभाग के जेई श्यामबाबू राय को इससे संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के उपरांत बीडीओ ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में नल जल योजना की जांच कर, उसका रिपोर्ट तैयार करना है। वही जहां पर बिजली मीटर नहीं लगा है, वहां मीटर लगाने तथा बंद पड़े योजनाओं को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया गया है।

सफलता के लिए अनुशासन बहुत जरूरी: प्रो मनोज तिवारी

सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के परमानंद नगर मे एक नीजी भवन में पंचायत कि मुखिया चंदा भारती के द्वारा गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10वीं व 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 250 छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया चंदा भारती, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र भारती, पैक्स अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, प्रोफेसर मनोज तिवारी सहित मंचासीन अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र भारती ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि 10वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन आपने किया है,यह आपका पहला पड़ाव है। वही प्रोफेसर मनोज तिवारी ने कहा कि प्रतिभा सम्मान का आयोजन करना निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा। जीवन का उद्देश्य पूर्ण होना चाहिए। आप जीवन में कार्यशील रहें, लोगों को सहयोग करें व रूटीन को हमेशा फॉलो करें। जीनियस की बातें अलग हैं। एवरेज लोगों को जीवन में अनुशासन की काफी जरूरत है।बदलते दौर में आज युवा हॉर्ट अटैक से जूझ रहे हैं, इसलिए अपील है कि वे नियमित व पर्याप्त नींद लें। खान पान को सही करें। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान आपके लिए चैलेंज है, ताकि आप भविष्य में बेहतर करें, समाज व देश को सही दिशा में आगे ले जाये।बच्चों को सिर्फ पढ़ाई के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। पैक्स अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि यह सम्मान आपको भविष्य के लिए सचेत रहने का सम्मान है। यह आपके मेहनत का ही परिणाम है। यह सम्मान समारोह आपको दायित्व बोध कराता है।आप मेहनत करेंगे तो आपकी सफलता में हर कोई मदद करेगा।

कानूनगो से मारपीट के मामले में चार नामजद

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सर्वे कार्यालय के कानुनगो निधी पाण्डेय के साथ मार पीट के मामले में लौरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कानुनगो निधी पाण्डेय ने आवेदन देकर चार नामजद और बारह अन्य लोगों के खिलाफ लौरिया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में निधी पाण्डेय ने बताया है कि मंगलवार को सिसवनिया गांव के करीब चार दर्जन लोग मेरे कार्यालय में आए और अनावश्यक रुप से एक जमीन का कागज अपने नाम से बनवाने का दबाव बनाने लगे। जब मैं इन्कार कर गई तो वे लोग मेरा बाल पकडकर ऑफिस से बाहर खींच लिए और मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

रघुनाथपुर प्रखंड के 9 पंचायतों में बनेगा खेल मैदान

- रैयतों की आपत्ति और भूमि विवाद की वजह से तीन जगहों पर ग्रहण
- 12 जगहों पर खेल मैदान के लिए पूर्व में किया गया था भूमि का चयन

रघुनाथपुर/सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के 9 पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण होगा। 2025 तक खेल मैदान का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था। लेकिन, यह संभव नहीं हो सका है। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक खेल का मैदान अनिवार्य रूप से हो, इसी मकसद से इस पर काम भी चल रहा है। रघुनाथपुर में कुल 12 स्थानों पर खेल मैदान बनाने के लिए जमीन को चिह्नित कर लिया गया है। इनमें सभी के लिए स्वीकृति भी मिल गई थी। लेकिन, रैयतों की आपत्ति और भूमि विवादित होने की वजह से 3 जगहों पर ग्रहण लग गया है। वहीं शेष ग्राम पंचायतों में खेल मैदान के लिए अंचल प्रशासन जमीन की तलाश कर रहा है। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान जल्द से जल्द बनवाया जा सके, इसके लिए प्रयास हो रहा है। इस संबंध में राज्य से ही निर्देश है कि निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर जो भी सामग्री, मिस्त्री और श्रमिकों आदि की जरूरत होगी। उसकी तैयारी पहले से रखें, ताकि विभाग की ओर से आदेश जारी करने के बाद तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके।

हर मैदान में कम से कम चार खेल की सुविधा

हर खेल मैदान में न्यूनतम चार सुविधाएं अनिवार्य रूप से रहेंगी। इनमें बास्केट बॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और दौड़ ट्रैक। इसके अलावा जमीन की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग खेल की सुविधाएं मैदान में विकसित की जाएंगी। हर एक मैदान के निर्माण पर 10 लाख रुपये तक खर्च किए जाएंगे। इसके लिए तीन तरह के मानक रखे गये हैं। एक में चार एकड़, दूसरे में एक से तीन एकड़ और तीसरा है एक एकड़ का। एक एकड़ जमीन वाले मैदान में कम जगह में खेलने वाले खेल, जैसे बैडमिंटन, बास्केट बॉल, वॉलीबॉल, छोटे रनिंग ट्रैक आदि बनाये जाएंगे। दौड़ने वाले ट्रैक की चौड़ाई आठ फीट तक होगी। पर्याप्त जगह होने पर फुटबॉल खेलने लायक मैदान भी बनाए जाएंगे।

इन जगहों पर मैदान के लिए भूमि है चिन्हित

प्रखंड के राजपुर, पंजवार, करसर, रघुनाथपुर, हरनाथपुर, टारी, कजरासन, सैदपुरा, नवादा, उगो, पिपरा व अमवारी में मैदान के लिए अंचल द्वारा भूमि का चयन किया गया था। चयनित भूमि को निर्विवाद बताते हुए अपर समाहर्त्ता को प्रतिवेदन भेजा गया था। लेकिन, इसमें रघुनाथपुर, उगो और राजपुर में चिन्हित भूमि पर आपत्ति होने के बाद सीओ प्रत्यक्ष कुमार ने भूमि विवाद का हवाला देते हुए पुनः निरस्त करने की अनुशंसा की है।जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर में रामप्रवेश तिवारी के नाम से जमीन है। वहीं राजपुर में ब्रह्मदेव मिश्र और उगो की जमीन आम गैरमजरूआ है। रघुनाथपुर में खेल मैदान के लिए चिन्हित की गई जमीन पर दावा व आपत्ति करनेवाले अरविन्द ने कहा कि उक्त जमीन का लगान अपडेट है। अंचल को हमने आपत्ति दे रखी है कि उक्त भूमि पर बिनी हमारी सहमति के कोई भी कार्यक्रम करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाय।

महादलित टोलों में लगेगा विशेष विकास शिविर, अंबेडकर जयंती पर तेनुआ पंचायत से होगी शुरूआत : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

छपरा (सारण)। महादलित समुदाय के समग्र विकास के उद्देश्य से सारण जिला प्रशासन द्वारा विशेष विकास शिविरों की श्रृंखला शुरू की जा रही है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के महादलित विकास मिशन के तहत यह कार्यक्रम सभी महादलित टोलों में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरूआत 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सदर प्रखंड के तेनुआ पंचायत स्थित महतो मुसहरी महादलित टोला से होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमन समीर की उपस्थिति में पहला शिविर आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि इसके बाद हर बुधवार व शनिवार को एक-एक कर अन्य महादलित टोलों में भी इसी तरह के शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से न केवल योजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा, बल्कि स्थानीय समस्याओं की पहचान कर उनका स्थल पर समाधान भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक टोले के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो शिविर से पहले उस क्षेत्र की समस्याओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अध्ययन करेंगे। शिविर में राशन कार्ड, आवास, पेंशन, शौचालय, स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

मृतप्राय पुनपुन- हमीदनगर सिंचाई परियोजना को संजीवनी देने की कोशिश

पुनपुन बराज के समीपवर्ती किसानों को भी मिलेगी अब सिंचाई सुविधा | गोह में डीएम की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ हुई अहम बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। मृतप्राय पुनपुन- हमीदनगर सिंचाई परियोजना को संजीवनी देने की कोशिश एक बार फिर प्रशासनिक स्तर से शुरू की गयी है। इस सिलसिले में गोह प्रखंड स्थित सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में पुनपुन बैराज परियोजना से जुड़े अधूरे कार्यों को पूर्ण करने एवं भूमि-अर्जन संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों– मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख– सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पुनपुन बैराज परियोजना की गति को बाधित कर रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक सिंचाई से वंचित रहे मौजों को भी इस परियोजना से अच्छादित किया जाएगा ताकि किसानों को भरपूर लाभ मिल सके। डीएम ने बताया कि भूमि-अर्जन, रैयतीकरण, एलपीसी निर्माण और रोक सूची से भूमि को मुक्त करने जैसे मामलों को लेकर जल्द ही विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में मौके पर ही आवेदन लेकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन ने बताया कि मुआवजा भुगतान से संबंधित सभी दस्तावेजों के निर्माण एवं अन्य तकनीकी पहलुओं को लेकर स्थल पर ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि प्रभावित किसानों को पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और संबंधित भूमि के रैयतीकरण की प्रक्रिया विभागीय

निर्देशों के अनुरूप पूरी की जाएगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यह परियोजना पुराने भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत है, अतः जिन रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें भी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लाभ दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे परियोजना के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने में प्रशासन का सहयोग करें, जिससे क्षेत्र के किसानों को शीघ्र सिंचाई सुविधा और अन्य लाभ मिल सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर मनोज कुमार, कार्यपालक अभियंता पुनपुन बैराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोह एवं हसपुरा, अंचल अधिकारी गोह एवं हसपुरा, प्रखंड प्रमुख गोह समेत अनेक अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे। विदित हो कि औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत हमीदनगर गांव के पास पुनपुन नदी पर स्थित पुनपुन बराज योजना में 178 मीटर लंबे बराज का निर्माण लगभग पूर्ण कर लिया गया है। इसमें 14 गेट (12 वाटर वे एवं 02 अंडर स्लूइस) निर्मित है। बराज के अप स्ट्रीम में सिर्फ दायां भाग तरफ एक हेड रेगुलेटर का निर्माण किया गया है जिससे एकमात्र निसृत पुनपुन दायां मुख्य नहर का निर्माण किया जाना है। इस योजना का शुभारंभ वर्ष 2005 में किया गया था और वर्तमान में इसकी प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 658.12 करोड़ है एवं अद्यतन व्यय कार्य मद एवं भू अर्जन मद सहित 458.44 करोड़ रुपए है। पुनपुन बराज के संरचना का काम लगभग 98 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है एवं रिवर जैकेटिंग का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हुआ है। दायां गाइड एवं एफलक्स बांध का कार्य 11.63 प्रतिशत, बायां गाइड एवं एफलक्स बांध 12.81 एवं रिंग बांध का कार्य 6.66 प्रतिशत किया गया है। जमीन के भू अर्जन की समस्या के कारण नहर निर्माण का कार्य बाधित है परंतु बराज की संरचना बनकर तैयार है। वहीं भू अर्जन अवरोध के कारण पुनपुन शाखा नहर में एकमात्र क्रॉस ड्रेनेज का कार्य आंशिक रूप से किया गया है शेष कार्य बंद है। किंजर वितरणी के टेल एंड में लगभग 3 किलोमीटर की लंबाई में मिट्टी कार्य एवं कुछ संरचनाओं का कार्य कराया गया है शेष कार्य बंद है। पुनपुन बराज योजना से निःसृत दायां मुख्य नहर एक कैरियर नहर है। फलस्वरूप बराज एवं मुख्य नहर के समीप स्थित गांवों को सिंचन लाभ नहीं मिल पाने के कारण बराज निर्माण एवं नहर निर्माण में भू अर्जन प्रक्रिया/ बराज निर्माण/ नहर निर्माण आदि कार्यों में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा असहयोगात्मक रवैया अपनाया जा रहा है। इसलिए मुख्य नहर के दोनों तरफ 600-600 मीटर की दूरी तक लिफ्ट सिंचाई की व्यवस्था करने की योजना बनाई गई है।

स्प्रिट की बड़ी खेप जब्त कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप बारून पुलिस द्वारा भारी मात्रा में स्प्रिट एवं देसी शराब बरामद किया गया है। साथ ही एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के छक्कन बिगहा निवासी रंजन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया सूचना मिली की थाना अंतर्गत झूमर डिहरी पुल से उत्तर लघु सिंचाई विभाग के बोरिंग के कमरे से स्प्रिट व देसी शराब बरामद किया गया। इस दौरान 21 गैलन से कुल 840 लीटर स्प्रिट तथा 89 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। मामले में एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध

सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनकी सम्पत्ति भी जब्त की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के रमेश चौक के समीप बस की चपेट में आने से एक वृद्ध घायल हो गया। घायल वृद्ध की पहचान जरमाखाप गांव निवासी सहदेव मेहता के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल वृद्ध ने बताया कि वह अपने घर से औरंगाबाद शहर किसी काम से आया था, तभी बस की चपेट में आने से घायल हो गया। इसके बाद घायल वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

तेज हवा से अनियंत्रित महिला दो मंजिला मकान से गिरी, हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मदनपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर बाजार निवासी एक महिला तेज आंधी के दौरान दो मंजिला मकान से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला की पहचान मदनपुर बाजार निवासी देवंती देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने छत पर टहल रही थी। इसी दौरान अचानक तेज आंधी आयी, जिससे महिला जल्दीबाजी में छत से नीचे उतरना चाही। तेज हवा की झोंके से वह छत से नीचे गिर गयी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला के चीखने चिल्लाने की आवाज पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी मिली कि सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने भी महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

तेज आंधी से वृद्ध पर गिरा ईंट, जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के जसोइया गांव स्थित वार्ड नं आठ में ईंट उठा रहे वृद्ध तेज आंधी से घायल हो गया। घायल वृद्ध की पहचान जसोइया गांव निवासी जनेश्वर राम के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल वृद्ध ने बताया कि वह ईंट ढोकर दीवार का निर्माण करा रहा था। तभी अचानक तेज आंधी आयी और ईंट से दबकर वह घायल हो गया। इसके बाद घायल वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

विधायक पर मारपीट का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजद विधायक रणविजय साहू और उनके भाई के खिलाफ सुरेश कुमार ने पीरबहोर थाना में शिकायत की है। सुरेश कुमार ने विधायक पर आरोप लगाया है कि 26 मार्च को भामाशाह जयंती को लेकर पटना के लंगरटोली में बैठक हुई थी। वह इस बैठक में गए थे। बैठक खत्म होने के बाद राजद विधायक रणविजय और उनके भाई मारपीट और गाली गलौज करने लगे। सुरेश ने सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया है।

आईजीआईएमएस के मेडिकल छात्र की मौत के बाद बवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजधानी पटना की बड़े अस्पताल आईजीआईएमएस के मेडिकल छात्र की मौत हो गई है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने जमकर बवाल किया है। दरअसल आईजीआईएमएस में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र अभिनव पांडे की मौत हुई है। अभिनव सेकेंड ईयर का छात्र था। मृतक मोतिहारी का रहने वाला था।

मौत के बाद हंगामा :

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि अचानक अभिनव पांडे की तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में बेड नहीं उपलब्ध हो सका। जिसके कारण दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। इसी वजह से अभिनव पांडे की मौत हो गई है। छात्र लगातार अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं। मेडिकल के छात्र निदेशक कक्ष के नीचे लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में शास्त्री नगर और एयरपोर्ट थाना की पुलिस भी वहां पर पहुंचकर छात्रों को समझाने बुझाने की कोशिश कर रही है। खबर लिखे जाने तक आईएमएस प्रशासन द्वारा भी छात्रों को समझाने का काम किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी छात्र सीधे-सीधे आरोप लगा रहे हैं कि अपने मेडिकल कॉलेज के छात्र की भी जब तबीयत खराब होती है तो अस्पताल में बेड उपलब्ध नहीं कराया जाता है। अस्पताल प्रशासन मनमानी करता है। इससे पहले भी कई मेडिकल छात्रों के इलाज को लेकर लापरवाही देखने को मिली है। छात्रों ने आईजीआईएमएस के डायरेक्टर कक्ष के बाहर जमकर प्रदर्शन किया।

गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए राज्य सरकार संकल्पित : वीरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार की बहुसंख्यक आबादी गांवों में निवास करती है। गांवों के विकास के बिना राज्य एवं देश के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ग्रामीण सड़कें सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण अवयव है एवं ग्रामीण विकास का भी एक प्रमुख घटक है। इनकी महत्ता को पहचानते हुए पूरे राज्य में योजनाबद्ध तरीके से सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'न्याय के साथ विकास' के रास्ते पर चलते हुए राज्य सरकार विशेष रूप से सजग है कि गांव के ऐसे टोलों की बारहमासी सम्पर्कता मुख्य सड़क से बनी रहे जहां गरीब और वंचित वर्ग के लोग निवास करते हैं। पूर्व में यह लक्ष्य रखा गया था कि राज्य में सड़कों का निर्माण इस प्रकार से किया जाए कि किसी को सबसे सुदूर क्षेत्र से भी राजधानी पटना पहुंचने में छः घण्टे से

अधिक का समय नहीं लगे। जब इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया तो लक्ष्य को पुनर्निर्धारित करते हुए अब इस समय को पांच घण्टे का रखा गया और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सड़कों, पुल-पुलियों एवं वैकल्पिक मार्गों का निर्माण कराया जा रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत केरका पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने नावाडीह, उर्दाना, खपिया, निशूनपुर, बसंतपुर, नारायणपुर, खैरा, केरका, खदहा, रामनगर, काली बीघा, कुशवाहा नगर, धुधूआ, नियामतपुर, रामबाग, मंगावार, कजराई, झिकटिया, सलया कर्मा, एग्हारा एवं पिरौटा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्याओं का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का स्वागत किया। यात्रा में किसान सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य अमरेंद्र कुमार पाल, सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व भाजपा महामंत्री लल्लू सिंह, जिला युवा उपाध्यक्ष रवि पटेल, पंचायत अध्यक्ष उमेश सिंह भंडारी, जदयू युवा नेता रनजीत सिंह, बैरिया पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पासवान, विनय तिवारी, राम अवध मेहता, अजय चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

अलीना जुबैर और अंतरा ने किया क्वालीफाइ

पटना (नबिटा ब्यूरो)। पटना नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में इंदौर के महू में हाल ही में संपन्न 07324 इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में बिहार की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। पटना की अलीना जुबैर और अंतरा झा ने 10 मीटर एयर राइफल (महिला) (एनआर) प्रतियोगिता में 400 में से 388 और 386 अंक हासिल करके क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया है। इस साल के अंत में होने वाली राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाइ किया है। दोनों निशानेबाज बिहार राइफल एसोसिएशन के तहत पंजीकृत क्लब मगध राइफल क्लब, पटना में प्रशिक्षण ले रही हैं।

आधार कार्ड मैच नहीं हुआ तो नीट परीक्षा से होंगे वंचित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। नीट यूजी का आयोजन चार मई को होगा। परीक्षा को लेकर तैयारी जारी है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। जिन छात्रों का आधार कार्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर मैच नहीं होगा, उन्हें परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस वर्ष परीक्षा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम लागू किया है, जिससे परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के चेहरे का मिलान किया जायेगा। यदि चेहरे का मिलान नहीं होता है, तो अभ्यर्थी को परीक्षा देने से रोका जा सकता है। गौरतलब है कि बिहार में पिछले वर्षों में नीट यूजी में फर्जीवाड़े के कई मामले सामने आये हैं। जनवरी 2025 में सीबीआइ ने बिहार के पूर्णिया में चार अभ्यर्थियों द्वारा कथित रूप से दूसरों को अपनी जगह परीक्षा में बैठाने के मामले में केस दर्ज किया था। इन घटनाओं के चलते एनटीए ने परीक्षा प्रक्रिया में सख्ती बरतते हुए फेस रिकग्निशन तकनीक को अनिवार्य किया है। नीट यूजी 2025 परीक्षा के लिए एग्जाम सिटी स्लिप 26 अप्रैल को जारी की जायेगी, जिसे रजिस्टर्ड कैंडिडेट अपने एप्लीकेशन नंबर और जन्म तिथि के जरिये डाउनलोड कर सकेंगे। एडमिट कार्ड एग्जाम डेट से तीन दिन पहले यानी की एक मई को जारी किया जायेगा। नीट यूजी 2025 का आयोजन चार मई को बिहार में 35 शहरों के 105 से अधिक सेंटरों पर होगी। बिहार के पटना, अररिया, भोजपुर (आरा), अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, पश्चिमी चंपारण (बेतिया), कैमूर (भभूआ), भागलपुर, बक्सर, दरभंगा, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, लखीसराय, मधेपुरा, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नवादा, पूर्णिया, समस्तीपुर, रोहतास (सासाराम), शेखपुरा, सीवान, सुपौल, गया, वैशाली (हाजीपुर), मधुबनी, नालंदा, सीतामढ़ी, वैशाली में परीक्षा सेंटर बनाये जा रहे हैं।

मित्रसेनपुर गांव में भक्तिमय हुआ माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुटुंबा (औरंगाबाद)। कुटुंबा प्रखंड के मित्रसेनपुर गांव में बुधवार को श्रीराम महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे गांव को भक्तिमय रंग में रंग दिया। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। महायज्ञ के जजमान सुधीर पांडेय एवं सुनीता पांडेय ने बताया कि यह सात दिवसीय अनुष्ठान बीते नौ अप्रैल से प्रारंभ हुई है और आगामी 14 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं भंडारे के साथ संपन्न होगी। प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचन के लिए अयोध्या से आचार्य ज्ञान प्रकाश जी महाराज, आचार्य पुनीत जी महाराज, कथावाचक नीलम शास्त्री एवं हनुमानगढ़ के आचार्य श्रीकांत जी महाराज विशेष रूप से यज्ञ स्थल पर पधारे हैं। गांववासियों में आयोजन को लेकर उत्साह है और तैयारियों में पूरा गांव जुटा हुआ है।

तीन दुकानों से सामान समेत पांच लाख की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कदमकुआं थाने के हथुआ मार्केट स्थित सिटी कॉम्प्लेक्स महाराजा शॉपिंग की तीन दुकानों में चोरी की घटना हुई है। चोरों ने बुधवार की देर रात शटर काट अंदर घुसे और तीन दुकानों से कैश व सामान की चोरी कर ली। इसकी जानकारी तब हुई, जब गुरुवार को दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि शटर कटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है। कदमकुआं थाना पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी है। थानेदार ने बताया कि चोरों की पहचान की जा रही है। जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी होगी। दीपक टेक्सटाइल के मालिक गणेश कुमार ने बताया कि 20 मार्च को कुछ लोगों ने हथियार दिखा कर दुकान लूटने की धमकी दी थी। इसकी सूचना थाने को भी दी गयी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार की सुबह जब दुकान पर पहुंचा, तो देखा कि शटर नीचे से उठा हुआ है। मुझे लगा चोर अंदर होगा, पकड़ लूंगा। लेकिन, अंदर कोई नहीं मिला। कैश काउंटर खुला था, जिसमें से ढाई लाख रुपसे, चाबी और महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट्स गायब थे। इसके अलावा दो और दुकानों में चोरी हुई है।

देशहित में काम करना भाजपा का संकल्प : अमरेंद्र प्रताप सिंह

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मंत्री ने पार्टी की विचारधारा को बताया राष्ट्रहितकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बारुन(औरंगाबाद)। भाजपा सत्ता में रहे या न रहे, लेकिन उसका एजेंडा हमेशा देशहित में रहेगा और पार्टी हर हाल में राष्ट्र के हित में कार्य करती रहेगी। यह बातें बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने आज नबीनगर विधानसभा अंतर्गत बारुन में आयोजित भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। कार्यक्रम में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच पर उनके साथ औरंगाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी भी उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने की। पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जड़ें जनसंघ से जुड़ी हैं, जिसने अपने शुरुआती दिनों में ही देशहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के पास कोई जनाधार नहीं था, तब भी पार्टी ने अनुच्छेद 370, राम मंदिर जैसे मुद्दों को उठाया जो राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से महत्वपूर्ण थे। आज जब पार्टी सत्ता में है, तो उसने अपने सभी प्रमुख वादों को पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केवल चुनावी राजनीति तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। सम्मेलन में भाजपा जिला मंत्री सीमा गुप्ता, अशोक कुमार पांडे, बैरिया मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, राम सकल गुप्ता, पंकज तिवारी, नितेश सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों के मद्देनजर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से किया गया था।

सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन
नबीनगर विधानसभा
स्थान- वारुण विवाह भवन आश्रम
दिनांकः- 10/04/2025, समय- 11 बजे दिन
मुख्य अतिथि- माननीय अमरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री बिहार सरकार

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

वंचित लाभुकों को ऑन स्पॉट मिलेंगी सुविधाएं : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के समग्र विकास हेतु महादलित टोला में विशेष विकास शिविर के शुरुआत से संबंधित दाउदनगर प्रखंड के मनार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आहूत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा सर्वांगीण विकास हेतु उठाए गए लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सर्व- सुलभ कराना एवं अभियान चलाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को आच्छादित करना एवं अभियान के दौरान जो छूट गए हो उन्हें भी ऑन स्पॉट लाभ दिलाना है। इसका प्रारम्भ जिलाधिकारी द्वारा आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर दाउदनगर प्रखंड के मनार पंचायत के अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोले में विशेष विकास शिविर का आयोजित कर किया जाएगा। इसके बाद यद्यपि प्रखंड के आधे पंचायत में बुधवार एवं शेष आधे पंचायतों में उसी सप्ताह अन्य दिवस (यथा-समय शनिवार)

क्रमशः एक-एक अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोला में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जाएगा। पुनः अगले सप्ताह के बुधवार एवं शनिवार को उसी पंचायत में दूसरे अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोले में इसका क्रमावर्तन तब तक किया जाएगा, जब तक कि इस कार्यक्रम से सभी पंचायतों के सभी अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोले आच्छादित न हो जाए। कार्यक्रम का स्थल अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोला एवं टोला क्लस्टर में भौगोलिक रूप से नजदीक सरकारी भवन तथा मैदान होगा। संबंधित विभाग शिविर आयोजन के पूर्व ही अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोलों में वंचित एवं योग्य परिवारों से आवेदन प्राप्त करने एवं निष्पादन करने की कार्रवाई करेंगे। कैम्प में छूटे हुए परिवारों से आवेदन प्राप्त किया जाएगा एवं यथा संभव ऑन-स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। विशेष विकास शिविर का आयोजन पंचायत सचिव एवं विकास मित्र के द्वारा किया जाएगा जिसमें सभी संबंधित विभाग के पंचायत स्तरीय कर्मी उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों का एक-एक कर सभी ग्रामीणों का योजनाओं से संबंधित समस्याओं को सुना गया एवं संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी को शिविर दिवस के अवसर पर ऑन द स्पॉट निराकरण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता उपेंद्र पंडित, दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार , डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, गोपनीय प्रभारी श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, वरीय उपसमाहर्ता मेराज जमील, जिला कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दाउदनगर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनायी गयी महावीर जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना में गुरुवार को महावीर जयंती मनाई गई। दिगंबर और श्वेतांबर जैन समाज द्वारा शोभा यात्रा भी निकाली गई। पटना जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा श्री जैन श्वेतांबर मंदिर नागेश्वर कॉलोनी, बाकरगंज से यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ठाकुरबाड़ी रोड, नाला रोड, कांग्रेस मैदान दिगंबर जैन मंदिर, राजेंद्र पथ, कदमकुआं, भट्टाचार्य रोड होते हुए एग्जीबिशन रोड स्थित नारायण प्लाजा के चौथे तल पर स्थित ओसवाल भवन पहुंची। वहां भगवान की पंचकल्याणक पूजा, आस्ती और साधर्मी वात्सल्य का कार्यक्रम हुआ। दिगंबर जैन समाज द्वारा मीठापुर जैन मंदिर से यह यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मीठापुर पुल, बुद्ध मार्ग पेट्रोल पंप, इस्कॉन मंदिर, इनकम टैक्स गोलंबर, मौर्यालोक, डाकबंगला चौराहा, एग्जीबिशन रोड चौराहा, भट्टाचार्य रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं होते हुए कांग्रेस मैदान के बगल में जैन मंदिर पहुंची। इसमें गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इस शोभायात्रा की समाप्ति पर कांग्रेस मैदान स्थित जैन मंदिर में भगवान महावीर का 108 कलशों द्वारा अभिषेक, पूजन और आरती हुई।